**2.** फूल के कृषि को ................ कहते हैं।

(क) सेरीकल्चर (ख) एपीकल्चर

(ग) फ्लोरी कल्चर (घ) कोई नहीं

The practice of flowers cultivation is known as …………….

(A)Sericulture B) Apicilturer

(C) Floriculture (D) None of these

**3.** निम्नलिखित नगरों में कौन सा नगर नदी के तट पर स्थित नहीं है?

(क)आगरा (ख)पटना

(ग)भोपाल (घ)कोलकता

Which of the following twons is not situated on the bank of a river?

(A)Agra (B)Patna

(C)Bhopal (D)Kolkata

**4.** दक्षिण अमेरिका के शीतोष्ण घास के क्षेत्र कहलाते है

(क)प्रेयरीज (ख)पम्पाज

(ग)डाउंस (घ)स्टेपीज

The temperate grassland of South America iscalled ?

(A) Praries (B)Pampas

(C) Downs (D)Steppes

**5.** विश्व का सबसे अधिक कपास उत्पादक देश है

(क)मिश्र (ख)भारत

(ग)चीन (घ)संयुक्त राज्य अमेरिका

World’s largest cotton producer country is:

(A) Egypt B) India

(C) China (D) UnitedStates ofAmerica

**6.** निम्नलिखित नगरों में कौन सा "भारत का पिद्रसबर्ग कहलाता है

(क)राउरकेला (ख)जमशेदपुर

(ग)दुर्गापुर (घ)भिलाई

Which one of the following cityis called “Pittusbergof India”?

(A)Rourkela (B)Jamshedpur

(C) Durgapur (D) Bhilai

**7.** निम्नलिखित में से किस क्षेत्रों से एस्किमो संबंधित है:

(क)मैक्सिको (ख)चीन

(ग)ब्राजील (घ)अलास्का

Eskimo is found in which of the following belong?

(A)Mexico (B)China

(C) Brazil (D) Alaska

**8.** भारत के निम्नलिखित बंदरगाहों में से कौन सा ओडिसा तट पर अवस्थित है?

(क)हल्दिया (ख)पाराद्वीप

(ग)मुंबई (घ)विशाखपट्टनम

Which one of the following ports of India is located on the caost of Odissa?

(A) Haldia (B) Paradeep

(C) Mumbai (D) Vishakapatnam

9.निम्नलिखित में किस देश की जनसंख्या सबसे अधिक है?

(क)संयुक्त राज्य अमेरिका (ख)ब्राजील

(ग)बंगलादेश (घ)इंडोनेशिया

which one of the following countries has the highest population?

(A) Unilted States of America (B) Brazil

(C) Bangladesh (D) Indonesia

10.निम्नलिखित में से किसे मानव भूगोल का जनक कहा जाता है?

(क)हम्बोल्ट (ख)रिटर

(C)रैटजेल (D)ब्लाश

which among the following is called the 'father of human gergraphy'?

(A) Humboldt (B) Ritter

(C) Ratzel (D) Blache

11.निम्नलिखित में से कौन सा नहीं है : –

(क) पिट्सवर्ग – लौह–इस्पात (ख) बाकारो –लौह–इस्पात

(ग) कैलिफोर्निया–लौह–इस्पात (घ) इनमें से कोई नहीं

Which is not true ?

(A)Pittsburg – Iron & Steel (B) Bokaro – Iron & Steel

(C) Calofornia – Iron & Steel (D)None of these

12. किस वर्ष की जनगणना को जनसंख्या की महान विभाजक वर्ष कहते है?

(क)1921 (ख)1931

(ग)1941 (घ)1951

In terms of population which census year is called great divide year?

(A)1921 (B)1931

(C)1941 (D)1951

13. निम्नलिखित में से किसमें कहवा, चाय व रबड़ जैसी फसलें उगाई जाती है

(क)निर्वाह कृषि (ख)बागानी कृषि

(ग)मिश्रित (घ)वाणिज्य कृषि

Crops like coffee, tea and rubber are cultivated in :

(A) Intensive agrirulture (B) Plantation agriculture

(C) Mixed Farmaing (D)Commercial Farming

14.2011की जनगणना के अनुसार भारत का लिंगानुपात है?

(क)950 (ख)930

(ग)940 (घ)960

As per 2011 census India's sex Ratio is _

(A) 950 (B) 930

(C) 940 (D) 960

15.भारत के किस शहर में हीरा तराशने का कार्य प्रमुख उद्योग है ?

(क)सूरत (ख) कानपुर

(ग) राँची (घ) भोपाल

In which city of India Diamond cuttingis a major industry?

(A)Surat (B) Kanpur

(C) Ranchi (D) Bhopal

16. तृतीय क्रियाकलाप से संबंधित है–

(क)व्यापार (ख)परिवहन

(ग)संचार और सेवाएँ (घ)इनमें से सभी

Tertiary sector is related to

(a) Trade (b)Transport

(c) Communication and services (d) All of these

17. संसार के निम्नलिखित प्रदेशों में से किसमें कुत्तों एवं रेडियर को भारवाहक के रूप में प्रयोग किया जाता है

(क)सवाना प्रदेश (ख)मरूस्थल प्रदेश

(ग)पर्वतीय प्रदेश (घ)टुंड्रा प्रदेश

Dogs and Reindeer are used as packanimals

(a) Savanna Region (b) Desert Region

(c) Mountainous Region (d) Tundra Region

18.साईबेरियन रेलमार्ग ........... में स्थित है।

(क) यूरोप (ख) एशिया

(ग) अफ्रका (घ) आस्ट्रिेलिया

Trans Siberian Railway is located in ………..

(a) Europe (b) Asia

(c) Africa (d) Australia

19.बिहार में अति जलदोहन से किस तत्व का संकेंद्रण बढा है

(क)फ्लोराइड (ख)क्लोराइड

(ग) आर्सेनिक (घ)लोहा

Over exploitation of ground water in Bihar has led to increase in concentration of ?

(a) Floride (b) Cloride

(c) Arsenic (d) Iron

20.बादामपहाड़ किस खनिज के लिए प्रसिद्ध है –

(क)कोयला (ख)लोहा

(ग)ताँबा (घ)मैगनीज

Badampahar is famous for which mineral?

(a) Coal (b) Iron

(c) Copper (d) Manganese

21.राउरकेला इस्पात संयंत्र किस देश के सहयोग से स्थापित किया गया था?

(क)रूस (ख)यूनाइटेड

(ग)जर्मनी (घ)इसमें से कोई नहीं

Raurkela steel plant has been established in collaboration with-

(a) Russia (b) United Kingdom

(c) Germany (d) None of these

22.'भील'जनजाती समुदाय निवासी है (क) मध्यप्रदेश (ख)अरूणाचल प्रदेश
(ग)मिजोरम (घ)नागालैंड़

'Bheel' tribal community is the inhabitants of :-
(a) Madhypradesh (b) Arunachal Pradesh
(c) Mizoram (d) Nagaland

23.उत्तर–दक्षिण गलियारा जोड़ता है
(क)लेह– कन्याकुमारी (ख)पठानकोट –त्रिवेन्द्रम
(ग)श्रीनगर–कन्याकुमारी (घ)श्रीनगर–त्रिवेन्द्रम

The north-south corridor connects:-
(a) Leh- Kanyakumari (b)Pathankot-Trevendrum
(c) Srinagar- Kanyakumari (d)Srinagar- Trevendrum

24.निम्नलिखित में से कौन सा भारत का सबसे बडा़ व्यापारिक साझेदार है –
(क)चीन (ख)संयुक्तअरब अमीरात
(ग)संयुक्त राज्य अमेरिका (घ) सउदी अरब

Which of the following is the largest trade partner of India?
(a) China (b) United Arab Emirates
(c)United States (d) Saudi Arabia

25.ध्वनि प्रदूषण का मापन होता है
(क)ओम मीटर (ख)एम्पीयर
(ग)बैकरल (घ)डेसीबल

Noise pollution is measured in terms of :
(a) Ohm meter (b) Ampere
(c) Bacquerel (d) Decibel

26.WTOका अर्थ है –
(क)विश्व पर्यटन संगठन (ख)विश्व टॉल संगठन
(ग)विश्व व्यापार संगठन (घ)इनमें से कोई नहीं

WTO stands for:-
(a) World Tour organisation (b) World toll organization
(c) World trade organization (d)None of these

27.ग्रैण्ड ट्रंक सड़क के अन्तर्गत है
(क)NH-1 (ख)NH-2
(ग)क एवं ख दोनों (घ)इनमें से कोई नहीं

Grand Trunk road consists of:
(a)NH-1 (b)NH-2
(c) a& b Both (d) None of the above

28.निम्नलिखित में से कौन सा पत्तन पूर्वी तट पर स्थित है
(क)काण्डला (ख)मुम्बई
(ग)न्यूमंगलौर (घ)चेन्नई

Which of the following port is situated on the eastern coast of India?
(a) Kandla (b) Mumbai
(c) New Mangalore (d) Chennai

भाग –II

SECTION – II

(गैर–वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

(Non-Objective Questions)

खण्ड – ब

Group – B

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

(Short Answer Questions)

प्रश्न संख्या 1 से 12 तक लघु उत्तरीय है। सभी 12 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है। 12 x 2 = 24

Questions no. 1 to 12 are short answer type. Answer all the 12 questions. Each question carries 2 marks 12 x 2 = 24

1. जनसंख्या संघटन से आप क्या समझते है?

   What do you mean by population-composition ?

2. प्रैाधोगिकी पार्क क्या है ? संक्षेप में लिखें ।

   What is Technology Park ?Write in brief?

3. वायु प्रदूषण क्या है इसके प्रमुख स्त्रोतों का उल्लेख करें।

   What is Air Pollution?Write the major sources of it?

4. .जल संसाधनों का संरक्षण जरूरी है क्यों ?

   Water resource conservation is necessary, Why?

5. भारत में पवन उर्जा के विकास पर संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करें।

   Present a short account on the development of wind energy in India?

6. बेंगलूरू भारत का सिलिकन सिटी है, क्यों

   Bangaluru is the silicon city of India, Why?

7. जल परिवहन से क्या लाभ है

   What are the merits of water transport?

8. तृतीय कियाकलापों का वर्णन करें ।

   Describe the tertiary activities.

9. भारत में सिंचाई के कौन–कौन से साधन है?

   What are the sources of irrigation in India?

10. मेट्रो रेलवे क्या है?

    What is the Metro railway?

11. मानव भूगोल के कुछ उपक्षेत्रों के नाम लिखिए।

    Write the name of some sub-area of Human Geography

12. उर्जा के अपांरपरिक स्त्रोत कौन से है?

    What are Non-convetional sources of energy?

खण्ड – स

Group – C

(दीघ्र उत्तरीय प्रश्न)

(Long Answer Questions

प्रश्न संख्या 13 से 15 दीघ्र उत्तरीय है। सभी 3 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक निर्धारित है। 3 x 6 = 18

Questions no. 13 to 15 are long answer type. Answer all the 3 questions. Each question carries 6 marks 3 x 6 = 18

13. भारत में जनसख्या वृद्धि को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन करें तथा इसे नियंत्रित करने का उपाय बताओं ।

Deseribe the various factors a effecting the growth of population in India?Give suggestions to control it.

अथवा

प्रवास क्या है प्रवास के कारण एवं परिणाम की चर्चा करें।

What is migration?Discuss the course and consequences of migration.

14. ग्रामीण एवं नगरीय वस्ती से आप क्या समझते है। उनकी प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए
What do you mean by the rural and urban settlement?Discuss the main features of Indian agriculture.

अथवा

भारतीय कृषि की प्रमुख समस्याओं का वर्णन कीजिए
Describe the main problems of Indian agriculture.

15. भारत के प्रमुख औद्योगिक प्रदेशों का नाम लिखें तथा किसी दो का संक्षेप में वर्णन कीजिए
Write the names of industrial region of India and discuss briefly any two of them.

अथवा

भारत का मानचित्र बनाकर निम्नलिखित को प्रदर्शित करें

(क)चंडीगढ़ (ग)मंगलौर
(ख)मयूरभंज (घ)काकरापारा
(ङ)नोएडा़ (च) जमशेदपुर

Sketch a map of India and show the following:-

(a) Chandigarh (c) Manglore
(b)Mayurbhanj (d)kakrapara
(e)Noida (f) Jamshedpur

उत्तर

Answers

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | B | 8 | B | 15 | A | 22 | A |
| 2 | A | 9 | A | 16 | D | 23 | C |
| 3 | C | 10 | C | 17 | D | 24 | C |
| 4 | B | 11 | D | 18 | B | 25 | D |
| 5 | C | 12 | A | 19 | C | 26 | C |
| 6 | B | 13 | B | 20 | B | 27 | C |
| 7 | D | 14 | C | 21 | C | 28 | D |

Answer

Short Answer Type Questions

1. .जनसंख्या संघटन किसी देश की जनसंख्या की आयु,लिंग,शिक्षा का स्तर, आवास तथा आर्थिक स्तर को प्रदर्शित करती है। जनगणना के समय जनसंख्या के साथ–साथ जनसंख्या संघटन के आँकड़े भी तैयार किये जाते है जिससे देश के लोगों के गुण, अवगुण,ज्ञान का स्तर,कॉशल तथा अन्य विशेषताओं का पता चलता है।साथ ही ये विकास की भावी योजनाओं के निर्माण के लिए मार्गदर्शक तत्व होते हैं।
2. नगरों की सीमाओं पर खुले वातावरण में अभिनव प्रौद्योगिकी से युक्त नए आधुनिक उद्योगो की स्थापना होने लगी है जो वस्तुतः फूलो से धिरे सुगम्य नॅसर्गिक वातावरण में करते हैं। जिन्हें प्रद्योगिकी पार्क कहते हैं।
लंदन, टोकियो और विश्व के अन्य नगरो में इसका विस्तार हो रहा है। भारत में भी इन्हें विकसित किया गया है। नोएडा, मोहाली, लखनऊ इत्यादि सॉफ्टवेयर टेक्नॉलॉजी पार्क हैं।

3. वायुमंडल में विभिन्न प्रकार की गैसे पायी जाती है, वाष्प एवं धुल के कण विद्यमान रहते है जब किन्हीं कारणों से वायुमण्डलीय गैसो का अनुपात बदलने लगता है और कुछ कणीय पदार्थ वायु में मिल जाते है। तो उसका भौतिक संतुलन बिगड़ जाता है जो मनुष्यो जंतुआ, और संपत्ति के लिए हानिकारक होते है। इस स्थिति को वायुप्रदूषण कहा जाता है।
वायुप्रदूषण के प्रमुख स्त्रोत निम्नलिखित हैः–
   i. जीवाश्म ईंधन का दहन
   ii. खनन
   iii. उद्योग

4. जीवन की नितांत आवश्यकताओं में जल सबसे महत्वपूर्ण है। इसलिए कहा गया हैं जल ही जीवन है। जल की कमी नहीं है। परंतु आवश्यकतानुसार उपलब्ध नहीं होता क्योकि इसके संग्रहण पर कम ध्यान दिया जाता है। अतः जल संरक्षण समय की मॉग है। जल संरक्षण की आवश्यकता निन्नलिखित बिंदुओ से भी स्पष्ट होती हैः–
   i. पृथ्वी के कुल 71% धरातल पर उपलब्ध जल में से केवल 3% ही अलवणीय है। साथ ही इसकी उपलब्धता समय और स्थान के अनुसार भिन्न–भिन्न है।
   ii. जनसंख्या में निरंतर वृद्धि के साथ उद्योगों के विकास और कृषि उत्पादन में विकास के लिए जल की मॉग लगातार बढ़ती जा रही है और भविष्य मे बहुत अधिक बढ़ सकती हैं।

5. पवन उर्जा पूर्णरूपेण प्रदूषण मुक्त और उर्जा का असमात्य स्त्रोत हैं। पवन की गतिज उर्जा का टरबाइन के माध्यम से विद्युत उर्जा में बदला जाता हैं।
हमारे देश में पवन उर्जा उत्पाद की संभावित क्षमता 50,000 मेगावाट की हैं। जिसमें से एक–चौथाई उर्जा का आसानी से काम में लाया जा सकता हैं। पवन उर्जा के लिए राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक तथा तमिलनाडु में अनुकुल परिस्थितियाँ विद्यमान हैं। गुजरात के कच्छ में लाम्बा का पवन उर्जा संयंत्र एशिया का सबसे बड़ा संयंत्र हैं।

6. सिलिकन कार्बन के वर्ग की एक अधानु हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स के सभी उपकरण और अवयव–वाल्व, I C या चिप आदि सिलिकन आधार पर ही बनाए जाते हैं जिसमें 90 से 95% सिलिकन ही रहता है।

सिलिकन के अत्याधिक उपयोग के कारण ही इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योगों के संकेद्रण का सिलिकन सिटी कहा जाता है और इस प्रकार के उद्योगों का संकेद्रण भारत के बेंगुलुरू में हैं। इसलिए इसे सिलिकन सिटी से संबोधित किया जाता है।

7. जल परिवहन के निम्नलिखित लाभ हैं–

   i. इसमें सड़क या रेलमार्ग जैसे किसी मार्ग के निर्माण की आवश्यता नहीं पड़ती । समुद्रों की गहराई बड़े से बड़े जलपोत के परिवहन को सुगम बनाती हैं।

   ii. जल परिवहन का खर्च सबसे कम है क्योकि जल का धर्षण जिसे इसकी श्यानता ( Viscosity) कहते हैं बहुत कम है।

8. वैसे क्रियाकलाप जिसमें वस्तुतः किसी वस्तु का निर्माण या उत्पादन नहीं होता, परंतु ज्ञान, कौशल, अनुभव इत्यादि विशेषज्ञता के आधार पर सेवा का मूल्याकन होता हैं,उन्हें तृतीयक क्रियाकलाप कहते हैं। एक नलसाज बिजली मिस्त्री,धोबी, दुकानदार, चालक, अध्यापक, डॉक्टर आदि का काम इनका सामान्य उदाहरण हैं। तृतीयक क्रियाकलाप के निम्नलिखित वर्ग हैः–

   i. व्यापार और वाणिज्य :–थोक एवं खुदरा व्यापार

   ii. परिवहन :–रेलवे, सड़क, जल, वायु

   iii. स्ंचार :– मोबाइल, सिनेमा, रेडियो, टेलीविजन, समाचार पत्र, पत्रिकाएँ

सेवाएँ :– बैंक, बीमा, रियल स्टेट, व्यावसायिक

9. भारत के कुल कृषि क्षेत्र का 30% भाग सिंचाई के अंतगर्त हैं। भारत में सिंचाई के विभिन्न साधन हैं। जिनमे तीन प्रमुख हैं :–

   i. नहरें :– सिंचाई का यह सबसे महत्वपूर्ण साधन है जो स्थायी और बरसाती दो प्रकार के है। भारत की समस्त सिंचित भूमि के 40% भाग पर इसके द्वारा सिंचाई होती हैं। नहरों का अधिक विस्तार उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा में हैं।

   ii. कुए :–इसमें कच्चे कुए, पक्के कुए, नलकूप तीनों शामिल हैं। कुओं द्वारा 48% भूमि सिंचित होती हैं। इसके द्वारा सिंचाई उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और बिहार हैं।

   iii. तालाब :– इसके अंतर्गत कुछ प्राकृतिक और कुछ कृत्रिम हैं। तालाब मुख्यतः पठारी भाग की चट्टानी भूमि पर मिलते है। तालाबों की सबसे अधिक संख्या ऑध्रप्रद्रेश और उसके बाद तामिलनाडु में मिलती हैं।

10. मेट्रो रेलवे भूमि के अंदर विधुत से चलने वाली रेलगाड़ियाँ जिसका परिचालन कोलकाता एवं दिल्ली जैसे महानगरो में होता है। इस प्रकार की रेलगाड़ियाँ प्रदूषण मुक्त, अत्याधुनिक होती है। तथा ये स्वचालित किराया संग्रह, स्वचालित गाड़ियाँ एवं यातायात नियंत्रण प्रणाली से लैस होते हैं।

11. मानव भूगोल का विषय मानव और प्रकृति के बीच की पारस्परिक क्रिया–प्रतिक्रिया है। मानव भूगोल के उपक्षेत्र निम्नलिखित है :–

   (क),व्यावहारिक भूगोल

   (ख),राजनीतिक भूगोल

   (ग),आर्थिक भूगोल

(घ),सामाजिक भूगोल

12. अपरंपरागत उर्जा स्त्रोत, उर्जा के ऐसे स्त्रोत है जो कभी समाप्त न हो और उनसे पर्यावरण भी प्रदूषित होने से बचा रहे। उर्जा के ऐसे स्त्रोतो की खोज की जा चुकी हैं और हम उनका उपयोग भी करने लगे है। ऐसे अपरंपरागत उर्जा स्त्रोत ये हैं :–

i. पवन
ii. समुद्री ज्वार
iii. सूर्य
iv. भूताप
v. जैव पदार्थ
vi. गोबर
vii. शहरी कूड़े–कचरे
viii. मल–मुत्र

## दीघ्र उत्तरीय प्रश्न के उत्तर
## (Long Answer Type Question Answer)

13. भारत में जनसंख्या वृद्धि के निम्न कारक उत्तरदायी है

i. भारत में तीव्र जनसंख्या वृद्धि का मूल कारण मृत्युदर पर नियंत्रण स्थापित होना है।
ii. जन्मदर में ह्यस या कमी।
iii. चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार।
iv. अकालों पर नियंत्रण।
v. आर्थिक विकास तथा जीवन स्तर में सुधार।
vi. शिक्षा के स्तर में कमी खासकर महिला शिक्षा ।
vii. परिवार नियोजन।
viii. कम उम्र में विवाह।
ix. धार्मिक सामाजिक कारक–पुरूष बच्चों की चाह।

नियंत्रण के उपाय

i. परिवार नियोजन का सफलतापूर्वक कार्यान्वयन।
ii. शिक्षा एवं संतुलित आहार योजनाओं में वृद्धि।
iii. रोजगार के अधिकत्तम अवसरों की उपलब्धता।
iv. सतत् आर्थिक विकास, सामाजिक विकास और पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकताओं के साथ–साथ जनसंख्या का स्थिरीकरण।
v. प्रजनन दर को 2 प्रतिशत से नीचे लाने का लक्ष्य बनाया जाय।

अथवा

जनसंख्या के किसी एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाकर बसने को प्रवास कहते है। प्रवास में लागों का कुछ दूरी को तय करना तथा उनके आवास में परिवर्तन अनिवार्य है।

प्रवास कई कारणों से होता है जैसेः–

i. आजीविका– गॉव से नगर प्रवास का एक बड़ा कारण रोजगार है, नगरों में उद्योग,

परिवहन, व्यापार आदि के क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध होता फलस्वरूप गॉव से नगर की ओर लोग प्रवास करते है।

ii. विवाहः– स्त्री जनसंख्या का प्रवास विवाह जैसी सामाजिक कारकों के कारण होती हैं।

iii. शिक्षाः– ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा का आभाव के फलस्वरूप प्रवास।

iv. धार्मिक कारणः– धार्मिक स्वतंत्रता की भावना भी प्रवास को बढ़वादेती है। बड़ी संख्या में "पिलग्रिमफादर्स" का अटलांटिक महासागर के दूसरे छोर पर प्रवास इसका उदाहरण है।

v. कृषि भूमि की प्राप्तिः– 19वीं शताब्दी में अन्तर्राष्ट्रीय प्रवास का मुख्य कारण बाहरी प्रदेशों में कृषि भूमि की प्राप्ति थी।

vi. राजनैतिक कारणः– कई अफ्रकी देशों में गृह युद्ध के कारण रवांडा, बुरूंडी, सोमालिया से पड़ोसी देशों में स्थानांतरण बड़े पैमाने पर जारी हैं।

vii. जातीय दंगाः– इसके कारण लोगों को अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर प्रवास करते हैं।

<u>प्रवास के परिणाम</u>

i. आर्थिक लाभ की प्राप्तिः– जैसे– अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासियों द्वारा भेजी गई विदेशी मुद्रा विनिमय का प्रमुख स्त्रोत है।
वर्तमान में विदेशों से हुंडी प्राप्तकर्ता के रूप में भारत का पहला स्थान है।

ii. मलिन बस्तियों का विकासः– महानगरों की और अनियमित प्रवास से भीड़–भाड़ तथा मलिन बस्तियों की समस्या पैदा होती है।

iii. प्रवासी लोग सामाजिक परिवर्तन के अच्छे माध्यम होते है।

iv. प्रवासी से सांस्कृति मिश्रण होता है जिससे संकीर्ण विचार दूर होते है।

v. गुमनामी पैदा होती है जो व्यक्तियों में अपराध और औषध दुरूपयोग (Drug Abuse) जैसी असामाजिक क्रियाओं के दलदल में फॅसने के लिए प्रेरित करती है।

vi. प्रवासी भीड़–भाड़ से जल की कमी , प्रदूषण, वाहित मल के निपटान तथा ठोस कचरे के प्रबंधन जैसी अनेको गंभीर समस्याएँ पैदा हो जाती ळें

14. 13. ग्रामीण एवं नगरीय बस्ती के अन्तर को निम्न तालिका से स्पष्ट किया जा सकता है।

| ग्रामीण बस्तियाँ | नगरीय बस्तियाँ |
|---|---|

| | |
|---|---|
| i. ग्रामीण बस्ती में रहने वाले लोग कृषि, पशुपालन, मछलीपालन जैसे प्राथमिक कार्य में लोग होते है। | i. नगरीय बस्ती में रहने वाले लोग उद्योग, व्यापार, वाणिज्य, यातायात तथा सेवाएं जैसे द्वितीयक एवं तृतीयक कार्य में लोग होते है। |
| ii. इनका आकार छोटा होता है। | ii. इनका आकार बड़ा होता है। |
| iii. इनकी जनसंख्या कम 50–1000 व्यक्ति वाली होती है। | iii. इनकी जनसंख्या 5000 से अधिक होती है। |
| iv. इसमें जनघनत्व कम होती है। | iv. इनमें जनघनत्व 400 व्यक्ति प्रति किलोमीटर होता है। |
| v. इनमें आधुनिक सुविधाएं कम होती है। | v. आधुनिक सुविधाएं ज्यादा होती है। |
| vi. इनमें बाजार एवं उद्योगों की कमी होती है। | vi. इनमें बाजारों एवं उद्योगों की सुविधा होती है। |

प्रमुख विशेषताः–

i. मानव बस्ती में सामाजिक प्राणी की भाँति जीवन–यापन करता है तथा आपस में विचारों और वस्तुओं का अदान–प्रदान करता है।
ii. बस्ती में गृह या भवन प्रथम इकाई होता है।
iii. बस्ती में सड़के पगडंडियाँ तथा आवश्यकता के अन्य साधन पाये जाते है । जैसे– सभाभवन, विद्यालय भवन, शिवालय एवं अन्य पुजास्थल।
iv. ग्रामीण बस्ती अनियोजित जबकि नगरीय बस्ती नियोजित या अर्द्धनियोजित होती है।
v. नगरीय बस्तियाँ रैखिक, वर्गाकार या अर्द्धचन्द्राकार आकृति की हो सकती है।
vi. नगरीय बस्तियों की स्थिति जल, गृहनिर्माण, सामाग्री एवं परिवहन साधन उपलब्धता पर निर्भर करती है।

<u>अथवा</u>

भारतीय कृषि की भिन्न प्रमुख समस्याएँ हैः–

i. अनियमित मॉनसून पर निर्भरता– भारत में केवल एक तिहाई भाग को ही सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है और शेष दो–तिहाई भाग को वर्षा पर ही निर्भर रहना पड़ता है।
ii. निम्न उत्पादकताः– फसलों की उत्पादकता दूसरों देशों की तुलना में कम है।
iii. ऋणग्रस्तता तथा वित्तीय संसाधनों की कमी–कृषि से कम होती आय तथा फसलों के खराब होने से वे कर्ज के जाल में फस जाते है। वर्तमान में किसानों को आत्महत्या करने पर बाध्य भी किया है।
iv. भूमि सुधारों की कमीः– जमींदारी प्रथा किसानों के लिए शोषणकारी रही है इसे आज भी तमाम योजनाओं के बाद कमजोर राजनीतिक इच्छा शक्ति के कारण सुधारा नहीं जा सका है।
v. छोटे खेत तथा विखंडित जोतः– 1970–71 में जोत का आकार 2.28 हेक्टेयर था जो

वर्तमान में लगातार घटते हुए 0.5 हेक्टेयर रह गया है प्रति परिवार जमीन का आकार छोटा होने का मूल कारण

a. जनसंख्या वृद्धि
b. चकबंदी के लिए विशेष प्रयास का न होना
विखंडित व छोटे भूजोत आर्थिक दृष्टि से लाभकारी नहीं है।

vi. वाणिज्यीकरण का आभावः– बाजार में बेचने के लिए किसान अपने उत्पादन को बचा नही पाता जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति कमजोर रहती है।

vii. व्यापक अल्प रोजगारी (छिपी हुई बेरोजगारी):– कृषि क्षेत्रों में बुआई और कटाई के समय रोजगार मिलता है अर्थात शेष वर्ष के 4–8 माह बेरोजगारी रहती है।

viii. कृषि योग्य भूमि का निम्नीकरणः– अतिसिंचाई के कारण जलाक्रांतता, लवणता, रेह, कल्लर, मृदा क्षरण जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

भारत में औद्योगिक वितरण असमान है तथा कुछ क्षेत्रों में अधिक औधोगिक विकास के कारण एक औधोगिक समूह बन जाता है जो एक औधोगिक प्रदेश कहलाता है। भारत में ऐसे 8 औधोगिक प्रदेश है जो भिन्न हैः–

i. मुम्बई–पुणे औधोगिक प्रदेश
ii. हुगली प्रदेश
iii. बंगलौर–तमिलनाडू प्रदेश
iv. गुजरात प्रदेश
v. छोटानागपुर प्रदेश
vi. विशाखापत्तनम–गुंटूर प्रदेश
vii. गुडगॉव–दिल्ली–मेरठ प्रदेश
viii. कोल्लम–तिरूवनंतपुरम प्रदेश


1. मुम्बई–पुणे औधोगिक प्रदेशः– यह प्रदेश ठाणे से पूणे तथा नासिक और शोलापुर के निकटवर्ती जिलों में विस्तृत है। इस क्षेत्र में सूती वस्त्र के अतिरिक्त, पेट्रोलियम परिष्करण, पेट्रोरसायन, चमड़ा, कृत्रिम तथा प्लास्टिक वस्तुएँ, रसायन औषधियाँ उर्वरक, बिजली के सामान, जलयान निमार्ण, इलेक्ट्रॉनिक्स, सॉफ्टवेयर, परिवहन उपकरण, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग आदि प्रमुख है। भारत का हॉलीवुड–मुम्बई विश्व प्रसिद्ध है।
इस औधोगिक क्षेत्र के विकास के कई कारण हैः–
   i. काली मिट्टी क्षेत्र के कारण–सूती वस्त्र उधोग का विकास
   ii. रेल, सड़क, समुद्रीमार्ग तथा वायुमार्ग का विकास
   iii. पश्चिमी घाट से जलविधुत की सुविधा
   iv. सस्ता एवं कुशल श्रमिक की उपलब्धता

2. हुगली औधोगिक प्रदेशः– यह हुगली नदी के दोनों किनारों पर उत्तर में बांसबेरिया से दक्षिण में बिड़लानगर तक 100 कि0मी0 की दूरी में विस्तृत है, "कोलकत्ता" औधोगिक केन्द्र

है। यहाँ उद्योगों में जूट, सूती वस्त्र, इंजीनियरिंग, बिजली का सामान, रसायन, औषधियाँ उर्वरक, पेट्रोलियम परिष्करणशाला प्रसिद्ध है। इस उद्योग के विकास के भिन्न कारण है

i. कच्चा माल स्थानीय है
ii. दामोदर से जलविधुत है
iii. सस्ते श्रमिक
iv. कोलकाता प्रमुख बंदरगाह आदि है।

Map




**Model Set - 4**

समयः 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांकः 70
Time: 3 Hours 15 Minute] [Marks: 70

परीक्षार्थी के लिए निर्देशः

Instruction to the candidate:

10. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

11. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

Figure in the right hand margin indicate full marks.

12. परीक्षार्थी प्रत्येक उत्तर के साथ भाग संख्या, याण्ड संख्या और प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।

Write Section number, Group number and Question number with every answer.

निर्देशः इस प्रश्न पत्र में दो भाग हैं, भाग –I एवं भाग –II। भाग –I में खण्ड – अ तथा भाग –II में खण्ड – ब तथा खण्ड – स है।

भाग –I: भाग –I के खण्ड – ब के प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के हैं। इस खण्ड के प्रश्न संख्या 1 से 28 के प्रत्येक 1 अंक का है। सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

भाग –II: भाग –II के सभी प्रश्न गैर–वस्तुनिष्ठ है। भाग –II के खण्ड – ब के प्रश्न लघु उत्तरीय प्रकार के हैं। सभी 12 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। भाग –II के खण्ड – स के प्रश्न दीर्घ उत्तरीय प्रकार के हैं। सभी 3 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है।

Instruction: This paper consists of two Sections, Section – I & II. Section – I consists of Group – A and Section – II consists of Group – B & Group – C.

Section – I: Group A of Section –I are Objective Type questions. In this group question No. 1 to 28 carry 1 mark each. Answer all questions.

Section – II: All question – Section – II are Non=Objective Type. Group –B of Section – B are Short Type Questions. Answer all the 12 questions. Each question carries 2 marks. Group – C of Section – II are Long Type Questions. Answer all 3 questions. Each question carries 6 marks.

भाग – 1

SECTION – 1

खण्ड – अ

Group – A

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

(Objective Questions)

IV. निमनलिखित प्रश्न संख्या 1 से 28 में चार विकल्पों में एक सही है। आपको सही विकल्प चुनना हैः 28 x 1 = 28

From questions no. 1 to 28 there are four options of which one is correct. In each question you have to choose the correct option: 28 x 1 = 28

1. राष्ट्रीय राजमार्ग नं0 3 किन्हें मिलाता हैः

(क) आगरा को मुंबई से (ख) चेन्नई को मुम्बई से(ग) चेन्नई को कोलकत्ता से (घ) मुम्बई को कोलकता से

The national highway No.3 joins

(a)Agra with Mumbai (b) Chennai with Mumbai

(c) Chennai with Kolkata (d) Mumbai with Kolkata

2.अजमेर नगर किसलिए प्रसिद्व हैः

(क) औद्योगिक (ख) घार्मिक

(ग) शैक्षणिक (घ) इनमें से कोई नहीं

Ajmer town is famous for

(a) Industrial (b) Religious

(c) Educational (d) None of these

3.भूटिया जनजाति का संबंधहैः

(क) तमिलनाडु (ख) मध्यप्रदेश

(ग) कर्नाटक (घ) उत्तराखण्ड

Bhutia tribe is related to:

(a) Tamilnadu (b) Madhya Pradesh

(c) Karnataka (d) Uttarakhand

4. मैक्सिको मे स्थानांतरित कृषि की प्रथा को ................ कहते है।

(क) रोका (ख) मिल्पा

(ग) लादांग (घ) झूम

The practice of shifting cultivation is called ………….in Mexico

(a) Roca (b)Milpa

(c) Ladang (d) Jhum

5. 2011 की जनगणना के अनुसार बिहार का लिंगानुपात ............. है।

(क) 893 (ख) 925

(ग) 916 (घ) 947

As per 2011 census Bihar's sex Ratio is .........

(a) 893 (b) 925

(c) 916 (d) 947

6. गेहूँ किस प्रकार की जलवायु का पौधा है?

(क) उष्ण (ख) उष्ण – आर्द्र

(ग) शीतोष्ण (घ) उष्ण – शुष्क

Wheat is the plant of which type of climate?

(a) Tropical (b) Warm humid

(c) Temperate (d) Warm dry

7. कोडरमा किस लिए प्रसिद्व है:

(क) लोहा (ख) अभ्रक

(ग) बॉक्साइट (घ) ताँबा

Kodarma is famous for---

(a) Iron (b) Mica

(c)Bauxite (d) Copper

8. भारत के निम्नलिखित बंदरगाहो में से कौन सा मालाबार तट पर अवस्थित है?

(क) चेन्नई (ख) हल्दिया

(ग) पाराद्वीप (घ) कोच्चि

Which one of the following ports of India is located on Malabar coast?

(a) Chennai (c) Paradeep

(b) Haldia (d) Kochi

9. आस्ट्रेलिया के शीतोष्ण घास के क्षेत्र कहलाते है:

(क) प्रेयरीज (ख) पम्पाज

(ग) डाउंस (घ) स्टेपीज

The temperate grassland of Australia are called:

(a) Prairies (b) Pampas

(c) Downs (d) Steppes

10. पारिस्थितिकीय तंत्र के दो संघटक होते है जो है:

(क) पशु व पादप (ख) वृक्ष व खरपतवार

(ग) मेंढक व मानव (घ) अजीव व जीव

Ecosystem has two components which are

(a) Animals (b)Trees and weeds

(c) Frogs and men (d) Abiotic and biotic

11. किस विचार धारा संप्रदाय ने सर्वप्रथम संभववाद विकसित किया ?

(क) भूगोल का जर्मन संप्रदाय (ख) भूगोल का रशियन संप्रदाय

(ग) भूगोल का फ्रांसीसी संप्रदाय(घ) भूगोल का ब्रिटिश संप्रदाय

Which one of the schools of thought first developed possibilism?

(a) German school of Geography

(b) Russian school of Geography

(c) French school of Geography

(d) British school of Geography

12. निम्नलिखित देशों में से किसमें जनसंख्या का घनत्व सबसे अधिक है ?

(क) बंगलादेश (ख) पाकिस्तान

(ग) श्रीलंका (घ) भारत

Which one of the following countries has the highest density of population ?

(a) Bangladesh (b) Pakistan

(c) Sri Lanka (d) India

13. किन देशो में आयु–लिंग पिरामिड का आधार विस्तृत और शिखर संकीर्ण होता है?

(क) विकसित देश (ख) विकासशील देश

(ग) अल्प विकसित देश (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In which country the base of the age-sex pyramid is broad and apex is narrow in

(a) Developed countries (b) Developing countries

(c) under developed countries(d) None of the above

14. निम्न आयु समूह में जनसंख्या का आकार उन देशों मे बड़ा होता है जहाँः

(क) जन्मदर उच्च है (ख) जन्मदर निम्न है

(ग) मृत्युदर उच्च है (घ) मृत्युदर निम्न है

The size of population in lower age group is larger in countries where

(a) Birth rate is high (b) Birth rate is low

(c) Death rate is high (d) Death rate is low

15. विनिर्माण शब्द निम्नलिखित में से किस प्रकार के कियाकलाप से संबंधित हैं:–

(क).प्राथमिक (ख).द्वितीय (ग).तृतीय (घ).चतुर्थ

Which one following types of activities are related to word Manufacturing?

(A.) Primary (B.) Secondary (C.) Tertiary (D.) Quaternary

16. सर्वाधिक सड़क घनत्व और सबसे अधिक वाहनो की संख्या निम्नलिखित में से किस महादेश में है :–

(क).उत्तरी अमेरिका (ख).यूरोप (ग).अफ्रीका (घ).आस्ट्रेलिया

Which one of the following continent has largest road density and number of vehicles?

A. North America B. Europe C. Africa D. Australia

17.माराकाइबो पत्तन निम्न में से किस देश में अवस्थित है :–

(क).वेनेज्वेला (ख).ईरान (ग).जापान (घ).कनाडा

Maracaibo port is situated in which of the following country:-

A. Veneguela B. Iran C. Japan D. Canada

18. वाल्टर बरली ग्रिफिन ने 1912 में आस्ट्रेलिया के किस नगर की योजना बनाई ।

(क) कैनबेरा (ख) सिडनी
(ग) मेलबोर्न (ध) इनमें से कोई नहीं

Which city of Australia is planned by WALTER BERLY GRIFFIN in 1912.

(a) Canbera (b) Sydney
(c) Melbourne (d) None of these

19. रॉलेगन सिद्धी किस राज्य में है

(क) कर्नाटक (ख) महाराष्ट्र
(ग) तामिलनाडु (ध) आंध्रप्रदेश

In Which state Rolegan siddhi is.

(a)Karnataka (b)Maharashtra
(c) Tamil Nadu (d)Andhra Pradesh

20. सेवा क्षेत्र में सम्मिलित है :–

(क) तृतीयक कियाकलाप (ख) चतुर्थ कियाकलाप
(ग) पंचम कियाकलाप (ध) उपरोक्त सभी

Service sector is included in:-

(a)Tertiary Activities(b)Quaternary Activities
(c)Quinary Activities (d)All of them

21. भारत में कोयला निक्षेप का लगभग 80 प्रतिशत भाग किस प्रकार का है

(क) बिटुमिन्स (ख) एन्थ्रासाइट
(ग) लिग्नाइट (ध) पीट

About 80% of India's coal reserves is of which type?

(a)Bituminious(b)Anthracite
(c) Lignite (d) Peat

22. पेट्रो रसायन उद्योग के लिए निम्नलिखित में से कौन सा कच्चा माल है

(क) लोहा (ख) कोयला
(ग) पेट्रोल (ध) बॉक्साइट

Which one of the following is the raw material for Petro-Chemical industry?

a) Iron (c) Petrol
(b)Coal (d) Bauxite

23. इन्दिरा गांधी नहर कमान क्षेत्र में सतत पोषणीय विकास के लिए इनमें से सबसे महत्वपूर्ण कारक है

(क) कृषि विकास (ख) परिवहन विकास
(ग) पारितंत्र विकास (ध) भूमि सुधार

Which of the following is the important factor for sustainable development in Indira Gandhi Canal Area?

(a)Agricultural Development (b)Transportation Development
(c) Ecosystem Development (d) Land improvement

24. वर्तमान समय में इंडियन एयरलाइन्स को किस नाम से जाना जाता है?

(क) एयरलाइंस (ख) इंडियन
(ग) एयरवेज (ध) इनमें से कोई नहीं

In recent time Indian Airlines is known as of which name?

(a)Airlines (b)Indian
(c)Airways (d)None of these

25. बिहार निम्नलिखित में से किस पत्तन का पृष्ठ प्रदेश है
(क) मुंबई (ख) कोलकाता
(ग) पारादीप (ध) मार्मागाओ

Bihar is the hinterland of which of the following ports?
(a)Mumbai (b)Kolkata
(c)Paradeep (d) Marmagao

26. झाबुआ जिला किस राज्य में है
(क) मध्य प्रदेश (ख) उत्तर प्रदेश
(ग) झारखण्ड (ध) इनमें से कोई नहीं

Jhabua district is in which state?
(a)Madhya Pradesh (b) Uttar Pradesh
(c)Jharkhand (d)None of these

27.परमाणु ऊर्जा आयोग की स्थापना कब हुई?
(क) 1948 (ख) 1954
(ग) 1962 (ध) 1950

When was Atomic energy commission established?
(a)1948 (b)1954
(c)1962 (d)1950

28. राइन अंतः स्थलीय जलमार्ग के सिरों के पत्तन निम्नलिखित में से कौन से है
(क) डसेलडॉर्फ और बेसल (ख) बेसल और लग्जमबर्ग
(ग) बेसल और रॉटरडैम (ध) रॉटरडैम और लग्जमबर्ग

Which one of the following are the terminal ports of Rhine inland waterways:-
(a)Dusseldorf and Basel (b)Basel and Luxembeurg
(c) Basel and Rotterdam (d) Rotterdam and Luxembeurg

भाग –II

SECTION – II

(गैर–वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

(Non-Objective Questions)

खण्ड – ब

Group – B

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

(Short Answer Questions)

प्रश्न संख्या 1 से 12 तक लघु उत्तरीय है। सभी 12 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है। 12 x 2 = 24

Questions no. 1 to 12 are short answer type. Answer all the 12 questions. Each question carries 2 marks 12 x 2 = 24

1. जनसंख्या की प्राकृतिक वृद्धि को परिभाषित करें ।

Define Natural growth of Population.

2. जनसंख्या की धनात्मक वृद्धि तथा जनसंख्या की ऋृणात्मक वृद्धि से आप क्या समझते है ?

What do you understand by Positive growth of Population and Negative growth of Population.

3. लौह अयस्क के प्रकारों को लिखें ?

Write the types of Iron ore.

4. धात्विक और अधात्विक खनिज में अंतर स्पष्ट करें

What is the difference between Metallic and Non metallic minerals.

5. गंदी बस्तियों की समस्याओं को लिखें ।

Write the Problem of Slums.

6. बोकारों एवं पुणे शहर के महत्व का उल्लेख करें

Mention the importance of Bokaro and Pune.

7. जूट की खेती के लिए आदर्श परिस्थितियाँ क्या होनी चाहिए ?

What Should be the ideal conditions for jute cultivation?

8. भारतीय कृषि की प्रमुख समस्याओं को लिखें ।

Write the important problems of Indian agriculture.

9. संचार तंत्र के महत्व को लिखें ।

Write the importance of communication Network.

10. व्यापार संतुलन से क्या ताप्पर्य है ?

What is meant by balance of trade?

11. कुटीर उद्योग एवं लधु उद्योग में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

Differentiate clearly between cottage industry and small industry.

12. भारत का सबसे बड़ा तथा सबसे छोटा रेलवे क्षेत्रों का नाम लिखें।

Write the largest and smallest Railway zone of India.

खण्ड – स

Group – C

(दीघ्र उत्तरीय प्रश्न)

(Long Answer Questions

प्रश्न संख्या 13 से 15 दीघ्र उत्तरीय है। सभी 3 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक निर्धारित है। 3 x 6 = 18

Questions no. 13 to 15 are long answer type. Answer all the 3 questions. Each question carries 6 marks 3 x 6 = 18

13. भूराजस्व अभिलेख के अनुसार भूमि उपयोग का वर्गीकरण कीजिए ।

Classify the land use on the basis of land Revenue Record.

अथवा (Or)

भारत में जलविधुत कि महत्व की चर्चा कीजिए।

Discuss the importance of hydro-electricity in India.

14. भारत में औद्योगिक विकास कि प्रमुख समस्याओं का उल्लेख किजिए

अथवा (Or)

भारत में रेल परिवहन का महत्व एवं इनकी प्रमुख समस्याओं का वर्णन किजिए ।

Discuss the importance and its main problems of Railway transport in India.

15. ध्वनि प्रदुषण क्या है ? इसके स्त्रोत प्रभाव और नियंत्रण के उपाय कि चर्चा किजिए

भारत का मानचित्र बनाकर निम्नलिखित को प्रदार्शित करें :–

(क) धनबाद (ग) कलपक्कम
(ख) कोयली (ध) मनिपाल
(ङ) गुवाहाटी (च) मुंबई

अथवा (Or)

Draw the Indian map and show the following

(a) Dhanbad (d) Manipal
(b) Koyali (e) Guwahati
(c) Kalpakkam (f) Mumbai

उत्तरमाला

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | A | 8. | D | 15. | B | 22. | C |
| 2. | B | 9. | C | 16. | A | 23. | C |
| 3. | D | 10. | D | 17. | A | 24. | B |
| 4. | B | 11. | C | 18. | A | 25. | B |
| 5. | C | 12. | A | 19. | B | 26. | A |
| 6. | C | 13. | B | 20. | D | 27. | A |
| 7. | B | 14. | D | 21. | A | 28. | C |

लघु उत्तरीय प्रश्न के उत्तर

Answer Short Type Questions

1. किसी क्षेत्र विशेष में दो समय अंतरालों में जन्म और मृत्यु के अंतर से बढ़ने वाली जनसख्या को उस क्षेत्र की प्राकृतिक वृद्धि कहते है ।
जनसंख्या की प्राकृतिक वृद्धि दर ज्ञात करने का सूत्र है –प्राकृतिक वृद्धि = कुल जन्म – कुल मृत्यु ।

2. जनसख्या की धनात्मक वृद्धि तब होती है जब दो समय अंतरालों के बीच जन्म दर मुत्यु दर से अधिक हो या जब अन्य देशों से लोग स्थायी रूप से उस देश में प्रवास कर जाएँ। यदि दो समय अंतराल के बीच जनसंख्या कम हो जाए तो उसे जनसंख्या की ऋणात्मक वृद्धि कहतें है। यह तब होती है जब जन्म दर मृत्यु दर से कम हो जाए अथवा लोग अन्य देशों में प्रवास कर जाएँ ।

3. लौह अयस्क चार प्रकार का होता है ¯:–
   1. हेमेटाइट
   2. मैगनेटाइट
   3. सिडेराइट
   4. लिमोनाइट

4. धात्विक और अधात्विक खनिज में निम्नलिखित अंतर है :–

| धात्विक खनिज | अधत्विक खनिज |
|---|---|
| | |

| | |
|---|---|
| 1. तोड़ने–गलाने पर धातु प्राप्त होता है। 2.ये कठोर और चमकीले होते है। 3.इसे पिघलाया जा सकता है । 4. पीटने पर टूटता नही है। 5. यह मुख्यतः अग्नेय चट्टानों से प्राप्त किया जाता है। | 1. गलाने पर या तोड़ने पर धातु प्राप्त नही होता है। 2. इसमें चमक नही होती है। 3. इसे पिघलाया नही जा सकता है। 4. पीटने पर टूट कर चूर चूर हो जाता है। 5. यह मुख्यतः परतदार चट्टानों से प्राप्त किया जाता है। |

5. झुग्गी –झोपड़ियों तथा रद्दी मकानो के गहन समूह को मलिन / गंदी बस्तियाँ कहतें है। इसकी प्रमुख समस्याएँ निम्न है :–
   1. घोर गरीबी
   2. जीर्ण–शीर्ण मकान
   3. स्वास्थ्य की न्यूनतम सुविधाएँ
   4. खुली हवा का अभाव
   5. पेयजल , शौच व प्रकाश अदि का अभाव

तंग व सँकरी गलियाँ।

6. बोकारो झारखंड का प्रमुख लोहा –इस्पात औद्योगिक नगरी है इसे स्टील सिटी के नाम से पुकारा जाता है। पुणे महाराष्ट्र का प्रमुख शैक्षिणक ऐतिहासिक एवं औद्योगिक नगर है।

7.

जूट की खेती के लिए आदर्श परिस्थितियाँ निम्न है :–
   1. तापमान –24 c -35c
   2. वर्षा – 120 से0 मी0 – 150 से0मी0
   3. मिट्टी – जलोढ
   4. भूमि –समतल
   5. श्रमिक – सस्ते प्रर्याप्त एवं कुशल

8. भारत एक कृषि प्रधान देश है यहाँ की कृषि की प्रमुख समस्याएँ निम्न है :–
   1. अनियमित मानसून पर निर्भरता
   2. निम्न उत्पादकता
   3. छोटे खेत तथा विखंडित जोत
   4. भूमि सुधारो की कमी
   5. वाणिज्यीकरण का अभाव
   6. कृषि योग्य भूमि का निम्नीकरण

9. संचार यंत्र का महत्व निम्नांकित है :–
   1. रेडियों तथा दूरदर्शन मनोरंजन के साथ ही शिक्षा के भी साधन है।
   2. ये साधन अविकसित क्षेत्रों के विकास में सहायक होते है।
   3. ये व्यापार तथा वाणिज्य में सहायक होते है।
   4. ये देश के आर्थिक विकास में सहायक होतें है ।
   5. ये समाज के विभ्न्नि वर्गो को मिलाकर राष्ट्रीय एकता में सहायक होतें है ।

10. आयात और निर्यात के अंतर को व्यापार संतुलन कहा जाता है जब आयात मूल्य की तुलना में निर्यात मूल्य अधिक होता है तो उसे अनुकूल व्यापार कहतें है लेकिन इसके विपरीत जब आयात मूल्य की तुलना में निर्यात मूल्य कम होता है उसे प्रतिकूल व्यापार कहतें है।

11.

कुटीर उद्योग तथा लघु उद्योग में निम्न अंतर है :–

| कुटीर उद्योग | लघु उद्योग |
|---|---|

| | |
|---|---|
| 1. इसे गृह उद्योग भी कहते है। यह विनिर्माण उद्योग की सबसे छोटी इकाई है<br>2. इसमें मानव के हाथों का प्रयोग होता है<br>3. स्थानीय कच्चे माल तथा साधारण उपकरणों का प्रयोग किया जाता है<br>4. इसमें तैयार माल के लिए बाजार स्थानीय होता है | 1. ये कुटीर उद्योग की तुलना में आकार में बड़े होते है<br>2. इसमें उत्पादन मशीनों द्वारा होता है<br>3. ये उद्योग कच्चा माल बाहर से भी मॅगातें हैं।<br>4. इसमें निर्मित माल का बाजार विस्तृत होता है अर्थात वह दूरस्थ बाजारों में भेजा जाता है। |

12. भारत का सबसे बडा़ रेलवे क्षेत्र उत्तर रेलवें है तथा इसका मुख्यालय दिल्ली में है। सबसे छोटा रेलवे क्षेत्र उत्तरपूर्वी सीमांत रेलवे है तथा इसका मुख्यालच मालेगाँव (गुवाहाटी) है

दीघ्र उत्तरीय प्रश्न के उत्तर

(Long Type Questions Answer)

13. उत्तर :– भूराजस्व अभिलेख के अनुसार ,भूमि उपयोग का वर्गीकरण इस प्रकार है ।

(क) वन– क्षेत्र (forest) :– वर्गीकृतं वन क्षेत्र और वास्तविक वन–क्षेत्र में अंतर होता है वर्गीकृतं वन– क्षेत्र वह क्षेत्र है जहाँ वन विकसित हो सकते है ˙ इसका सीमांकन सरकारी नीतियों द्वारा होता है

(ख) गैर – कृषिकार्यो में प्रयुक्त भूमि (Land put to non –agricultural use)
:– ग्रामीण और शहरी बस्तियाँ ,सड़कें ,नहरें जैसी अवसंरचना , उद्योगों दुकानों हेतू उपयोग की जानेवाली भूमि इस वर्ग में आती है स्वभावतः इस वर्ग में भूमि के क्षेत्रफल में वृद्धि हो रही है

(ग) बंजर और व्यर्थ मूमि (Barren and wasteland )
:– बंजर पहाड़ी भू– भाग , मरूस्थल खंड इत्यादि ऐसी भूमि जो प्रचलित प्रोद्योगिकी की सहायता से भी कृषि योग्य नहीं बन पाई है बंजर या व्यर्थ भूमि कहलाती है

(ध) स्थायी चरागाह क्षेत्र (Permanent pastur)
पशुओं के चरने के लिए धासयुक्त भूमि चरागाह कहलाती है । इसमें कुछ भूमि व्यक्तिगत स्वामित्व की हो सकती है परन्तु अधिंकाश ग्राम पंचायतं के स्वामित्व की होती है जिसे साक्षा संपति संसाधन कहा जाता है कहीं –कहीं ऐसी भूमि सड़क या रेलपथ के किनारे भी मिलती है व्यक्तिगत स्वामित्व की जमीन छोड़कर शेष को सरकारी जमीन भी कहा जाता है

(ङ) विविध तरू – फसलों एवं उपवनों के अंतर्गत क्षेत्र (Area under miscellaneous treecrops and grover)
:– इस वर्ग में बाग –बगीचें या फूलों के उधान एवं पार्क की भूमि आती है प्रायः यह निजी स्वामित्व की जमीन होती है

(च) कृषियोग्य व्यर्थ भूमि (cultivable wasteland )
:– इस वर्ग में ऐसी भूमि आती है जो लगभग 5 वर्षो से या अधिक समय से परती पडी़ है अर्थात उसमें कोई कृषिकार्य न हुआ हो

(छ) वर्तमान परती भूमि (current fallow )
:– एक वर्ष या कम समय तक कृषि रहित  जमीन को वर्तमान परती जमीन कहा जाता है

(ज) पुरातन परती भूमि (fallowland beyond current fallow )
:– एक वर्ष से अधिक परंतु पॉच वर्ष से कम समय तक परती रहने वाली भूमि इस वर्ग में रखी जाती है

(झ) निवल बोयी भूमि (Net area sown)
:– जिस भूमि पर फसल उगाई और काटी जाती हो उसे निवल बोयी हुई जमीन कहते है

अथवा

उत्तर :– भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में जल विधुत शक्ति का महत्व सर्वोपरि है जैसें

–

1. कृषि के क्षेत्र में :– भारत जैसे देश में जहॉ वर्षा कि मात्रा और वर्षा के कारण खेती के ठीक समय पर होना अनिश्चित है सिंचाई आवश्यक जल– विधुत उत्पन्न करने में जल का नाश नहीं होता है और उसके बाद उसे सिंचाई में लाया जाता है
2- उद्योगों में :– कल – कारखानों को सस्ती बिजली देकर उनका समुचित विकास किया जा सकता है उद्योगों का विकेन्द्रीकरण किया जा सकता है और देश कें सभी हिस्सों में समान रूप से छोटे –छोटे उद्योग स्थापित किए जा सकते है
3- यातायात में :– भारत के कुछ भागों में जलविधुत से रेलगाडीयाँ चलाई जा रही है जैसे मुंबई और कोलकाता क्षेत्रो में सारे देश की रेलगाड़ियों के लिए जलविधुत उपलब्ध हो जाए तो रेलो की गति बढ़ेगी खर्च कम पड़ेगें और देश का ईधंन भी बचेगा
4- जन – जीवन में :– किसी भी देश के आर्थिक विकास का मापदंड वहाँ की जनता का जीवन स्तर हुआ करता है भारत आर्थिक दृष्टि से विकासोन्मुख है सस्ती बिजली कि सुविधा प्रदान कर भारतीयों का सामान्य आर्थिक जीवन सुखमय बनाया जा सकता है भारत के लिए जल विधुत का महत्व इसलिए भी अधिक है कि

(क) यहॉ कोयले की खाने सीमित है
(ख) यहॉ उत्तम कोयलें का भंडार सीमित है
(ग) यहॉ पेट्रोलियम का उत्पादन कम है
(ध) यहॉ जल का आपार भंडार है और हम अभी तक इसका समुचित उपयोग नहीं कर पाए है

14. उत्तर :– भारत में औद्योगिक विकास की निम्न प्रमुख समस्याऍ है

1. विश्व बाजार में प्रतिस्पर्द्धा :– भारत को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए गुणवत्ता का बेहतर होना जरूरी है
2. समुद्री तट का अभाव :– भारत में केवल गुजरात मुंबई तक तटीय क्षेत्र को छोडकर शेष पश्चिम धाट और पूर्वी धाट पर कोई कृषि प्रधान उद्योग नहीं है
3. औधोगिक मशीनो का आधुनिकीकरण का अभावः– उतर भारत कि अधिकांश चीनी मिले पुरानी पड चुकी है साथ ही यहॉ गन्ने के उत्पादन की दर भी कम है जिससे चीनी उद्योग प्रायः धाटे में रहता है
4. ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि उत्पादनों का समुचित उपयोग का न होना जिससे उद्योगों को कच्चा माल उपलब्ध नहीं हो पाता है
5. कच्चे माल के कुछ साधनों का समुचित उपयोग नहीं हो पाता है उतर भारत के धने जंगलों में कागज की उन्नत मिलें स्थापित हो सकती है इसके आयात पर खर्च होनेवाली विदेशी मुद्रा का व्यय कम किया जा सकता है
6. परिवहन को विकसित न होने के कारण उद्योगों का विकास कम है
7. भारत के कुछ क्षेत्रों विशेषकर पूर्वोत्तर भारत आर्थिक रूप से पिछड़ें है रेलमार्गो के समुचित विकास और लधु उद्योगों की स्थापना से इन्हे राष्ट्र कि मुख्य धारा में लाना आवश्यक है
8. उर्जा के साधनों में विधुत ही ऐसा साधन है जिसे असानी से सुदूर भागों में पहुॅचाया जा सकता है
9. उद्योगों में हड़ताल और बंदी के कारण उत्पादन पर कुप्रभाव पड़ता है इन्हे हतोत्साहित करना चाहिए
10. भारत के मानचित्र पर अभी अनेक उद्योग केन्द्रों की कमी है
11. कुछ उद्योगों के गौण उत्पादनों का समुचित उपयोग होना चाहिए जैसे रबर की बढती मॉग
12. प्राकृतिक संपदाओं का उपयोग उद्योगों के विकास के लिए नहीं हो पा रहा है
13. कुटीर और लधु उद्योगों का पुनर्गठन आधुनिक ढंग से नहीं हो पा रहा है
14. प्रादेशिक विषमताओं वायु प्रदुषण जल–प्रदुषण ध्वनि प्रदुषण तथा बड़े नगरों में उद्योगों के भारी जमधट को कम करने की आवश्यकता है
15. ग्रामीण क्षेत्रों में औधोगिक विकास के लिए ग्रामीण जनता की कयशक्ति बढा़नी होगी
16. यातायात के साधनों का सधन जाल बिछाना होगा

17. औधोगिक केन्दों को सस्ती बिजली देने की जरूरत है
18. औधोगिक क्षेत्रों में राजनीतिक हस्तक्षेप होना

अथवा

उतरः— भारत में रेल परिवहन का महत्व निम्न है

1. लंबी दुरी का आरामदायक और सस्ता परिवहन
2. भारी माल का परिवहन संभव
3. औधोगिक विकास की आधारशिला लौह अयस्क कोयला इत्यादि के परिवहन द्वारा
4. बडी संख्या में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना
5. राष्ट्रीय एकता में योगदान पूरे देश को एकसूत्र में पिरोना

भारत में रेल परिवहन कि प्रमुख समस्याएँ है

1. बहुत से यात्री बीना टिकट के चलतें है और जंजीर खींचकर गाड़ियों को रोकते है जिससे सरकार और यात्रियों की क्षति पहुॅचती है
2. चोरियॉ बढ़ रही है चोर न सिर्फ रेल कि संपंति ले जाते है बल्कि यात्रियों को भी लुटतें है
3. देश के अनेक भागों में पर्याप्त रेलगाड़ियों का अभाव है फलतः भीड़ बढती है और यात्रियों को कष्ट होता है
4. कई भागों में दोहरा रेलमार्ग नहीं होने के कारण गाडियॉ विलंब से चला करती है
5. रेलमार्गो में देश में 3700 ऐसे समपार है जहॉ फाटक कि व्यवस्था नहीं है इन समपारों पर सावधानी की तकनिकी भी चूक से दुर्धटना होनेे का भय रहता है

15. उतर :— ध्वनि का संबंध मस्तिष्क और ह्रदय से बहुत अधिक है मानसिक स्थिति और रक्तचाप पर ध्वनि का प्रभाव सर्वाधिक पडता है ध्वनि के कई लक्षण व्यक्तिगत है परंतु तीव्रता प्रायः समान रूप से प्रभावित करती है इसे नापने की इकाई डेसिबल है

ध्वनि प्रदुषण के स्त्रोत निम्न है

19. उद्योगों में मशीनों का चलना
20. तोड़—फोड़ का कार्य
21. तीव्र गति से चलने वाला वाहन
22. वायुयान
23. लाउडस्पीकर
24. सायरन
25. भीड़—भाड़ के स्थल
26. उत्सव में छोड़े जाने वाले पटाखे
27. समुद्री तुफान


ध्वनि प्रदुषण के कुप्रभाव निम्न है —

1.कान में बहरापन
2. कान के पर्दे का फटना
3. मानसिक अशांति
4.अनिद्रा
5. दिल की बीमारियॉ
6 मनोरोग

ध्वनि प्रदुषण के नियंत्रण के उपाए निम्न है —

1. वाहनों से साइलेसर युक्त एवं परिष्कृत इंजन से कम ध्वनि उत्पन्न होती है
2. गाड़ियों में उच्च ती्व्रता के इलेक्ट्रोनिक हार्न पर प्रतिबंध लगाना चाहिए
3. शहरों , बजारों या उद्योगों में ध्वनि प्रदुषण स्वभाविक है अतः व्यक्तिगत स्तर पर सावधानी रखनी चाहिए
4. बहुत धीमी आवाज या बहुत तीव्र आवाज में रेडियों टेलिविजन इत्यादि नहीं देखना सुनना चाहिए ।

मानचित्र




**Model Set No. -5**

Geography

A-GEOG (OPT)

समयः 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांकः 70

Time: 3 Hours 15 Minute] [Marks: 70

परीक्षार्थी के लिए निर्देशः

Instruction to the candidate:

13. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

14. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

Figure in the right hand margin indicate full marks.

15. परीक्षार्थी प्रत्येक उत्तर के साथ भाग संख्या, खण्ड संख्या और प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।

Write Section number, Group number and Question number with every answer.

निर्देशः इस प्रश्न पत्र में दो भाग हैं, भाग – I एवं भाग – II। भाग – I में खण्ड – अ तथा भाग – II में खण्ड – ब तथा खण्ड – स है।

भाग – I: भाग – I के खण्ड – ब के प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के हैं। इस खण्ड के प्रश्न संख्या 1 से 28 के प्रत्येक 1 अंक का है। सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

भाग – II: भाग – II के सभी प्रश्न गैर–वस्तुनिष्ठ है। भाग – II के खण्ड – ब के प्रश्न लघु उत्तरीय प्रकार के हैं। सभी 12 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। भाग – II के खण्ड – स के प्रश्न दीर्घ उत्तरीय प्रकार के हैं। सभी 3 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है।

Instruction: This paper consists of two Sections, Section – I & II. Section – I consists of Group – A and Section – II consists of Group – B & Group – C.

Section – I: Group A of Section –I are Objective Type questions. In this group question No. 1 to 28 carry 1 mark each. Answer all questions.

Section – II: All question – Section – II are Non=Objective Type. Group –B of Section – B are Short Type Questions. Answer all the 12 questions. Each question carries 2 marks. Group – C of Section – II are Long Type Questions. Answer all 3 questions. Each question carries 6 marks.

भाग – 1

SECTION – 1

खण्ड – अ

Group – A

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

(Objective Questions)

V. निमनलिखित प्रश्न संख्या 1 से 28 में चार विकल्पों में एक सही है। आपको सही विकल्प चुनना हैः 28 x 1 = 28

From questions no. 1 to 28 there are four options of which one is correct. In each question you have to choose that correct option: 28 x 1 = 28

1. चावल किस प्रकार की जलवायु का पौधा है?

(क) उष्ण (ख) उष्ण आर्द्र

(ग) शीतोष्ण (घ) उष्ण– शुष्क

Paddy is grown in which type of climate?

(a) Tropical (b) Warm- humid

(c) Temperate (d) Warm- dry

2. स्वेज नहर मिलाती है?

(क) भूमध्य सागर– काला सागर

(ख) भूमध्य सागर – अरब सागर

(ग) भूमध्य सागर – लाल सागर

(घ) काला सागर – लाल सागर

Suez Canal connects

(a) Mediterranean Sea – Black Sea

(b) Mediterranean Sea – Arabian Sea

(c) Mediterranean Sea – Red Sea

(d) Black Sea – Red Sea

3. फल एवं सब्जी प्रदेश का विस्तार भारत के किस प्रदेश में है ?

(क) हिमालय प्रदेश (ख) दक्कन प्रदेश

(ग) मरूस्थलीय प्रदेश (घ) इनमे से कोइ नहीं

Market gardening in India is found in which of the following regions?

(a) Himalayan Region (b) Deccan Region

(c) Desert Region (d) None of these

4. परिवहन के साधनो में सबसे सस्ता परिवहन साधन है ?

(क) सड़क परिवहन (ख) जल परिवहन

(ग) रेल परिवहन (घ) वायु परिवहन

The cheapest means of transport is

(a) Road transport (b) Water transport

(c) Rail transport (d) Air transport

5. 2011के अनुसार भारत में जनसंख्या घनत्व हैः

(क) 382 (ख) 325

(ग) 372 (घ) 335

According to 2011 the density of population in India is-

(a) 382 persons (b) 325 persons

(c) 372 persons (d) 335 persons

6. ब्राजील में कहवा के बागान कहलाते हैः

(क) कहवा बागान (ख) फैजेण्डा

(ग) सेल्वास (घ) पम्पास

In Brazil, coffee gardens are called

(a) Coffee garden (b) Fazenda

(c) Selvas (d) Pampas

7. 2011 बिग पाइपलाइन से ............. का परिवहन होता हैः

(क) पेट्रोल (ख) जल

(ग) गैस (घ) दुध

Big Inch pipeline Transport ………… :

(a) Petroleum (b) Water

(c) Gas (d) Milk

8. जनसंख्या पिरामिड इंगित करता हैः

(क) जन्म दर (ख) मृत्यु दर

(ग) आयु लिंग संरचना (घ) उपरोक्त सभी

Population pyramid represents-

(a) Birth rate (b) Death rate

(c) Age- sex structure (d) all of these

9. माउन्ट आबू निम्न मे किस प्रकार का नगर है?

(क) पर्यटन नगर (ख) प्रतिरक्षा नगर

(ग) पत्तन नगर (घ) शैक्षिक नगर

Mount Abu falls under which category of town?

(a) Tourist Town (b) Defence Town

(c) Port Town (d) Educational Town

10. कौन सा भारत का सबसे बड़ा महानगर है?

(क) कोलकता (ख) मुंबई

(ग) दिल्ली (घ) चेन्नई

Which is the largest megacity of India?

(a) Kolkata (b) Mumbai

(c) Delhi (d) Chennai

11. भारत के जलोढ क्षेत्रों में किस प्रकार की बस्तियों की प्रमुखता है?

(क) वृत्ताकार बस्ती (ख) सीढीनुमा बस्ती

(ग) गुच्छित बस्ती (घ) प्रकीर्ण बस्ती

Which type of human settlements is predominently found in alluvial regions of India?

(a) Circular settlement (b) Terraced Settlement

(c) Clustered settlement (d) Dispersed settlement

12. किस वर्ष से यू.एन. डी. पी. मानव विकास सूचकांक प्रकाशित कर रहा है?

(क) 1985 (ख) 1999

(ग) 1990 (घ) 1995

Since which year UNDP is publishing the Human Development Index?

(a) 1985 (c) 1990

(b) 1999 (d) 1995

13. मंचूरिया तथा कोरिया में स्थानांतरित कृषि की प्रथा को .................... कहते है।

(क) रोका (ख) मिल्पा

(ग) चेना (घ) लादांग

The practice of shifting cultivation is known as ------------ in Manchuria and Korea.

(a) Roca (b) Milpa

(c) Chena (d) Ladang

14. निम्नलिखित में से कौन सा भारत के सुविकसित प्राचीन नगरो का उदाहरण है?

(क) सूरत (ख) हैदराबाद

(ग) मदुराई (घ) पुडुचेरी

Which one of the following is the example of well developed ancient town of India?

(a) Surat (b) Hyderabad

(c) Madurai (d) Puducherry

15. उद्योग जो किसी निश्चित कच्चे माल पर निर्भर नहीं होते हैं, कहलाते है?

(क) स्वछन्द उद्योग (ख) भार ह्रास उद्योग

(ग) कृषि आधारित उद्योग (घ) छोटे पैमाने के उद्योग

Industries which are not dependent on any specific raw material are -

(a) Footloose industries (b) Weight loose industries

(c) Agro- based industries (d) Small scale industries

16. उच्च स्तरीय ज्ञान और शोघ से संबंधित क्रिया कलाप किस वर्ग से है?

(क) प्राथमिक (ख) द्वितीयक

(ग) चतुर्थ (घ) पंचम

High level knowledge and research related activities are of which sector?

(a) Primary (b) Secondary

(c) quarternary (d) Quinary

17. किस नहर को प्रशान्त महासागर का द्वार कहते है?

(क) पनामा (ख) स्वेज

(ग) कील (घ) इनमे से कोई नहीं

Which canal is known as 'Gateway of Pacific'?

(a) Panama (b) Suez

(c) Kiel (d) None of these

18. बाहरी देश से कोई सामान मंगाया जाता है उसे कहते है?

(क) व्यापार (ख) निर्यात

(ग) आयात (घ) वाह्य व्यापार

The practice of buying goods from other countries is known as:-

(a) Trade (b) Export

(c) Import (d) Foreign trade

19. विकासशील देशो में मानव बस्तियो की समस्याए है?

(क) जनसंख्या का केंद्रीकरण (ख) मलिन बस्तियाँ

(ग) पीने योग्य जल की कमी (घ) इनमे से सभी

Problems of Human settlement in developing countries are:-

(a) Agglomeration of population (b) Slums

(c) Lack of drinking water (d) All of these

20. कैगा परमाणु संयत्र किस राज्य में अवस्थित है?

(क) राजस्थान (ख) कर्नाटक

(ग) उत्तर प्रदेश (घ) आंध्रप्रदेश

In which state, Kaiga Atomic Power Plant situated?

(a) Rajsthan (b) Karnataka

(c) Uttar Pradesh (d) Andhra Pradesh

21. निम्नलिखित में से कौन भारत का परंपरागत उद्योग है?

(क) सूती वस्त्र उद्योग (ख) लौह इस्पात उद्योग

(ग) पेट्रो रसायन उद्योग (घ) इनमे से कोई नही

Which of the following is traditional industry of India?

(a) Cotton textile industry (b) Iron & are industry

(c) Petro – chemical industry (d) None of these

22. कौन राजधानी नगर है?

(क) कानपुर (ख) चंडीगढ

(ग) दुर्ग (घ) बोध गया

Which of the following is a capital city?

(a) Kanpur (b) Chandigarh

(c) Durg (d) Bodh Gaya

23. नौका दौड़ किस राज्य में आयोजित की जाती है?

(क) तमिलनाडु (ख) कर्नाटक

(ग) केरल (घ) आंध्र प्रदेश

In which state Boat Racing is organized ?

(a) Tamil Nadu (b) Karnataka

(c) Kerala (d) Andhra Pradesh

24. निरू– मिरू कार्यक्रम है :–

(क) जल संरक्षण से संबंधित (ख) वन संरक्षण से संबंधित

(ग) मृदा संरक्षण से संबंधित (घ) इनमे से कोई नही

Neru- Miru program is ?

(a) related to water conservation (b) related to forest conservation

(b) (c) related to soil conservation (d) none of these

25. निम्नलिखित में से कौन कृत्रिम पत्तन है?

(क) मुंबई (ख) मार्मागोआ

(ग) चेन्नई (घ) कोच्चि

Which one of the following is a artificial port?

(a) Mumbai (b) Marmagao

(c) Chennai (d) Kochi

26. वायु प्रदूषण के प्रमुख स्त्रोत है?

(क) जीवाश्म ईधन का दहन (ख) खनन

(ग) उद्योग (घ) इनमे सभी

Major source of air pollution is ?

(a) Burning of fossil fuel (b) Mining

(c) Industry (d) All of these

27. इनमे से कौन OPEC का सदस्य है?

(क) चिली (ख) इक्वाडोर

(ग) ब्राजील (घ) भारत

Which of the following is a member of OPEC?

(a) Chile (b) Ecuador

(c) Brazil (d) India

28. नोएडा किस राज्य में है?

(क) दिल्ली (ख) उत्तर प्रदेश

(ग) हरियाणा (घ) पंजाब

Noida is in which state?

(a) Delhi (b) Uttar Pardesh

(c) Haryana (d) Punjab

भाग – II

SECTION – II

(गैर–वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

(Non-Objective Questions)

खण्ड – ब

Group – B

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

(Short Answer Questions)

प्रश्न संख्या 1 से 12 तक लघु उत्तरीय है। सभी 12 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है। 12 x 2 = 24

Questions no. 1 to 12 are short answer type. Answer all the 12 questions. Each question carries 2 marks 12 x 2 = 24

1. गैरिसन (छावनी) नगर क्या है? इनके दो कार्यो को लिखिए।

   What is garrison town? Write their two functions.

2. अन्तर्राष्ट्रीय एवं अन्तर्राज्जीय प्रवास में अंतर स्पष्ट कीजिए।

   Differentiate between international and interstate migrations.

3. मानव विकास को परिभाषित करें।

   Define Human development .

4. पार महाद्वीपीय रेलमार्ग क्या होता है?

What is transcontinental Railway?

5. स्वच्छन्द (फुटलुज) उद्योग क्या है?

   What is foot loose industry ?

6. चीनी उद्योग एक मौसमी उद्योग क्यो है?

   Why is sugar industry a seasonal industry ?

7. बाजारीय सब्जी कृषि नगरीय क्षेत्रों के समीप ही क्यों की जाती है ?

   Market gardening is practised near urban areas only. Why ?

8. भारत में सूती वस्त्र की चार प्रमुख समस्याओं को लिखें ।

   Write the four main problems of cotton textile industry in India.

9 बॉकसाइट के चार उपयोग को लिखें ।

   Write four uses of Bauxite.

10 भारत में परमाणु ऊर्जा के चार केन्द्रों का नाम लिखें ।

   Write the name of four centres of Atomic power centre in India.

11 भारत के पूर्वी तट पर स्थित चार प्रमुख बंदरगाह को लिखें ।

   Write four important of India which is situated in eastern coast.

12 भारत के दो प्रमुख राष्ट्रीय जलमार्ग का नाम लिखें ।

   Write the name of two important National waterways in India.

खण्ड – स

Group – C

(दीघ्र उत्तरीय प्रश्न)

(Long Answer Questions

प्रश्न संख्या 13 से 15 दीघ्र उत्तरीय है। सभी 3 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक निर्धारित है। 3 x 6 = 18

Questions no. 13 to 15 are long answer type. Answer all the 3 questions. Each question carries 6 marks 3 x 6 = 18

13 विश्व के विभिन्न भागों में आयु–लिंग में असंतुलन क लिए उत्तरदायी कारकों तथा व्यवसायिक संरचना की विवेचना कीजिए ।

Discuss the major factor responsible for imbalance in age–sex structure of population and occupational structure in different parts of the world.

अथवा

अधिकत्तर देषों में उच्च प्रौद्योगिकी उद्योग प्रमुख महनगरों के परिधि क्षेत्रों में ही क्यों विकसित हो रहे हैं। व्याख्या कीजिए।

High technology industries are developed the circumference of major metropolitan cities in the world. Discuss it.

14 रोपण कृषि की मुख्य विशेषताएँ बताइए एवं भिन्न–भिन्न देशों में उगाई जाने वाली कुछ प्रमुख रोपण फसलों के नाम बताइए।

Describe the main characteristics of plontation farming and name of some important plantation crops

अथवा

जल संरक्षण कैसे किया जा सकता है तथा जल संभर विकास का सुझाव दें।

Discuss the measures of water conservation and give suggestion for water shed development.

15 भारत के आर्थिक विकास में क्षेत्रीय विषमता के कारण तथा असमानता दूर करने के उपाय बताऐं ।

Discuss the causes of regional disparity in the economic development of India and describe the measures to remove regional disparity

अथवा

भारत का मानचित्र बनाकर निम्नलिखित को प्रदर्शित करें :–

,क, पुणे ,ख, रावतभाटा ,ग, गुड़गाँव ,घ, बेलाडिला ,ड़, शिलाँग ,च,पारादीप ।

Sketch the map of India and show the following

1. Pune
2. Rawatbhata
3. Gurgaon
4. Bailadila
5. Shillong
6. Paradeep

उत्तरमाला (Answers)

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | B | 8. | D | 15. | A | 22. | C |
| 2. | C | 9. | A | 16. | D | 23. | C |
| 3. | A | 10. | B | 17. | A | 24. | C |
| 4. | B | 11. | C | 18. | C | 25. | C |
| 5. | A | 12. | C | 19. | D | 26. | D |
| 6. | B | 13. | B | 20. | B | 27. | B |
| 7. | A | 14. | C | 21. | A | 28. | B |

(उत्तरमाला) Answer

Short Answer Type Questions

1. गैरिसन नगर को छावनी नगर भी कहा जाता है। इन सैनिक छावनियों में सैनिक टुकड़ियाँ रहती

हैं तथा उनके शस्त्रों के भंडार होते हैं। अंबाला , जालंधर ,महू, बबीना, उधमपुर इत्यादि भारत में इसके उदाहरण हैं। इसके दो कार्य निम्न है:–
(1) सैनिक सामानों को रखना।
(2)सैनिकों को उपयुक्त वातावरण में सैन्य कार्य के लिए चुस्त –दुरूस्त बनाये रखना।

2. एक देश से दुसरे देश के मध्य जो प्रवास होता है. उसे अन्तर्राष्ट्रीय प्रवास कहते है। वर्तमान समय में शासनाध्यक्षों के विदेशी दौरे इसी श्रेजी में आते हैं।

जब कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का समुह एक राज्य से दुसरों राज्य को प्रवास करता है तब वह अंतर्राज्जीय प्रवास कहलाता है। राज्स्थान से मारवाड़ियों का व्याापार के लिए महाराष्ट्र, तमिलनाडु तथा प0 बंगाल जाना ऐसा ही प्रवास है।

3. मानव विकास स्वस्थ्य भौतिक पर्यावरण से लेकर आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक स्वतंत्रता तक सभी प्रकार के मानव विकल्पों को सम्मिलित करते हुए लोगों के विकल्पों में विस्तार और उनके शिक्षा स्वास्थ्य सेवाओं तथा सशक्तीकरण के अवसरों में वृद्धि की प्रक्रिया ळें

4. पारमहाद्वीपीय रेलमार्ग पूरे महाद्वीप से गुजरते हुए इसके दोनो छोरों को जोड़ते हैं। इनका निर्माण आर्थिक और राजनीतिक कारणों से विभिन्न दिशाओं में लम्बी यात्राओं की सुविधा प्रदान करनेके लिए किया जाता है। पार–साइबेरियन रेलमार्ग, पार–कैनेडियन रेलमार्ग, आस्ट्रेलियाई पारमहाद्वीपय रेलमार्ग इसके उदाहरण है।

5. पारमहाद्वीपीय रेलमार्ग पूरे महाद्वीप से गुजरते हुए इसके दोनो छोरों को जोड़ते हैं। इनका निर्माण आर्थिक और राजनीतिक कारणों से विभिन्न दिशाओं में लम्बी यात्राओं की सुविधा प्रदान करनेके लिए किया जाता है। पार–साइबेरियन रेलमार्ग, पार–कैनेडियन रेलमार्ग, आस्ट्रेलियाई पारमहाद्वीपय रेलमार्ग इसके उदाहरण है।

6. स्वच्छंद उद्योग उस हल्के उद्योग को कहा जाता है , जो अवस्थिति का चुनाव करने में अपेक्षकृत स्वतंत्र होते हैं और पंरपरागत कारकों पर आधारित नहीं होते हैं ं ये व्यापक विविधता पंरम्परागत कारणों पर आधारित नहीं होते हैं। ये किसी विशिष्ट कच्चे माल पर निर्भर नहीं रहते है, बल्कि संघटक पूर्जो पर निर्भर रहते है, जो कही से भी प्राप्त किए जा सकते है। कच्चे माल पर आधारित न होने के कारण इलेक्ट्रोनिक उद्योग को स्वछन्द उद्योग कहते है।

6 चीनी उद्योग कृषि पर आधारित दूसरा सबसे बड़ा उद्योग है। इसका प्रमुख कच्चा माल गन्ना है। भारत विश्व में गन्ना और चीनी दोनो का सबसे बड़ा उत्पादक देश हैं। गन्ना एक भार ह्रास वाली फसल है। यह एक मौसमी फसल है, जिसे निश्चित अवधि में ही काटा जाता है। अतः गन्ने की पेराई की अवधि निश्चित होती है। कच्चे माल के मौसमी होने के कारण , चीनी उद्योग एक मौसमी उद्योग है ।

7. बाजारी सब्जी कृषि में अधिक मुद्रा मिलने वाली सब्जियों के अतिरिक्त फल और फुल की खेती होती है। इसमें गहन श्रम एवं अधिक पूँजी लगती है, तथा इनहें खराब होने से बचाने के लिए शीघ्र बाजार में पहुॅचाया जाता है। इनकी मांग नगरीय केंद्रो में अधिक है,

जहाँ ऊची आय वाले उपभोक्ता रहते है। नगरो में शीघ्र पहुॅचाने के लिए इनकी खेती नगरीय क्षेत्रों के समीप की जाती है।

8. भारत में सूती वस्त्र उद्योग की चार प्रमुख समस्याए निम्न है:–

(i) उत्तम किस्म के कपास की कमी

(ii) अनियमित विद्युत आपूर्ति

(iii) निम्न उत्पादकता

(iv) कम उत्पादकता देनेवाली पंरम्परागत मशीनों की प्रधानता

(v) कृत्रिम रेशे से निर्मित वस्त्रों के साथ कड़ी स्पर्धा ।

9. बॉक्साइट के चार उपयोग निम्न है:–

(i) वायुयान , जलयान ,मोटरयान निर्माण में ।

(ii) विद्युत उपकरण निर्माण।

(iii) घरेलू साज सज्जा के समान बनाने में

(iv) बर्तन बनाने में

10. 10 भारत में प्रमाणु ऊर्जा के चार केन्द्र निम्न है:–

(i) तारापुर – महाराष्ट्र

(ii) कैगा –कर्नाटक

(iii) रावतभाटा –राजस्थान

(iv) नरोरा –उतर प्रदेश

11. भारत के पुर्वी तट पर स्थित चार प्रमुख बंदरगाह निम्न है–

(i) कोलकाता – पश्चिम बंगाल

(ii) पारद्वीप –उड़ीसा

(iii) विशाखापत्तनम्–आन्ध्रप्रदेश

(iv) चेन्नई –तमिलनाडु

12. भारत के दो प्रमुख राष्ट्रीय जलमार्ग निम्न है:–

(i)राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 01–गंगा नदी जलमार्ग–

इलाहाबाद से हल्दिया तक –(1,620km)

(ii) राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 02–ब्रह्मपुत्र नदीं जलमार्ग–

सदिया से धुबरी तक–(891 km)

दीघ्र उत्तरीय प्रश्न के उत्तर
(Long Answer Type Question Answer)

13. आयु–लिंग को एक विशेष प्रकार के आरेख द्वारा दर्शाया जाता है। जिसे आयु–लिंग

पिरामिड कहते है इसकी आकृति पिरामिड से मिलती है, इसलिए इसे आय–लिंग पिरामिड कहा जाता है। पिरामिड की आकृति प्रदर्शित जनसंख्या के इतिहास तथा उसकी विशेषताओं को दर्शाती है। इस प्रकार पिरामिड की तीन अलग–अलग आकृतियों का संबंध जनसंख्या की तीन भिन्न स्थितियों से होते है।

1 विस्तारित होती जनसंख्या – विस्तारित होती जनसंख्या त्रिभुजाकार आकृति वाले आयु –लिंग पिरामिड ,द्वारा दर्शाई जाती है। इसका आधाार काफी चौड़ा तथा शीर्ष काफी सॅकरा होता है। चौड़ा आधार यह दर्शाया है कि जनसंख्या का अधिकभाग भिन्न आयुवर्ग का है जो उच्च मृत्यु दर का भी सूचक है। यह अफ्रीका के नाइजीरिया जैसी कम विकसित जनसंख्या का विशिष्ट पिरामिड है।

2 स्थिर जनसंख्या–

- घंटी के आकार का वह पिरामिड जो शीर्ष की ओर शुंडाकार होता जाता है।
- स्थिर जनसंख्या को दर्शाता है क्योंकि यह इस बात को सूचित करता है कि जन्मदर तथा मृत्युदर लगभग समान होता है ।
- आस्ट्रेलिया की जनसंख्या इसी संरचना में हैं।

3. ह्रासमान जनसंख्या :– इसकी संरचना की निम्न विशेषता है

1. आधार –संकीर्ण तथा शीर्ष–शुंडाकार
2. जन्मदर तथा मृत्युदर दोने निम्न होता है
3. विकसित देशों की संरचनना

4. व्यावसयिक जनसंख्याा:– विश्व की जनसंख्या 4 संरचना करती है जैसे जापान इसी संरचना में है।

1. प्राथमिक –अल्पविकसित अर्थव्यवस्था वाला देश
2. इसमें जनसंख्या का अनुपात अधिक होता
3. द्वितीयक तथा तृतीयक–जैसे–जैसे जनसंख्या अपने संसाधनो का बेहतर प्रयोग करने लगती है अर्थव्यवस्था विकसित होती है और द्वितीयक तथा तृतीयक व्यवसायों में लगी जनसंख्या का अनुपात भी बढता जाता है।

अथवा

निमार्ण क्रियाओ में उच्च प्रौद्योगिकी नई पीढ़ी की देन है जिसने पिछले कुछ दशको में द्रुत गति से उन्नति की है इन उद्योगो के लिए उच्चकोटि की प्रोद्योगिकी की आवश्यकता होती है। जिसमें निरंतर शोध एवं विकास (Research & Development) किया जाता है , इसलिए इस उद्योग में अति उत्पादन उन्नत प्रकार का होता है , इसलिए इस उद्योग में अति कुशल श्रमिको से काम लिया जाता है । संपूर्ण श्रमिक शक्ति का अधिकत्तर भाग व्यावसायिक (सफेद कॉलर) श्रमिको का होता है। ये

श्रमिक वास्तविक उत्पादक (नीला कॉलर) श्रमिको से संख्या में अधिक होते है। उच्च प्रौद्योगिकी उद्योग में यंत्रमानव कंप्यूटर आधारित डिजाइन (computer-Design&CAD) तथा निर्माण धातु पिघलाने एवं शोधन के इलेक्ट्रानिक नियंत्रण एवं नये रासायनिक और औषधीय उत्पाद प्रमुख स्थान रखते है।

इस भुदृश्य में विशाल भवनों, कारखानों एवं भंडार क्षेत्रों, के स्थान पर आधुनिक, साफ–सुथरे, कार्यालय एवं प्रयोगशलाएँ देखने को मिलती है। इस समय जो भी प्रादेशिक व स्थानीय विकास की योजनाएँ बन रही है, उनमें नियोजित व्यवसाय पार्क का निर्माण किया जा रहा है।

उच्च प्रौद्योगिकी उद्योग के अधिकांश उत्पाद महानगरों, में बेंचे जाते है ओर प्रौद्योगिकी एवं कुशल श्रमिक भी महानगरों से ही मिलते है। अतः विश्व के अधिकांश देशों में उच्च प्रौद्योगिकी उद्योग प्रमुख महानगरों के परिधि क्षेत्रों में ही विकसित होता है।

14.

रोपण कृषि के मुख्य क्षेत्र एशिया, अफ्रीका तथा दक्षिण एवं मध्य अमेरिका के उष्ण एवं उपोष्ण कटिबंधीय प्रदेश है। यह एक व्यापारिक कृषि है, जिसके अन्तर्गत बाजार में बेचने के लिए चाय, कहवा, कोको, रबड, कपास, गन्ना केला और अन्नानास जैसी फसलो उगायी जाती है। इसके मुख्य लक्षण निम्नलिखित है।

1. इस कृषि को यूरोपीय एवं अमेरिकी लोगों ने अपने अधीन उष्ण कटिबंधीय उपनिवेशो में स्थापित किया था ।

2. इसमें बागानों का आकार बहुत बड़ा होता है। कुछ बगान तो हजारें हेक्टेयर क्षेत्र में फैले हुए होते है ।

3. इसमें अधिक पुँजी निवेश, उच्च प्रबंध तथा तकनिकी आधार एवं वैज्ञानिक विधियों का प्रयोग किया जाता है ।

4. सस्ता अकुशल श्रम स्थानीय लोगों से प्राप्त किया जाता है। जबकि तकनिकी सहायता एवं कुशल श्रम शीतोष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों से प्राप्त होता है।

5. बागानों को कारखानों तथा बाजार के साथ जोड़ने के लिए कुशल एवं सस्ते परिवहन का प्रयोग किया जाता है।

इस कृषि के विकास के लिए यूरोपीय एवं अमेरिकी लोगों के योगदान का अनुमान निम्मलिखित तथ्यों से लगाया जा सकता है।

A. फ्रसंसिसियों ने पश्चिमी अफ्रीका में कॉफी एवं कोकोआ की पौधा लगाई थी।

B. ब्रिटेनवासियों ने भारत एवं श्रीलेका में चाय के बगान, मलेशिया मे रबर के बगान एवं पश्चिमी द्वीप समूह मे गन्ना एवं केले के बागाना विकसित किए।

C. स्पेन तथा अमेरिका के निवासियों ने फिलीपिन्स मे नारियल तथा गन्ने के बागान लगाए।

D. डच लोगों ने इंडोनेशिया में गन्ने की कृषि शुरू की।

E. ब्रजील में अभी भी कुछ कॉफी के बागानों (फेजेण्डा) पर यूरोपवासियों का अधिकार हैं।

अथवा

एक रिपोर्ट के अनुसार 2020 तक भयंकर जल संकट पैदा होगा। 1992 से प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को "विश्व जल दिवस" मनाये जाने का प्रमुख उद्देश्य जलसंरक्षण ही है। नासा के रिपोर्ट के अनुसार भारत का जल स्तर 0.3 मीटर/वर्ष की दर से नीचे जा रहा है। अतः जल संरक्षण आवश्यक बन जाता है।

जल संरक्षण के निम्न तरीके हैः–

1. आधुनिक सिंचाई पद्धति का प्रयोग।
2. वर्षा जल को सुरक्षित करना तथा इनके अपवाह को रोकना।
3. वृक्षारोपण।
4. बॉध एवं जलाशयों का निर्माण।
5. छोटे–बड़े सभी नदी जलसंसाधनो का वैज्ञानिक प्रबंधन।
6. जल शुद्धिकरण संय़त्र (water treatment plant) की स्थापना।
7. जल संसाधनों के प्रति जागरूकता जैसेः–
    1. 22 मार्च "विश्व जल दिवस" के अवसर पर "प्रभात फेरी" निकालना, तथा जलसंरक्षण पर गोष्टियां सेमिनार आदि का आयोजन करना
    2. 7 जूलाई 2016 से "नमामि गंगे प्रोजेक्ट" के 281 प्रोजेक्ट शुरू किया गया है इसके उद्देश्यों को लागों तक लाना।

8. "नदी जोड़ो कार्यक्रम" को विस्तार एवं विकास– इसमें बिहार का पहला नदी जोड़ो प्रोजेक्ट "कोसी–मेची नदी" है (9 जूलाई 2016 को भारत में प्रथम केन (उत्तरप्रदेश), बेतवा (मध्यप्रदेश) (अगस्त 2005) है।

9. प्रदूषित जल को स्वच्छ करके उसका पुर्नचक्रण करना।

जलसंभर (water shed) वह क्षेत्र है जिसे बड़ी नदी की एक सहायक नदी सिंचती है। जब एक जल संभर का विकास करने के लिए अनेक प्रयत्न किए जाते है तो इसे जलसंभर विकास कहते है ।

नेशनल वाटरशेड डेवलपमेंट कार्यक्रम 1994 से चलाया जा रहा है।

सुझावः– इसके लिए निम्नलिखित कदम उठाए जा सकते है ।

i. जल की बर्बादी तथा जल प्रदूषण को रोकने के लिए जल पाइप लाइनों की तत्काल मरम्मत करना।

ii. बागवानी, वाहनो की धुलाई, शौचालयों और वाशबेसिनों में उपचारित जल के उपयोग को रोकना।

iii. जल जागरण पैदा करना और जल के संरक्षण और कुशल प्रबंधन से संबंधित सभी किया–कलापों में लोगों को शामिल करना।

iv. सभी जल विकास की इकाइयों जैसे कुँआ, नलकूपों आदि को पंजीकृत करना।

v. भूमिगत जल विकास की इकाइयों की निगरानी जिससे उन्हे सूखने से बचाया जा सके।

vi. वर्षा में छत के पानी को टंकियों अथवा भूमि के नीचे इकट्ठा करना।

vii. बाढ़ के समय जल को व्यर्थ भूमि में गड्ढे बनाकर भर लेना।

15.

क्षेत्रीय असमानता दूर करने के उपाय

भारत का एक बहुत बड़ा क्षेत्र पिछड़े प्रदेश के अन्तर्गत आता है लेकिन इन क्षेत्रों में विकास की असीम संभ्भावनाएं है।

जैसेः–

1. उत्तरी–पूर्वी भारत में देश का 30 प्रतिशत जल–विधुत संसाधन है तथा 20 प्रतिशत पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस है।
2. पूर्वी उत्तरप्रदेश और बिहार में कृषि की असीम सम्भावनाएँ है।
3. तेलांगना में कपास और गन्ना की कृषि की जा सकती है।
4. पूर्वोत्तर राज्यों में जलविधुत का उचित विकास, वनसम्पदा का संतुलित उपयोग एवं कृषि उत्पदाओं के उचित विपणन की व्यवस्था करके।
5. परिवहन साधनो को एक दूसरे के पूरक के रूप में विकसित करने की जरूरत है।
6. कृषि और पर्यटन को विकसित कर बिहार, बंगाल और उत्तर प्रदेश को सुदृढ बनाया जा सकता है।
7. झारखण्ड, उड़ीसा, छतीसगढ़ में उचित खनन तथा खनिज आधारित उद्योगो की स्थापना से इन राज्यों का पिछड़ापन दूर किया जा सकता है।
8. अण्डमान–निकोबार जैसे तटीय प्रदेशो में जैव–विविधता को विकसित कर नारियल तथा रबर की कृषि को विकसित किया जाए।
9. परिवहन, संचार, ऊर्जा आदि आधार भूत संसाधनों को विकसित कर इन क्षेत्रों को समग्र रूप से विकसित किया जा सकता हैं।

10. राजनैतिक इच्छाशक्ति विकसित कर तथा राजनैतिक भेद भाव को दूर कर पिछड़े क्षेत्रों के पिछड़ेपन को दूर किया जा सकता है।

11. विकास में एक प्रमुख बाधा आंतरिक समस्याएं जैसे– नक्सलवाद, क्षेत्रवाद, आतंकवाद आदि हैं, जिनका समाधान आवश्यक है।

map




**Model Set - 6**

Geography
A-GEOG (OPT)

समयः 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांकः 70

Time: 3 Hours 15 Minute] [Marks: 70

परीक्षार्थी के लिए निर्देशः

Instruction to the candidate:

16. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

17. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

Figure in the right hand margin indicate full marks.

18. परीक्षार्थी प्रत्येक उत्तर के साथ भाग संख्या, खण्ड संख्या और प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।

Write Section number, Group number and Question number with every answer.

निर्देशः इस प्रश्न पत्र में दो भाग हैं, भाग –I एवं भाग –II। भाग –I में खण्ड – अ तथा भाग –II में खण्ड – ब तथा खण्ड – स है।

भाग –I: भाग –Iकेखण्ड – ब के प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के हैं। इस खण्ड के प्रश्न संख्या 1 से 28 के प्रत्येक 1 अंक का है। सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

भाग –II: भाग –IIके सभी प्रश्न गैर–वस्तुनिष्ठ है। भाग –IIके खण्ड – ब के प्रश्न लघु उत्तरीय प्रकार के हैं। सभी 12 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। भाग –II के खण्ड – स के प्रश्न दीर्घ उत्तरीय प्रकार के हैं। सभी 3 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है।

Instruction: This paper consists of two Sections, Section – I & II. Section – I consists of Group – A and Section – II consists of Group – B & Group – C.

Section – I: Group A of Section –I are Objective Type questions. In this group question No. 1 to 28 carry 1 mark each. Answer all questions.

Section – II: All question – Section – II are Non=Objective Type. Group –B of Section – B are Short Type Questions. Answer all the 12 questions. Each question carries 2 marks. Group – C of Section – II are Long Type Questions. Answer all 3 questions. Each question carries 6 marks.

## भाग – 1

## SECTION – 1

### खण्ड – अ

Group – A

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

(Objective Questions)

VI. निमनलिखित प्रश्न संख्या 1 से 28 में चार विकल्पों में एक सही है। आपको सही विकल्प चुनना हैः 28 x 1 = 28

From questions no. 1 to 28 there are four options of which one is correct. In each question you have to choose the correct option: 28 x 1 = 28

1. भारत के निम्नलिखित केन्द्रशासित प्रदेशों में से किसी एक की साक्षरता दर निम्नतम है?

(क) अंडमान व निकोबार दीप (ख) दादर एवं नगर हवेली
(ग) दिल्ली (घ) दमन व दीप

Which one of the following union Territorieshas lowest literacy rate in india ?

(a) Andaman and Nicobar islands (b)Dadra and Nagar Haveli
(c)Delhi (d) Daman and Diu

2. डिटर्जेंट इनमें से किस वर्ग में आता है ?

(क) खनिज(ख) समुद्री उत्पाद
(ग) कृषि उत्पाद (घ) पेट्रोलियम उत्पाद

Detergent comes under which category?:

(a) Mineral (b)Sea Product
(c) Agriculture Product (d) Petrolium Product

3. लोहरदगा किसलिए प्रसिद्ध है।

(क) मैंगनीज (ग) बॉक्साइट
(ख) ताँबा (घ) लोहा

Lohardagga is famous for:

(a) Manganese(b)Copper
(c)Bauxit(d) Iron

4. उत्तर प्रदेश के बाद भारत की जनसंख्या का अत्यधिक अनुपात किस राज्य का है ?

(क) बिहार (ख) महाराष्ट्र
(ग) आन्ध्र प्रदेश (घ) पश्चिम बंगाल

Which state shares the largest proportion of population of Indiaafter utter Pradesh?

(a) Bihar (b)Maharashtra
(c)Andhra Pradesh(d) West Bengal

5.सामान्यतः कार्यशील जनसंख्या निम्न आयु वर्ग में मानी जाती है।

(क) 21 – 60 वर्ष (ख) 18 – 65 वर्ष
(ग) 15 –65 वर्ष (घ) 15 – 59 वर्ष

The working age group population generally represented by one of the following figures.

(a) 21 – 60 Year (b) 18 – 65 Year

(b) 15 – 65 Year (d) 15 – 59 Year

6.नीलगीरी पहाड़ी कहाँ अवस्थित है ?

(क) कर्नाटक (ख) केरल

(ग) आंध्र प्रदेश (ध)तमिलनाडु

Nilgiri hills is located at

(a) Karnataka(b) Kerala

(c) (c) Andhra Pradesh (d) Tamil nadu

7. राष्ट्रीय राजमार्ग नं० 4 किन्हें मिलता है ?

(क) चेनन्ई को मुंबई से (ख) चेन्नई को कोलकता से

(ग) दिल्ली को मुंबई से (ध) दिल्ली को कोलकता से

The national highway No. 4 connetcs:

( a) Chennai with Mumbai (b) Chennai with Kolkata

(c) Delhi with Mumbai(d) Delhi with Kolkata

8. 2001–2011 के दौरान जनसंख्या की निम्नतम वृद्धि दर किस राज्य मेंरिकार्ड की गई थी ?

(क) सिक्किम (ख) बिहार

(ग) असम (ध) नागालैंड

Which of the following state recorded the lowest growth rate of population during 2001-2011 .

(a) Sikkim(b) Bihar

(c)Assam(d)Nagaland

9.प्रथम जूट उद्योग की स्थापना कहाँ हुई

(क) रिशरा (ग) नैहारी

(ख) हावड़ा (ध) हल्दिया

Where was the first jute industrywas established.

(a) Rishra(b) Haora

(c) Naihati (d) Haldia

10.मैनचेस्टर किसलिए प्रसिद्ध है ?

(क) लोहा इस्पात उधोग (ख) सूती वस्त्र उघोग

(ग) जूट उघोग (ध) ऊनी वस्त्र उघोग

Manchester is famous for

(a) Iron and steel industry (b) Cotton textile industry

(c) Jute industry (d) woolen textile industry

11.निम्नलिखित में से कौन सा प्राकृतिक बंदरगाह नहीं है ?

(क) चेन्नई (ख) मुंबई

(ग) कोच्वि (ध) पाराद्वीप

Which of the following is not a natural port?

(a) Chennai (b) Mumbai

(c) Kochi(d) Paradwip

12.भारत के किस राज्य में भिलाई इस्पात संयंत्र स्थित है ?

(क) ओडिसा (ग) आंध्र प्रदेश
(ख) छत्तीसगढ़ (घ) मध्य प्रदेश

In which state of India is Bhilai steel plant located?
(a) Oddissa (b) Chhattisgarh
(c) Andhra Pradesh (d) Madhya Pradesh

13.निम्नलिखित में कौन –सा धात्विक खनिज है ?
(क) चूना पत्थर (ख) कोयला
(ग) अभ्रक (घ) लोहा

Which one of the following is a metallic minerals ?
(a) Lime stone (b) Coal
(c) Mica (d) Iron

14.निम्नलिखित में से कौन सा मूँगफली का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है ?
(क) महाराष्ट्र (ख) गुजरात
(ग) बिहार (घ) राजस्थान

Which one of the following state is the largest production of groundnut ?
(a) Maharashtra (b) Gujarat
(c) Bihar (d) Rajasthan

15. निम्नलिखित में कौन सा ऊर्जा का अनवीकरणीय स्त्रोत है ?
(क) सौर (ख) कोयला
(ग) पेट्रोलियम (घ) परमाणु ऊर्जा

Which one of the following is a non-renewable source of energy ?
(a) Solar(b) Coal
(c) Petroleum (d) Atomic energy

16.निम्नलिखित में से कौन खरीफ है ?
(क) गेहूँ (ख) चावल
(ग) चना (घ) जौ

Which of the following is a kharif crops ?
(a) Wheat(b) Rice
(c) Gram (d) Barley

17. पूर्वमध्य रेलवे क्षेत्र का मुख्यालय है ?
(क) इलाहाबाद (ख) हाजीपुर
(ग)कोलकता (घ) गोरखपुर

Where is the headquarter of the East Centeral Railways ?
(a) Allahabad (b)Hajipur
(c)Kolkata (d)Gorakhpur

18. निम्नलिखित में से किस महाद्वीप में जनसंख्या वृद्धि सर्वाधिक है ?
(क)अफ्रीका (ख) दक्षिण अमेरिका (ग) उत्तर अमेरिका (घ) एशिया

Which one of the following continent has the highest population growth?
(a) Africa (b) South America
(c) North America (d) Asia

19.कपासउत्पादन का सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र है ।

(क) दक्कन क्षेत्र (ख) उत्तरी क्षेत्र
(ग) उत्तर –पूर्व क्षेत्र (ध) पूर्वी क्षेत्र

Important cotton production area is:
(a) Daccan(b) North area
(c) North –east area (d) Eastern area

20. कृषि के अतर्गत निम्नलिखित में से एक किया–कलाप सम्मिलित है?
(क) फसलों का उत्पादन (ख) पशुपालन(ग) मत्स्य
(ध) इनमें से सभी

Which one of the following avtivities is included in agriculature ?
(a) Crop cultivation (b) Animal husbandry
(c) Fishing (d) All the above

21.किस फसल की खेती पहाड़ी ढ़ालों पर की जाती है ?
(क)जूट (ख) चाय
(ग) गन्ना (ध) कपास

Which of the following crops are grown on mountain slopes?
(a) Jute(b) Tea
(c) Sugarcane (d) Cotton

22.भारत में सबसे कम जनसंख्या किस राज्य की है ?
(क)हिमाचल प्रदेश (ख)अरूणाचल प्रदेश(ग) सिक्किम
(ध) गोवा

Which one of the following states has the lowest population in india ?
(a) Himachal Pradesh (b) Arunachal Pradesh
(c) Sikkim (d) Goa

23.दिल्ली किस प्रकार का नगर है ?
(क) प्रशासनिक(ख) व्यापारिक(ग) औद्यौगिक (ध) शैक्षिक

Delhiis of which type of city? -
(a) Administrative(b) Commercial
(c) industrial (d) educational

24. भारत में नगरीय अधिवास को परिभाषित करने के लिए जनसंख्या का न्युनतम घनत्व होना चाहिए।
(क) 100 व्यक्तिप्रति वर्ग कि•मी• (ख) 400 व्यक्ति प्रति वर्ग कि•मी•
(ग) 500 व्यक्ति प्रति वर्ग कि•मी• (ध) 1000 व्यक्तिप्रति वर्ग कि•मी•

The minimum population density necessary for a settlement to be designated as urban settiement is –
(a) 100 persons per sq. km (b) 400 persons per sq. km
(c)500persons per sq. km (d)1000 persons per sq. km

25. इनमें से कौन क्षेत्र सूखा प्रवण्य क्षेत्र है ?
(क)पश्चिम बंगाल (ग) गुजरात (ख)उत्तर प्रदेश
(ध) उत्तराखण्ड

Which of the following is drought prone region?

(a) WestBengal(b)Uttar Pradesh
(c) Gujarat (d) Uttarakhand

26.किस राज्य में गन्ने का पेराई काल अपेक्षाकृतं अधिक है ?
(क) पंजाब (ग) बिहार
(ख)उत्तर प्रदेश (ध) तमिलनाडु

Which of the following state has longer period of sugarcane crushing ?
(a) Punjab(b) Uttar Pradesh
(c) Bihar (d) Tamilnadu

27.किस फसल की खेती में बुवाई के समय कम तापमान चाहिए।
(क)धान (ख)गेहूँ(ग) जूट (ध) कपास

Which one of the following crops need low temperature during its sowing ?
(a) Rice(b) Wheat
(d) Cotton (c) Jute

28. मोरान, नहरकटिया, कलाकल, मेहसाना प्रसिद्ध है– ?
(क)तेल क्षेत्र (ख)कोयला
(ग) अभ्रक (ध) यूरेनियम

Moran, Naharkatiya, Kalol and Mehsana are famous for -
(a) Oil Field (b)coal mines
(b) Mica mines (d) Uranium Mines

भाग –II

SECTION – II

(गैर–वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

(Non-Objective Questions)

खण्ड – ब

Group – B

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

(Short Answer Questions)

प्रश्न संख्या 1 से 12 तक लघु उत्तरीय है। सभी 12 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है। 12 x 2 = 24

Questions no. 1 to 12 are short answer type. Answer all the 12 questions. Each question carries 2 marks 12 x 2 = 24

1.जल प्रदूषण की रोकथाम के लिए दो महत्वपूर्ण सुझाव दें।

Give two important suggestions to control water pollution.

2,गन्ना की खेती के लिए आदर्श परिस्थितियाँ क्या होनी चाहिए ?

What should be the ideal conditions for sugarcane cultivation?

3, मैगनीज के उपयोग को लिखें।

Write the uses of magnese

4,नोएडा एवं बरौनी के महत्व का उल्लेख करें।

Mention the importance of Noida and Barauni.

5,भारत के चार प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा का नाम बताऐं।।

Write the four important international Airport of India.

6, भारतीय रेलवे की किन्हीं चार मुख्य समस्याओं को लिखे।

Write any four main problems of IndianRailways.

7, पाइपलाइन परिवहन के मुख्य विशेषताओं को लिखें।

Write the main characteristics of pipelines transport.

8, सतत विकास की क्या आवश्यकता है?

What is the need of sustainable development.

9, मानव विकास के चार स्तम्भों को लिखें।

Write four pillars of human development.

10, वृद्धि और विकास से आप क्या समझते है?

What do you understand by growth and development.

11,आप्रवास तथा उत्प्रवास को परिभाषित करें।

Define Emigration and Immigration.

12, प्रवास से संबंधित किन्ही चार अपकर्ष कारकों का उल्लेख करें।

Mention any four pull factors related to migration.

खण्ड – स

Group – C

(दीघ्र उत्तरीय प्रश्न)

(Long Answer Questions

प्रश्न संख्या 13 से 15 दीघ्र उत्तरीय है। सभी 3 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक निर्धारित है। 3 x 6 = 18

Questions no. 13 to 15 are long answer type. Answer all the 3 questions. Each question carries 6 marks 3 x 6 = 18

13, ग्रामीण बस्तियों के विभिन्न प्रतिरुपों का वर्णन कीजिए।
Describe the different patterns of rural settlement.

अथवा

भारत में सूती वस्त्र उद्योग के वितरण का वर्णन कीजिए।
Explain the distribuition of cotton textile industry of India.

14, भारतीय कृषि की मुख्य विशेषताओ का वर्णन कीजिए।
Describe the main characteristics of indian Agriculture?

अथवा

भारत में लौह अयस्क के उत्पादन एवं वितरण को स्पष्ट कीजिए ?
Explain the production and distribution of iron ore.

15, विश्व जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वालें कारकों का संक्षेप में वर्णन करें।
Describe the factors effecting the world population pattern in brief.

अथवा (OR)

भारत का मानचित्र बनाकर निम्नलिखित को प्रदर्शित करें:–
(क) लखनऊ (ख)मार्मागाआ (ग)रावतभाटा
(घ) जामनगर(ड.) मैसूर (च) खेतड़ी

Draw a map of India and show the following:-
(a)Lucknow(b) Marmagao(c) Rawatbhata
(d)Jamnagar (e) Mysore(f) Khetri

उत्तर

Answers

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | B | 8. | D | 15. | A | 22. | C |
| 2. | A | 9. | A | 16. | B | 23. | A |
| 3. | C | 10. | B | 17. | B | 24. | B |
| 4. | B | 11. | A | 18. | D | 25. | C |
| 5. | C | 12. | B | 19. | A | 26. | D |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6. | D | 13. | D | 20. | D | 27. | B |
| 7. | A | 14. | B | 21. | B | 28. | A |

## Answers(उत्तरमाला)

### Short answer type questions

1. जल प्रदूषण की रोकथाम के लिए दो महत्वपूर्ण सुझाव निम्न हैं :–

   a.घरेलू कूड़ा–कचरा को निर्धारित स्थान पर फेंकना

   b.मृत जीव – जंतुओं को नदियों /तालाबों में नहीं डालना या फेंकना।

2. गन्ना की खेती के लिए आदर्श परिस्थितियाँ निम्न है :–

   i. तापमान – $21^0$c -$27^0$c
   ii. वर्षा –75 –100 cm
   iii. मिट्टी – दोमट
   iv. भूमि –समतल
   v. श्रम – सस्ते प्रर्याप्त कुशल।

3. मैगनीज के उपयोग निम्न हैः–

   i. जंगरोधी इस्पात बनाने में
   ii. शुष्क बैटरियों के निर्माण में
   iii. फोटोग्राफी में
   iv. चमड़ा एवं माचिस उद्योग में।

4. नोएडा सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क के लिए प्रसिद्ध है तथा बरौनी तेलशोधक कारखाना के लिए प्रसिद्ध है।

5. भारत के चार प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा निम्न हैः–

   i. ज्वाहरलाल नेहरू हवाई अड्डा (सांताकुंज)–मुम्बई
   ii. सुभाषचन्द्र बोस हवाई अड्डा (दमदम) – कोलकाता
   iii. इन्दिरागाँधी हवाई अड्डा (पालम) –दिल्ली
   iv. अन्नादुरई हवाई अड्डा(मीनाम्बकम) – चेन्नई।

6. भारतीय रेलवे की चार मुख्य समस्या निम्न हैः–

   i. ट्रेनों का विलंब से चलना।
   ii. बिना टिकटयात्रा करना
   iii. रेल दुर्घटना
   iv. अनावश्यक चेन पुलिंग।

7. पाइपलाइन परिवहन की मुख्य विर्शेषता निम्न हैः–

   i. समय की बचत ।

ii. प्रदूषण की कम सम्भावनाएँ।
iii. दुर्गम स्थानों तक पहुँच।
iv. ऊर्जा की बचत।
v. चेरी या मिलावट का भय नहीं रहता।

यह एक सस्ता साधना ळें

8. सतत विकास की आवश्यकता निम्न कारणों से है:–
   i. भावी पीढी के लिये प्राकृतिक संसाधनों का सावधानी से उपयोग।
   ii. उनके जीवन स्तर में सुधार ।
   iii. पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण।
   iv. प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण।
   v. विकास कार्यो में वृद्वि।

9. मानव विकास के चार स्तम्भ निम्न है:–
   i. समता
   ii. सतत पोषणीयता
   iii. उत्पादकता
   iv. सशक्तीकरण।

10. वृद्वि और विकास दोनों समय के संदर्भ में परिवर्तन को इंगित करता है। वृद्वि मात्रात्मक और मूल्य निरपेक्ष होता है तथा इसका चिंन्ह धनात्मक अथवा ॠणात्मक हो सकता है। इसका अर्थ है कि परिवर्तन धनातमक अथवा ऋणात्मक हो सकता है।
    विकास का अर्थ गुणात्मक परिवर्त्तन है जो मूल्य सापेक्ष होता है। इसका अर्थ है – विकास तब तक नहीं हो सकता जबतक वर्तमान दशाओं में वृद्वि होती है। विकास का समय होता है। जहॉ सकारात्मक वृद्धि होती है।

11. किसी देश में बाहर से आकर बसने को आप्रवास तथा वहाँ से बाहर जाकर बसने को उत्प्रवास कहते है। इन दोनों से किसी देंश या राज्य की जनसंख्या में परिवर्त्तन होता है।

12. प्रवास से संबंधित चार अपकर्ष कारक निम्न है:
    i. काम के बेहतर अवसर
    ii. रहन–सहन की अच्छी दशाएँ
    iii. शांति व स्थायित्व
    iv. जीवन व संपति की सुरक्षा तथा अनुकूल जलवायु।

## Long Type Questions Ansers

13. बस्तियों के प्रतिरुप उन बस्तियों की आकृति (Shape ) के अनुसार होते हैं एवं इनके मकानों एवं मार्गो की स्थिति के क्रम एवं व्यवस्था के आधार पर निश्चत किया जाता है:–

    ग्रामीण बस्तियों के निम्न प्रतिरुप है:–

    i. आयताकार प्रतिरुप–इस प्रकार की बस्ती में गलियाँ सीधी होने के साथ–साथ एक दूसरे को समकोण पर काटती हैं, जिससे आयताकार प्रतिरुप की बस्ती बनाती है,

जैसेः–
भारत के उत्तरी मैदान में

ii. रेखीय प्रतिरुपः– यह प्रतिरुप सड.क के किनारे विकसित होती है। यह कतार–बद्व होता है मकान एक दूसरे के आमने–सामने होता है झारखण्ड के छोटानागपुर, उत्तर–पूर्वी भारत के पर्वतीय भागो में।
iii. चौक पट्टी प्रतिरुप– मैदानो में दो मार्गों के मिलने के क्रॉस पर विकसित होता है–भारत के मैदानी भाग में
iv. वृतीय तथा अर्द्व–वृतीय प्रतिरुप–किसी तालाब,झील,ज्वालामुखी या समुद्रतट के चारों ओर विकसित प्रतिरुप
जैसेः–काठियावाड. तथा कच्छ के दलदल में।
v. तारा प्रतिरूप – जहाँ कई सडके आकर मिलती हो जैसेः– पंजाब, हरियाणा,
vi. त्रिभुजाकार प्रतिरूप– जहाँ कोई सडक या नहर दूसरी सडक या नहर से आकर मिलती हो परंतु उसको पार नहीं करती हो।
vii. नीहारिका प्रतिरूप जहाँ सडको की व्यवस्था सामान्यतः वृतीय होती है तथा जो बस्ती केन्द्र में आकर समाप्त हो जाती है जैसे हिमाचल प्रदेश के पहाडी भागो में।
viii. सीढीनुमा प्रतिरूप खेती पर्वतीय एवं पठारी क्षेत्रों में की जाती है जैसे– अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, जम्मू– कश्मीर ग्रामीण बस्तियों के अन्य प्रतिरूपो में खोखला वर्गाकर, एल प्रतिरूप, आदि पाये जाते है।
ix.

अथवा

सूती वस्त्र उद्योग एक शुद्ध कच्चा माल आधारित उद्योग है जिसके कारण इस उद्योग का वितरण कच्चे माल के क्षेत्रो मे हुआ है। पहले यह उद्योग प्रायद्वीपीय पठारी क्षेत्रो में केन्द्रीत था लेकिन हाल के वर्षो में इस उद्योग का विकेन्द्रीकरण बाजार की सुविधा वाले क्षेत्रो मे हुआ है।

अर्थात आरंभिक काल में यह उद्योग केवल मुम्बई – अहमदाबाद क्षेत्र तक सीमित था वर्तमान समय में देश के सबसे विकेन्द्रीत उद्योग बन चुका है वितरणः– 1. महाराष्ट्र में 125 मिले है। जहॉ सर्वाधिक मुम्बई में 60 मिले है। इसे सूती वस्त्रो की राजधानी (cottonopolis) कहा जाता है। इसके अतिरिक्त सतारा, शोलपुर, अकोला, अमरावती, वर्धा, पूणे, कोल्हापुर, नागपुर आदि केन्द्र है।
2. गुजरात – यहाँ 120 मिलें है। केवल अहमदाबाद में 67 उद्योग स्थित है। यह इसी कारण भारत का मैनचेस्टर कहलाता है, मुम्बई और अहमदाबाद मिलकर देश के कुल उत्पादन का 80 प्रतिशत से भी अधिक उत्तम (superfine) कपड़ा बनाते है। यहाँ अन्य केन्द्रो में– राजकोट, भावनगर, सूरत, भडौच बडोदरा एवं पोरबंदर है।

महाराष्ट्र एवं गुजरात में सूती वस्त्र उद्योग के स्वाधिक विकसित होने का प्रमुख कारण है 1. समुद्री जलवायु
2. सस्ती जलविद्युत कि सुविधा 3. काली मिट्टी मे कपास उत्पादन की सुविधा 4. पुँजी की उपलब्धता

3. मध्य प्रदेश– 88 मिले है। यहाँ उज्जैन, ग्वालियर, भोपाल, देवास, रतलाम, जबलपुर प्रमुख केन्द्र– है।
4. उत्तर प्रदेश – 41 मिले है। कानपुर को "उत्तर भारत का मैनचेस्टर" कहा जाता है इसके अतिरिक्त अन्य केन्द्र– अलीगढ आगरा, इटावा,सहारनपुर,मुरादाबाद, बरेली,मोदीनगर, वाराणसी, लखनऊ है ।
5. पश्चिम बंगाल : 41 मिलें है । कोलकाता प्रमुख केन्द्र है । स्थानीयकरण का मुख्य कारण, बजार की सुविधा, रेल और जल परिवहन, पर्याप्त सस्तें श्रमिक, आर्द्र जलवायु आदि है ।
6. तमिलनाडू :– 300 मिलें है । केवल कोयंबटूर में 91 मिलें है । इसे " दक्षिण भारत का मैनचेस्टर कहा जाता है । अन्य केन्द्र – मदुरई , सलेम , मदास , पेराम्बुर, तिरूनेलवेली, रामनाथपुरम , तुतीकोरिन आदि है ।

14. भारतीय कृषि की मुख्य विशेषताएँ निम्न है

1- देश की आर्थिक सम्पन्नता का आधार है।
2- 2/3 लोगों की जीविका कृषि पर आश्रित है।
3- विशाल जनसंख्या के जीविकोपार्जन का प्रमुख साधन है
4- अनेक उद्योगों को कच्चा माल प्रदान करती है जैसे चीनी उद्योग, सूतीवस्त्र , जूट उद्योग , सिगरेट उद्योग
5- अन्तर्राष्ट्रीय व्यपार में महत्वपूर्ण भूमिका
6- पशुपालन भी कृषि पर निर्भर है
7- समाजिक –सांस्कृतिक जीवन की आधारशिला
8- देश की राष्ट्रीय आय का 29 प्रतिशत कृषि से प्राप्त
9- खाद्यान्न के अतिरिक्त फल –फल , साग सब्जियों तथा रेशों का उत्पादन आदि ।
10- भारत की जलवायु विशेषकर तापमान वर्ष भर कृषि के उत्पादन के अनुकूल रहती है
11- जलवायु विविधता के कारण भारत में उष्ण ,उपोष्ण और शीतोष्ण सभी फसलें उगायी जाती है

अथवा

भारत विश्व में लौह अयस्क के भंडार में पॉचवॉ स्थान (1.आस्ट्रेलिया,2. ब्राजील ,3. रूस ,4. चीन )रखता है जब कि उत्पादन में चीन, अस्ट्रेलिया और ब्राजील के बाद चौथा स्थान रखता है । भारत में लौह अयस्क मुख्य रूप से धारवाड़ संरचना में पाया जाता है ।

उत्पादन (production) भारत में चार प्रकार के लौह अयस्क का उत्पादन होता है लौह अयस्क के उत्पादन में 1. उड़िसा ,2.कर्नाटक 3. छतीसगढ़ है जबकि भंडार में पंचम स्थान कर्नाटक रखता है ।

1. मैग्नेटाइट ($Fe_3O_4$) यह सर्वोत्म किस्म का अयस्क है जो दक्षिण–पूर्वी सिंहभूम ,कर्नाटक (कुद्रेमुख) तमिलनाडू (सलेम) एवं आन्ध्रप्रदेश में मुख्य रूप से पाया जाता है ।
2. हेमाटाइट ( $Fe_2O_3$)- 2/3 से अधिक संचित भंडार है इसका उत्पादन झारखंण्ड, उडीसा,महाराष्ट्रमें उत्पादन किया जाता है ।
3. लिमोनाइट (2 $FeO_3$) इसका उत्पादन पश्चिम बंगाल के रानीगंज क्षेत्र में होता है

4. सिडेराइट (FeCO) यह निम्नकोट का अयस्क है– गोआ तथा छतीसगढ़ में उत्पादन होता है ।

वितरणः– 1. उडी़सा – इस राज्य के क्योझर , बोनाई तथा मयूरभंज जिले लौह उत्पादन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है । खनन केन्द्रों में – गुरूमहीषानी , बादामपहाड़ , किरीबुरू प्रमुख है

2. कर्नाटक :– में चिकमंगलूर जिले का बाबाबूदन पहाडी़ एवं कुद्रेमुख क्षेत्र , बेल्लारी जिले के हास्पेट , चित्रदूर्ग और सिमोगा जिला प्रमुख है ।

3.छतीसगढ़ः– यहाँ दंतेवाड़ा जिला का बैलाडीला कांकेट जिला का रावधाट दूर्ग जिला का डल्ली – राजहरा प्रमुख उत्पादन केन्द्र है

4.गोवाः– मांडवी तथा जुएटी नदियों की घाटियों में साधारण कोटी का लौह अयस्क केन्द्र है ।

5.झारखंड :– लोह अयस्क मुख्यतः सिंहभूम जिलें में पाया जाता है जो उच्चकोटि का हेमाटाइट अयस्क होता है यहाँ प्रमुख खनन केन्द्र –नोआमुंडी , गुआ, जामदा, एवं मनोहरपुर है ।

6.महाराष्ट्रः– चांदा जिला के पीपलगाँव एवं लोहरा तथा दक्षिण –पश्चिम में – रत्नागिरी जिला मेंं उत्पादन किया जाता है ।

7.तमिनलाडू :– सलेम जिला के शिवराय पहाडी़ से

8.आन्ध्रप्रदेश :– कृष्णा , कर्नूल , कुडप्पा , चित्तुर , गुन्टुर एवं बारंगल जिला में उत्पादन होता है ।

15. विश्व जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले निम्न कारक उदरदायी हैं।

1- भौगोलिक कारक

2- आर्थिक कारक

3. समाजिक एवं सांस्कृतिक कारक

भौगोलिक कारक के अन्तर्गत निम्न कारक है

- जल की उपलब्धता – जल का उपयोग पीने, नहाने और भोजन बनाने में , साथ –साथ पशुओं , फसलों , उद्योगों तथा नौसंचालन में किया जाता है । यही कारण है कि प्रथम सभ्यता नदी घाटी के क्षेत्रों में अधिवासित हुई थी ।
- भू– आकृति :– अधिकत्तर जनसंख्या समतल मैदानों और मंद ढालों पर बसने को वरीयता देतें है ।
- जलवायुः– अनुकूल जलवायु जिसमें मौसमी परिवर्तन कम होते है , अधिक लोगों को आकर्षित करता है ।
- मिट्टी :– उपजाऊ मुद्रा वाले प्रदेश में लोग बसना पसंद करते तुलनात्मक रूप से पर्वतीय पठारी एवं मरूस्थलीय क्षे़त्रों के ।

2. आर्थिक कारक :– इसके अन्तर्गत खनन और नगरीकरण आदि जनसंख्या को प्रभावित करती है ।

खनिज निक्षेपों से युक्त क्षेत्र उद्योगों को आकृष्ट करते है । खनन और औद्योगिक गतिविधियाँ रोजगार उत्पन्न करतें है । फलस्वरूप क्षेत्र सधन जनधनत्व वाला बन जाता है

नगरीकरण रोजगार के बेहतर अवसर , शैक्षणिक व चिकित्सा संबंधी सुविधाएँ तथा परिवहन और संचार के बेहतर साधन प्रस्तुत करते है ।

औद्योगिकरण :– औद्योगिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराती है और बडी़ संख्या में लोगों आकर्षित करती है ।

3. समाजिक एवं सांस्कृतिक कारक :– कुछ स्थान धार्मिक अथवा सांस्कृतिक महत्व के कारण अधिक लोगों को आकर्षित करते है । ठीक इसी प्रकार लोग उन क्षेत्रों को छोडकर चले जाते है जहाँ समाजिक और राजनीतिक अशांति होता है।

मानचित्र


6 Khetri
3 Rawatbhata
1 Lucknow
4 Jamnagar
2 Marmagao
5 Mysore

# Geography
## A-GEOG (OPT)

समयः 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांकः 70
Time: 3 Hours 15 Minute] [Marks: 70

परीक्षार्थी के लिए निर्देशः

Instruction to the candidate:

19. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

20. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

Figure in the right hand margin indicate full marks.

21. परीक्षार्थी प्रत्येक उत्तर के साथ भाग संख्या, खण्ड संख्या और प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।

Write Section number, Group number and Question number with every answer.

निर्देशः इस प्रश्न पत्र में दो भाग हैं, भाग –I एवं भाग –II। भाग –I में खण्ड – अ तथा भाग –II में खण्ड – ब तथा खण्ड – स है।

भाग –I: भाग –Iकेखण्ड – ब के प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के हैं। इस खण्ड के प्रश्न संख्या 1 से 28 के प्रत्येक 1 अंक का है। सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

भाग –II: भाग –IIके सभी प्रश्न गैर–वस्तुनिष्ठ है। भाग –IIके खण्ड – ब के प्रश्न लघु उत्तरीय प्रकार के हैं। सभी 12 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। भाग –II के खण्ड – स के प्रश्न दीर्घ उत्तरीय प्रकार के हैं। सभी 3 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है।

Instruction: This paper consists of two Sections, Section – I & II. Section – I consists of Group – A and Section – II consists of Group – B & Group – C.

Section – I: Group A of Section –I are Objective Type questions. In this group question No. 1 to 28 carry 1 mark each. Answer all questions.

Section – II: All question – Section – II are Non=Objective Type. Group –B of Section – B are Short Type Questions. Answer all the 12 questions. Each question carries 2 marks. Group – C of Section – II are Long Type Questions. Answer all 3 questions. Each question carries 6 marks.

भाग – 1

SECTION – 1

खण्ड – अ

Group – A

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

(Objective Questions)

VII. निमनलिखित प्रश्न संख्या 1 से 28 में चार विकल्पों में एक सही है। आपको सही विकल्प चुनना है: 28 x 1 = 28

From questions no. 1 to 28 there are four options of which one is correct. In each question you have to choose the correct option: 28 x 1 = 28

1. अभ्रक का मुख्य उत्पादक देश है–

(क) भारत (ख) यू.एस.ए.

(ग)ब्राजील (घ)चीन

Which one of the following countries is the major producer of mica?

(A)India (B) U.S.A

(C) Brazil (D) China

2. निम्नलिखित में से किसने भूगोल के मानववादी संप्रदाय की स्थापना की?

(क) वोलपर्ट (ख) किर्क

(ग) तुआन (घ) हार्वे

Who founded the Humanistic school of Geography?

(A)Wolpert (B) Kirk

(C) Tuan (D) Harvey

3.किरकुक, जो विश्व में सर्वाधिक महत्वपूर्ण तेल क्षेत्र है, कहाँ स्थित है?

(क)ईरान (ख)कुवैत

(ग)इराक (घ) रूस

Kirkuk, one of the most important oilfields in the world,is locatedin

(A)Iran (B) Kuwait

(C) Iraq (D) Russia

4. निम्नलिखित में से किस राज्य की सबसे लंबी तट रेखा है ?

(क) तमिननाडु (ख) गुजरात

(ग) महाराष्ट्र (घ)केरल

Which One of the following states has the longest coast line?

(A)Tamilnadu(B) Gujrat

(C) Maharashtra (D)Kerala

5. भारत में सबसे बड़ी मात्रा में आयात की जाने वाली वस्तुएँ कौन सी हैं ?

(क)कच्चा माल (ख) लोहा व स्टील
(ग) पेट्रोलियम व चिकनाई पदार्थ (घ) मोती व बहुमूल्य पत्थर

Which one of the following is the largest volume of import commodities in India?

(A) Raw Materials (B) Iron & steel
(C) Petroleum & Lubricants (D) Pearls and Precious stones

6. निम्नलिखित में से कौन भारत में नीली क्रांति से संबंधित है ?

(क) बागवानी (ख) पुष्प कृषि
(ग)रेशम उत्पादन (घ)मत्स्य पालन

Among the following which one is related to Blue Revolution in India?

(A) Horticulture (B) Floriculture
(C) Sericulture (D) Pisciculture

7.ट्रक खेती किससे संबंधित है ?

(क) साग–सब्जी (ख) अनाज
(ग) दूध (घ) मुर्गापालन

Truck farming is associated with

(A)Vegetables (B) Cereals
(C) Milk (D) Poultry

8. निम्नलिखित में से कौन सा राज्य के लिए मानव विकास सूचकांक निम्नतम दर्ज किया गया है?

(क) बिहार (ख) हिमाचल प्रदेश
(ग) पंजाब (घ) हरियाणा

Which one of the following states has recorded the lowest human development Index?

(A)Bihar (B) Himachal Pradesh
(C) Punjab (D) Haryana

9. बोकारो इस्पात संयंत्र का निर्माण हुआ था............के सहयोग से ।

(क) यू.एस.ए. (ख) इंग्लेड
(ग) जर्मनी (घ) रूस

Bokaro steel plant was constructed with collaborationwith

(A)U.S.A. (B) England
(C) Germany (D) Russia

10. ऊर्जा संसाधन उपयोग की प्रक्रिया में अंतिम अवस्था है?

(क) परिवहन (ख) भंडारण
(ग) अवशिष्ट सामग्री का निपटान (घ) रूपांतरण

The final stage in the process of energy resource utilization is

(A)Transport (B)Storage
(C) Disposal of waste meterial (D) conversion

11.निम्नलिखित में से कौन जनजातीय अर्थव्यवस्था के साथ संबंधित है ?

(क) गहन खेती (ख) स्वछंद उधोग
(ग) खनन व उत्खनन (घ) स्थानान्तरित कृषि

Which one of the following is related to Tribel Economy?
(A) Intensive cultivation (B) Footloose Industry
(C) Mining and Quarrying (D) Shifting cultivation

12.निम्नलिखित में से किस राज्य में उसके कृषि क्षेत्र का अधिकतम प्रतिशत नहर सिचाई के अंतर्गत आता है ?
(क) उत्तर प्रदेश (ख) मध्य प्रदेश
(ग) जम्मु व कश्मीर (घ) उत्तराखण्ड

Which of the following states has the highest percentage of its agricultural area under canal irrigation?
(A) Uttar Pradesh (B) Madhya Pradesh
(C) Jammu & Kashmir (D) Uttarakhand

13.उत्तर पूर्वी भारत में स्थानांतरित कृषि की प्रथा को.........कहते है ।
(क) लादांग (ख) मिल्पा
(ग) रोका (घ)झूम

The practice of shifting cultivation is know as in North Eastern India
(A) Ladang (B) Milpa
(C) Roca (D) Jhum

14.सूती वस्त की राजधानी है ?
(क) दिल्ली (ख) अहमदाबाद
(ग) मुम्बई (घ)कोलकताा

Cottonopolish of India is:
(A) Delhi (B) Ahmadabad
(C) Mumbai (D) Kolkata

15."बमिंघम" किस प्रकार के उधोग के लिए प्रसिद्ध है ?
(क) सूती वस्त्र (ख) चीनी
(ग) लोहा–इस्पात (घ) पेट्रो–रसायन

For which type of industry Bermingham is famous for ?
(A) Cotton Textile (B) Sugar
(C) Iron-ore (D) Petro-chemical

16.पंचम क्रियाकलाप में लगे लोगों के लिए निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों में से किसका प्रयोग किया जाता है?
(क) लाल कॉलर श्रमिक(ख) गुलाबी कॉलर श्रमिक
(ग) स्वर्ण कॉलर श्रमिक (घ) काला कॉलर श्रमिक

People engaged in quinary activities is termed as one of the following:-
(A) Red Collar worker (B) Pink Collar workar
(C) Golden Collar worker (D) Black Collar workar

17.निम्नलिखित में से कौन परिवहन का तीव्रतम साधन है?

(क) वायु परिवहन (ख) जल परिवहन
(ग) रेल परिवहन (घ)सड़क परिवहन

Which of the following is the fastest transportation mode?
(A) Air transport (B) Water transport
(C) Rail transport (D) Road transport

18) रबर का सबसे बड़ा निर्यातक देश कौन है?
(क) रूस (ख) अमेरिका
(ग) जापान (घ) मलेशिया
Which country is the largest exporter of rubber?
(A) Russia (B) America
(C) Japan (D) Malaysia

19) जीवन निर्वाह कृषि की मुख्य फसल ........... है।
(क) चावल
(ख) गेहूँ
**(ग) मकई**
**(घ)सोयाबीन**

________ is the main crop of subsidence farming.
(A) Rice
(B) Wheat
(C) Maize
(D)Soyabeen

20. **पंजाब,हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गहन सिंचाई के निम्नलिखित में कौन से परिणाम है?**
**(क) मृदा में लवणता (ख) भौम जल सिंचाई में कमी**
**(ग) भूमि की गुणवता में कमी (घ) इनमे सभी**
Which one of the following is the result of intensive irrigation in Punjab, Haryana and western Uttar Pradesh?
A. Salinity in soil
B. Lack of ground water irrigation
C. Lack of quality of land
D. all of these

21. **एशिया का सबसे बड़ा पवन उर्जा संयंत्र कहाँ है?**
**(क) राजस्थान (ख) गुजरात**
**(ग) महाराष्ट्र (घ) कर्नाटक**

Where is Asia’s largest wind energy plant?
A. Rajasthan
B. Gujrat
C. Maharashtra
D. Karnataka

22. **ट्रॉम्बे औद्योगिक केन्द्र किस औद्योगिक प्रदेश में है?**

(क) मुंबई– पुणे (ख) हुगली
(ग) गुजरात (घ) छोटानागपुर

Tromboy industraial centre is in which industrial region?

A. Mumbai-Pune
B. Hugli
C. Gujrat
D. Chota nagpur

23. "हमारा साक्षा भविष्य" 1987 एकरिर्पोर्ट किसके द्वारा प्रकाशित किया जाता है?

(क) रोम क्लब (ख) ब्रुटंलैंड रिर्पोट
(ग) यू•एन•डी•पी• (घ) इनमे से कोई नहीं

Our common future (1987) is a report published by;

A. club of Rome
B. Brundtland report
C. UNDP
D. None of them

24. नेशनल रिमोट सेंसिंग एजेंसी कहाँ स्थित है?

(क) बेंगलौर (ख) हैदराबाद
(ग) देहरादून (घ) इनमे से कोई नहीं

Where is national remote Sensing agency situated?

A. Bangalare
B. Hyderabad
C. mangalore
D. None of these

25. निम्नलिखित में से कौन सा एक स्थलबद्ध पत्तन है?

(क) विशाखापत्तनम (ख) एन्नौर
(ग) मुंबई (घ) हल्दिया

Which one of the following is a land locked port

A. Vishakhapatnam
B. Ennore
C. Mumbai
D, Haldia

26. निम्नखिति में से किस क्षेत्र में घरातलीय एवं भौमजल का सर्वाधिक उपयोग किया जाता है?

(क) घरेलू (ख) औद्योगिक
(ग) कृषि (घ) इनमे से कोई नहीं

Which of the following sector has highest surface and groundwater consumption?

A. Domestic
B. Industrial
C. Agriculture
D. none of these

27. विश्व के अनेक भागों में रसोई गैस की आपूर्ति परिवहन के किस साधन द्वारा होती है?

(क) वायुयान (ख) पाइपलाइन

(ग) रेल (घ) सड़क

Which mode of transport is used to supply cooking gas in different areas of the world;

A. Aeroplane

B. Pipeline

C. Rail

D. Road

28. रूर कोयला क्षेत्र किस देश में स्थित है?

(क) फांस (ख) जर्मनी

(ग) बेल्जियम (घ) डेनमार्क

In which country Ruhar coal field is situated

A.france

B. Germany

C.Belgium

D. Denmark

## भाग –II

## SECTION – II

### (गैर–वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

### (Non-Objective Questions)

### खण्ड – ब

### Group – B

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

### (Short Answer Questions)

प्रश्न संख्या 1 से 12 तक लघु उत्तरीय है। सभी 12 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है। 12 x 2 = 24

Questions no. 1 to 12 are short answer type. Answer all the 12 questions. Each question carries 2 marks 12 x 2 = 24

(1.) ऋृतुप्रवास क्या है?
What is transhumance?

(2.) विश्व के पाँच प्रमुख महासागरीय जलमार्ग का नाम बतावें।
Name the five important ocenic waterways of the worlds.

(3.) चलवासी पशुपालन एवं व्यापारिक पशुपालन में अन्तर स्पष्ट कीजिए?
Differentiate clearly between nomadic herding and commercial herding ?

(4.) ट्रक कृषि को परिभाषित करें।
Define Truck farming.

(5.) रोपण कृषि की प्रमुख विशेषताओं को लिखें।
Write the important characteristics of plantation agriculture.

(6.) सरकारी कृषि के बारे में आप क्या जानते है?
What do you understand by co-operative agriculture.

(7.) 'सागर सम्राट' क्या है?
What is sagar samrat ?

(8.) इंदिरा गाँधी नहर के बारे में आप क्या जानते है?
What do you know about Indira Gandhi canal ?

(9.) जमशेदपुर में टिस्को की स्थापना के कारकों का विवरण दें।
Give an account of the factors for localization of TISCO at Jamshedpur.

(10.) भारत में अणुशक्ति के विकास पर एक संक्षिप्त नोट लिखिए।
Write a short note on the development of atomic power in India

(11.) भारत के प्रमुख तेल शोधक शालाओं का नाम लिखें।
Write the name of main oil refineries in India.

(12.) जल विद्युत उत्पादन के कौन–कौन से मुख्य कारक है?

What are the important factors for production of hydel power?

खण्ड – स

Group – C

(दीघ्र उत्तरीय प्रश्न)

(Long Answer Questions

प्रश्न संख्या 13 से 15 दीघ्र उत्तरीय है। सभी 3 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक निर्धारित है। 3 x 6 = 18

Questions no. 13 to 15 are long answer type. Answer all the 3 questions. Each question carries 6 marks 3 x 6 = 18

13. उर्जा संकट के समाधान की दिशा में कौन–कौन सा प्रयास किया जा सकता है स्पष्ट करें।

अथवा

मानव विकास सूचकांक किन आधारों पर तैयार किया जाता है, एवं इस आधार पर विश्व को विभाजित करें।

14. भारत में जल परिवहन के अविकसित होने के कारणों को स्पष्ट किजिए।

Discuss the causes of undeveloped waterways - India

अथवा

मलिन बस्तियों कि प्रमुख विशेषताएँ एवं मलिन बस्तियों के रोकथाम के उपास बताए।

15. उद्योगो की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले कारको की विवेचना करें।

Discuss the factor affecting the location of idustry.

अथवा

भारत का मानचित्र बनाकर निम्नलिख्ति को प्रदर्शित करें:–

(क) तारापुर (ख) अमृतसर (ग) कोरापुट (घ) शोलापुर (ड़) कानपुर (च) तुतीकोरण

Draw a map of idia and show the following:-

(a)Tarapur (b)Amritsar

(c) Koraput (d)Sholapur

(e)Kanpur (f)Tuticorin

Answer(उतरमाला)

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | A | 8 | A | 15 | C | 22 | A |
| 2 | C | 9 | D | 16 | C | 23 | B |
| 3 | C | 10 | C | 17 | A | 24 | C |
| 4 | B | 11 | D | 18 | D | 25 | A |
| 5 | C | 12 | A | 19 | A | 26 | C |
| 6 | D | 13 | D | 20 | D | 27 | B |
| 7 | A | 14 | C | 21 | B | 28 | B |

उत्तरमाला (Answers)

1. नए चरागाहों की खोज में पशुपालक समतल भागों एवं पर्वतीय क्षेत्रों में लंबी दूरियाँ तय करते है गर्मियों में मैदानी भाग से पर्वतीय चारागाह की ओर एवं शीत में पर्वतीय भाग से मैदानी चरागाहों की ओर प्रवास करतें है इनकी इस गतिविधि को ऋतुप्रवास कहा जाता है। भारत में हिमालय के पर्वतीय क्षेत्रों में गुज्जर, बकरवाल, गद्दी एवं भूटिया लोगों के समूह ग्रीष्मकाल में मैदानी क्षेत्रों से पर्वतीय क्षेत्रों से चले जातें है एवं शीतकाल में पर्वतीय क्षेत्रों में मैदानी क्षेत्र में आ जातें है।

2. विश्व के पॉच प्रमुख महासागरीय जलमार्ग निम्न है :–
   1. उत्तरी अटलांटिक महासागरीय जलमार्ग
   2. दक्षिणी अटलांटिक जलमार्ग
   3. प्रशांत महासगरीय जलमार्ग स्वेज नहर मार्ग
   4. स्वेज नहर मार्ग
   5. पनामा नहर मार्ग

3. चलवासी पशुपालन एवं व्यापारिक पशुपालन में निम्नलिखित अंतर है :–

| चलवासी पशुपालन | व्यापारिक पशुपालन |
|---|---|
| 1.इसमें पशुपालक पानी एवं चारे की तलाश में अपनें पशुओं के साथ वितरण करतें रहतें है<br>2.इसमें किसी एक समय में ही विभिन्न प्रकार के जानवरों को पाला जाता है<br>3.यह पशुपालन जीवन निर्वाह की पद्धति होने के कारण स्थानीय होता है<br>4.इस पशुपालन में प्रमुख क्षेत्र सहारा, पूर्वी अफ्रिकी का तटीय भाग अरब प्रायद्वीप मध्य एशिया टुण्ड्रा और मेडागास्कर है | 1.इसमें बड़े पैमाने पर निश्चित स्थानों पर किया जाता है जहाँ चारागाह विस्तृत एवं स्थायी होतें है<br>2.इस पशुचारण में पशुपालन के अनुकूल क्षेत्र के आधार पर पशुओं को पाला जाता है<br>3.यह पशुचारण बड़े पैमाने पर किया जाता है अतः यह विस्तृत होता है<br>4.इस पशुपालन के प्रमुख क्षेत्रो प्रेयरीज, पम्पास,वेल्ड और डाउन्स है |

4. फलों और सब्जियों की विशिष्ट कृषि जो बाजार से काफी दूर की जाती है और जिससे परिवहन की आवश्यकता पड़ती है। ट्रक फार्म एवं बाजार के महत्व की दूरी जो एक ट्रक रात भर में तय करता है, उसी आधार पर इसका नाम ट्रक कृषि रखा गया है इस शब्द का प्रयोग अधिकांश संयुक्त राज्य अमेरिका में किया जाता है। इस कृषि में खेतों का आकार छोटा होता

है किन्तु श्रम एवं पूँजी की मात्रा अधिक लगती है

5. रोपण कृषि की प्रमुख विशेषता निम्नांकित है :—
   1. इसमें कृषि क्षेत्र का अकार बहुत विस्तृत होता है
   2. इस कृषि में अधिक पूँजी निवेश उच्च प्रबंधक एवं तकनीकी आधार एवं वैज्ञानिक विधियों का प्रयोग किया जाता है
   3. यह एक फसली कृषि है जिसमें किसी एक फसल के उत्पादन पर ही संकेन्द्रण किया जाता है
   4. बागानों को कारखानों तथा बाजारो से जोडने के लिए सस्ते परिवहन का प्रयोग किया जाता है

6. जब कृषकों का एक समूह अपनी कृषि से अधिक लाभ कमाने के लिए स्वेच्छा से एक सहकारी संस्था बनाकर कृषि कार्य संपन्न करें तो उसे सहकारी कृषि कहतें है इसमें व्यक्तिगत फार्म अक्षुण्ण रहते हुए सहकारी रूप में कृषि की जाती है। यह कृषि डेनमार्क, नीडरलैड, बेंल्जियम, स्वीडन एवं इटली में सफलता पूर्वक चला सबसे अधिक सफलता इसे डेनमार्क में मिली है प्रत्येक कृषक इसका सदस्य है।

7. महाराष्ट्र स्थित मुम्बई हाई क्षेत्र का पता सागर सम्राट नामक जहाज द्वारा 1975 में लगाया गया था यह पेट्रोलियम उत्पादक क्षेत्र मुम्बई तट से 176 किलो0 मी0 उत्तर पश्चिम दिशा में अरब सागर में स्थित है यहाँ समुद्र में सागर सम्राट नामक मंच बनाया गया है जो एक जलयान है और पानी के भीतर तेल के कुएँ खोदने का कार्य करता है यहाँ 80करोड़ टन तेल के भंडार का अनुमान है।

8. इंदिरा गाँधी नहर जिसे पहले राजस्थान नहर के नाम से जाना जाता था भारत में सबसे बड़े नहर में से तंत्रों` एक है। इस नहर का उद्गम सतलज तथा ब्यास नदियों के संगम पर स्थित हरीके बैराज से होता है। 1948 में कॅवर सेन द्वारा संकल्पित यह नहर परियोजना 31मार्च 1958 को प्रारंम्भ हुई। यह नहर पंजाब में हरीके बॉध से निकलती है और राजस्थान के थार मरूस्थल पाकिस्तान सीमा के समांनातर 40 कि0 मी0 की औसत दूरी पर बहती है। इस नहर तंत्र की कुल नियोजित लम्बाई 9060कि0मी0 है और यह 19.63लाख हेक्टेयर कृषि योग्य कमान क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा प्रदान करता है।

9. जमशेदपुर में टिस्को की स्थापना के निम्न कारक है :—
   i. यह कोयला और लौह अयस्क के क्षेत्रों के मध्य स्थित है इसलिए कच्चे माल तथा ईधन मंगाने में इसे बडी़ सुविधा है
   ii. कच्चे मालों को इकठा करने के साथ साथ तैयार मांल के वितरण में भी जमशेदपुर को यातायात की सुविधा है। मुम्बई और कोलकता को जो रेल सीधे मिलाती है वह जमशेदपुर होकर जाती है।
   iii. यह स्वर्णरेखा और खरकई नदियों के संगम पर वसा हुआ है। इस नदी से फैक्ट्री के लिए पर्याप्त पानी और लोहा ढालने के लिए बालु मिल जाता ळें
   iv. सघन जनसंख्या क्षेत्र होने से सस्ते श्रमिक आसानी से मिल जाते है।

10. भारत में अणुशक्ति के स्त्रोत यूरेनियम तथा थोरियम खनिज है।
यूरेनियम निक्षेप धारवाड़ सेलो में पाये जाते है। भौगोलिक रूप से यूरेनियम का मुख्य क्षेत्र सिंहभूम है जहा जादूगोडा तथा नरवा पहाड़ दो मुख्य खान है। इसके अतिरिक्त राजस्थान में उदयपूर के पास भी यूरेनियम का भंडार है। जब उच्च अणुभार वाले परमाणु विखंडित होते है

तो ऊर्जा का उत्सर्जन होता है। बेनेडियम, एण्टीमनी, ग्रेफाइट, यूरेनियम ओर मोनाजाइट आदि आणविक खनिज है । भारत में मोनाजाईट केरल राज्य में प्रचूर मात्रा में पाया जाता है। बेनेडियम झारखंड तथा उड़ीसा में मिलता है । थोरियम मुख्यतः केरल के तटीय क्षेत्र की पुलींग बीच की बालू में मोनाजाइट एवं इलमेनाइट से प्राप्त किया जाता है। तारापूर , कलपक्कम , नरोरा, रावतभाट्टा, कैगा और काकड़पारा में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित है।

11. भारत के प्रमुख तेल शोधक कारखाना निम्न हैं:–

I. गुवाहटी – असम
II. डिगबोई– असम
III. बरौनी– बिहार
IV. जामनगर– गुजरात
V. मथुरा – उत्तरप्रदेश
VI. कोयली– गुजरात
VII. मुम्बई– महाराष्ट्र
VIII. हल्दिया– प0 बंगाल।

12. जलविद्युत उत्पादन के मुख्य कारक निम्नांकित है:–

I. सदावाहिनी नदी में प्रचुर जल की राशि का होना।
II. नदी मार्ग में ढाल तथा जल का तीव्र वेग होना।
III. प्राकृतिक जल–प्रपात का होना।
IV. सघन औद्योगिक प्रदेश तथा परिवहन के साधन का होना
V. वाणिज्यिक विकास एवं घना आबादी क्षेत्रों का होना ।
VI. बाजार तथा पर्याप्त पूँजी निवेश का होना।

## Long Answe Type Questions

13. ऊर्जा संकट के समाधान के लिए निम्न प्रयास किये जा सकते है।

1. ऊर्जा संसाधनों के प्रयोग में मितव्ययता लाना जरूरी है।
2. अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है ।
3. ऊर्जा के नवीन क्षेत्रों की पहचान आवश्यक है।
4. ऊर्जा के नवीन वैकल्पिक साधनों का प्रयोग आवश्यक है।
5. परमाणुऊर्जा को बढावादेना जरूरी है।
6. निम्न कोटी के जीवाश्म संसाधनों का परिष्करण आवश्यक है।
7. विकसित देश, अल्पविकसित देशो मे नवीनीकरण ऊर्जा संसाधनों का विकास हो।
8. विकसित देश अल्पविकसित देशों को पूँजी एवं तकनीक का हस्तांतरण करें।
9. पेट्रोलियम को भू–राजनीति से बचाया जाय–
   OPEC देशों द्वारा पेट्रोलियम की राजनीति की जाती है ये अप्रत्याशित तरीके से प्रति बैरल पेट्रोलियम की मूल्य पर वृद्ध कर देते है।
10. जीवाश्म ऊर्जा पर अपर्याप्त दबाव है इसे कम किया जाए।
11. सम्पन्न देशों द्वारा ऊर्जा का संचय किया जाता है

जिससे ऊर्जा की मांग में वृद्धि होती इस पर नियंत्रण किया जाए।

उपरोक्त सुझावों का अनुसरण करके वैश्विक ऊर्जा संकट की गंभीर समस्याओं से निजात पाया जा सकता है।

अथवा

विश्व आर्थिक विकास के मूल्यांकन हेतु कई प्रकार के मापक विकसित किये गए है। OECD(organization for Economic Corporation and development) द्वारा 32 चरों का उपयोग कर विकसित देशों की पहचान की जाती है इनके 32 चरो में भिम्न 14 चरो को आधारभूत चर माना जाता है।

1. प्रति व्यक्ति आय
2. प्रति व्यक्ति वार्षिक आय में वृद्धि
3. प्रति व्यक्ति क्रय क्षमता
4. साक्षरता
5. औसत जीवन प्रत्याशा
6. नगरीय स्तर
7. प्रति व्यक्ति प्रतिदिन कैलोरी
8. कुल कार्य की जनसंख्या में द्वितीय एवं तृतीयक जनसंख्या विकास
9. मानव संसाधन विकास स्तर
10. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में देश का स्तर
11. प्रति व्यक्ति वाणिज्यिक ऊर्जा खपत
12. जनसंख्या आकार
13. जनसंख्या वृद्धि दर
14. जनसंख्या घनत्व

विश्व बैंक द्वारा भी विकास को परिभाषित करने के लिए इन चरों को मान्यता दी गई है। लेकिन विश्व बैंक के अनुसार प्रतिव्यक्ति वार्षिक आय सबसे बड़ा चर है। इसके अनुसार विश्व को तीन वर्गो में बाँटा जाता है।

1. उच्च आय वर्ग वाला देश
2. मध्यम आयवर्ग वाला देश
3. निम्न आय वर्ग वाला देश

14. भारत में जल परिवहन के अविकसित होने का कई प्रमुख कारण है जैसे–

1. जल संसाधन राज्य सूचि का विषय है ,अतः केन्द्रीय स्तर पर प्रयास में बाधाएं आती है अधिकतर नदी कई राज्यों से गुजरती हे ओर समन्वय के आभाव में विकसित नहीं होती।
2. कई प्राकृतिक बाधाएं है जैसे– जल स्तर में स्थिरता नहीं है वर्षा होने पर जल स्तर बहुत उपर आ जाता हे और बाढ की स्थिति आ जाती है।
3. उत्तरी भारत की नदियों में तली पर निक्षेप अधिक हो रहा है, गंगा और कोसी की यह एक गंभीर समस्या है।
4. दक्षिण भारत के नदियों में जल प्रपात और उच्छलिकाएँ (Rapid) पाई जाती है जो जल परिवहन के अनुकूल नहीं है ।
5. पुनः भारतीय नहर वर्षा ऋतु में एकत्रित हुए जल पर निर्भर करता है अतः गर्मी ऋतु में

नहर नौकायाण नहीं होता।

6. भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था पिछड़ी है जो जलमार्ग द्वारा पण्य–प्रवाह को प्रोत्साहित नहीं करता है।
7. जल परिवहन को अन्य परिवहन साधनों से प्रतिस्पर्धा करना पड़ता है। इलाहाबाद मार्ग के कार्य नहीं करने का प्रमुख रेलमार्ग से प्रतिस्पर्धा है।
8. मैदानी भारत में जीवन–निर्वाह अर्थव्यवस्था हैं। अतः औद्यौगिक प्रदेशों की व्यापार और परिवहन सीमित रूप से होता है।

अथवा

मलिन बस्तियों की निम्न प्रमुख विशेषताएँ है

i. बस्तियाँ अति प्रचीन होती है जो अवनति (Decline) दशा में दिखाई देती हैं।
ii. यहाँ निम्न आर्थिक स्थिति पाई जाती है तथा गरीब लोग रहते है।
iii. यह क्षेत्र अति भीड़–भाड़ वाला होता है।
iv. यहाँ सामाजिक संगठन पाया जाता है तथा विभिन्न प्रकार के लोग निवास करते है।
v. मलिन बस्तियों वाले क्षेत्र स्वास्थ्य एवं सफाई की सार्वजनिक सेवाओं से वंचित रहते है।
vi. यहाँ नैतिकता का अभाव पाया जाता है तथा बाल अपराध वेश्यावृति जैसी अनेक बुराइयाँ मिलती है।
vii. इन क्षेत्रों में सामाजिक पृथक्करण पाया जाता है।

मलिन बस्तियों की रोकथाम के उपाय :–

1.श्रमिकों का निवास स्थान औद्योगिक केन्द्रो से दूर होने पर उनके लिए यातायात की सुविघा दी जाए।

2.मलिन बस्तियों में बाजार ,चिकित्सालय, स्कूल, पार्क आदि सुविघाएँ उपलब्ध कराई जाए।

3.श्रमिकों को आवास व्यवस्था हेतु ऋण उपलब्ध कराया जाए।

4.सरकार द्वारा राज्य एवं केन्द्र सरकार के कर्मचारियों की तरह इन्हें भी आवास सुविघा उपलब्ध कराई जाए।

5.राष्ट्रीय योजना में आवास व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।

6.ग्रामीण क्षेत्रों में भूमिहीन मजदूरों को आवास उपलब्ध कराया जाए।

7.सभी राज्यों में भूमिहीन मजदूरों को आवास दिया जाए

8.जनसंख्यावृद्धि पर नियंत्रण

9.बेरोजगारी की समस्या का हल ढूढ़ा जाए।

10.राज्य सरकार द्वारा स्वस्थ्य नगरीय भूमि उपयोग की नीति अपनायी जाए।

15. उद्योगो की अवस्थिति अनेक कारकों से प्रभावित होती है। इनमें से कच्चेमाल की उपलब्धि, शक्ति बाजार, पूँजी, परिवहन और श्रमिक आदि प्रमुख है इन कारको का सापेक्षिक महत्व समय स्थान,कच्चे माल के प्रकार और उपयोग के अनुसार बदलता रहता है उ़द्योगों को प्रभावित करने वाले कारकों को दो वर्गो में बाटॉ जाता है

1.भौगोलिक कारक

2.गैर–भौगोलिक कारक

भैगोलिक कारको में :–

1. कच्चा माल – सामान्यतः उद्योग उन्ही स्थानों पर स्थापित किये जातें है जहाँ कच्चा माल उपलब्ध होता है जिन उद्योगों में निर्मित वस्तुओं का भार कच्चे माल की तुलना में कम होता है उन उद्योगों को तो कच्चे माल के स्त्रोत के निकट ही स्थापित करना होता है जैसे : गन्ना उद्योग, लौह – इस्पात उद्योग

2. शक्ति– इसका प्रमुख साधन कोयला ,पेट्रोलियम जल विद्युत प्राकृतिक गैस तथा परमाणु उर्जा है लौहा इस्पात उद्योग कोयले पर निर्भर करता है इसलिए यह उद्योग कोयला खान के पास ही स्थापित किया जाता है

3. श्रम – सस्ता तथा कुशल श्रम कि प्रचुर मात्रा में उपलब्धता औद्यौगिक विकास का मुख्य कारक है कुछ उद्योग श्रम पर ही अधारित होते है जैसे– फिरोजाबाद ,में शीशा उद्योग, कानपुर में चर्म उद्योग, लुधियाना में होजरी उद्योग।

4. परिवहन एवं संचार – कच्चे माल को उद्योग केन्द्र तक लाने तथा निर्मित माल को खपत के क्षेत्रों तक ले जाने के लिए सस्ते तथा कुशल यातायात का प्रर्चुर मात्रा में होना अनिवार्य है। संचार के साधन जैसे – डाकतार,टेलीफोन कम्प्युटर आदि भी औद्यौगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभातें है

5.बाजार– बाजर की निकटता से यातायात खर्च कम हो जाता तथा श्प्रीध नष्ट होने वाली वस्तुओ का अधिक दुर तक ले जाना असंभव है

2.गैर–भौगौलिक कारको में

1. पूंजी
2. औद्यौगिक नीति
3. बैकिग सुविधा
4. बीमा की सुविधा
5. राजनैतिक स्थिरता

आदि तत्व भी उद्यौगों के स्थानीयकरण को प्रभावित करतें है कई बार ये तत्व भौगोलिक कारकों से भी अधिक प्रभावशाली होते है।

Map




**Model Set - 8**

Geography
A-GEOG (OPT)

समयः 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांकः 70

Time: 3 Hours 15 Minute] [Marks: 70

परीक्षार्थी के लिए निर्देशः

Instruction to the candidate:

22. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

23. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

Figure in the right hand margin indicate full marks.

24. परीक्षार्थी प्रत्येक उत्तर के साथ भाग संख्या, खण्ड संख्या और प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।

Write Section number, Group number and Question number with every answer.

निर्देशः इस प्रश्न पत्र में दो भाग हैं, भाग – I एवं भाग – II। भाग – I में खण्ड – अ तथा भाग – II में खण्ड – ब तथा खण्ड – स है।

भाग – I: भाग – I के खण्ड – ब के प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के हैं। इस खण्ड के प्रश्न संख्या 1 से 28 के प्रत्येक 1 अंक का है। सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

भाग – II: भाग – II के सभी प्रश्न गैर–वस्तुनिष्ठ है। भाग – II के खण्ड – ब के प्रश्न लघु उत्तरीय प्रकार के हैं। सभी 12 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। भाग – II के खण्ड – स के प्रश्न दीर्घ उत्तरीय प्रकार के हैं। सभी 3 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है।

Instruction: This paper consists of two Sections, Section – I & II. Section – I consists of Group – A and Section – II consists of Group – B & Group – C.

Section – I: Group A of Section –I are Objective Type questions. In this group question No. 1 to 28 carry 1 mark each. Answer all questions.

Section – II: All question – Section – II are Non=Objective Type. Group –B of Section – B are Short Type Questions. Answer all the 12 questions. Each question carries 2 marks. Group – C of Section – II are Long Type Questions. Answer all 3 questions. Each question carries 6 marks.

## भाग – 1

## SECTION – 1

खण्ड – अ

Group – A

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

(Objective Questions)

VIII. निमनलिखित प्रश्न संख्या 1 से 28 में चार विकल्पों में एक सही है। आपको सही विकल्प चुनना हैः 28 x 1 = 28

From questions no. 1 to 28 there are four options of which one is correct. In each question you have to choose the correct option: 28 x 1 = 28

1 .2011 की जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या है?

(क)121 करोड. (ख)123 करोड

.(ग) 125 करोड. (घ) 127 करोड.

As per 2011census India's population is-

(A) 121 crore (B) 123crore

(C) 125 crore (D) 127 crore

2. फ्रांस में मानव भूगोल की ज्नमदाता :

(क) ब्रून्स (ख) डिमान्जिया

(ग) हर्बटसन (घ) ब्लाश

The Founder of Human Geography in France was:

(A) Bruhnes (B) Demangeon

(C) Herbetson (D) Blache

3. सबसे व्यस्तम समूद्री मार्ग है –

(क) स्वेज नहर (ख) उत्तमाशा अंतरीप

(ग)उत्तरी अटलांटिका (घ)पनामा नहर

The busiest oceanic route is:

(A) Suez canal (B) Cape of good hope

(C) North Atlantic (D) Panama Canal

4. जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में स्थान हैः

(क) प्रथम (ख) द्वितीय

(ग) तृतीय (घ)चतुर्थ

From population point of view India gets its rank in the world:

(A)First (B)Second

(C)Third (D)Fourth

5. निम्नलिखित में से कौन कोलकाता –हुगली औद्यौगिक प्रदेश में नहीं है ?

(क) हल्दिया (ख) जमशेदपुर

(ग) टीटागढ़ (घ) नैहाटी

Which of the following is not Kolkata-Hoogly industrial region?

(A) Haldia (B) Jamshedpur

(C) Titagarh (D) Naihati

6. 2011के अनुसार भारत में महिला साक्षरता प्रतिशत हैः

(क) 72.44 (ख) 75.46
(ग) 82.44 (घ) 65.46

According to 2011 female literacy percentage in India is:
(A) 72.44 (B) 75.46
(C) 82.44 (D) 65.46

7. भारत का सर्वाधिक नगरीकृत राज्य है:
(क) गोवा (ख)नागालैण्ड
(ग)पंजाब (घ)सिक्किम

Most urbanized state of India is:
(A) Goa (B) Nagaland
(C) Punjab (D) Sikkim

8. डल्ली व राजहरा में कौन सा खनिज पाया जाता है ?
(क)ताँबा (ख) लौह–अयस्क
(ग)बॉक्साइट (घ)कोयला

Which mineral is found in Dalli and Rajhara?
(A) Copper (B) Iron-ore
(C) Bauxite (D) Coal

9. भारत में सबसे अधिक जूट उत्पादित करने वाला राज्य है:
(क) बिहार (ख)पश्चिम बंगाल
(ग) असम (घ)आंध्रप्रदेश

Which state of India is the largest producer of Jute :
(A) Bihar (B) West Bengal
(C) Assam (D) Andhra pradesh

10. आर्थिक भूगोल किस वि**षय की शाखा है:**
(क) मानव भूगोल (ख) भौतिक भूगोल
(ग) नगरीय भूगोल (घ) राजनीति भूगोल

Economic geography is the branch of which subject?
(A) Human geography (B) Physical geography
(C) Urban geography (D) Political geography

11. भारत में सबसे कम लिंगानुपात वाला राज्य है–
(क)हरियाणा (ख)पंजाब
(ग)बिहार (घ) इनमें कोई नहीं

Which of the following state has lowest sex ratio in India –
(A) Haryana (B) Punjab
(C) Bihar (D) Non of these

12. भारत की निम्नलिखित मिट्टियों में से कपास की खेती के लिए कौन सर्वाधिक उपयुक्त है ?
(क) रेगुर मिट्टी (ख)लैटेराइट मिट्टी
(ग)जलोढ़ मिट्टी (घ)लाल मिट्टी

Which of the following soils of India is most suitable for cotton cultivation?
(A) Regur soil (B) Laterite soil
(C) Alluvial soil (D) Red soil

13. कृषि की दृष्टि से सबसे विकसित राज्य है।

(क) पंजाब (ग)झारखण्ड
(ख)उत्तर प्रदेश (घ) महाराष्ट्र

Most developed state from agriculture point of view is?
(A) Panjab (B) Uttar Pradesh
(C) Jharkhand (D) Maharashtra

14. भारत में सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य है।
(क) बिहार (ख)उत्तर प्रदेश
(ग) केरल (घ) पंजाब

Which of the following state has highest density of population in India?
(A) Bihar (B) Uttar Pradesh
(C) Kerala (D) Punjabra

15. निम्नलिखित में किस तरह का उद्योग अन्य उद्योगों के लिए कच्चा माल तैयार करता है ?
(क) कुटीर उद्योग (ख)मूलभूत उ़द्योग
(ग) लघु उघोग (घ) स्वच्छन्द उद्योग

Which of the following types of industry manufacturers raw material for other industry ?
(A) Cottage industry (B) Basic industry
(C) small Scale Industry (D) Footloose Industry

16. **शब्दो, संदेशो, तथ्यों और विचारो का प्रेषण कहलाता है ?**
(क) संचार (ख) व्यापार
**(ग)परिवहन (घ)इनमें से कोई नहीं**

Transfer of words, messages, facts and thoughts is called?
(A) Communication (B) Trade
(C) Transportation (D) None of these

**17.पनामा नहर जोड़ता है–**
**(क) अटलांटिक – प्रशांत महासागर को**
**(ख) भू–मध्य सागर – लाल सागर को**
**(ग) प्रशान्त – हिंद महासागर**
**(घ) इनमें से कोई नहीं**

Panama Canal connects:
(A) Atlantic – Pacific Ocean (B) Mediterranean – Red Sea
(C) Pacific – Indian Ocean (D) none of these

**18. रेशम मार्ग लंबी दूरी के व्यापार का आंरभिक उदाहरण है जो जोड़ता है–**

**(क) स्पेन–नार्वे (ख) सिएटल–सैन्फ्रांसिस्को (ग) कश्मीर–कन्याकुमारी (घ)रोम–चीन**

The silk route is an early example of long distance trade which connecting:-
(A) Spain-Norway (B) Seattle-Sanfrancisco
(C) Kashmir-Kanyakumari (D) Rome-china

**19.निम्नलिखित देशों में से किसने नगरों के वर्गीकरण के लिए 300की जनसंख्या को शहर के लिए आधार माना है ?**
**(क)डेनमार्क (ख) फिनलैंड (ग)आइसलैण्ड (घ)स्वीडेन**

Which one of the following countries has the criterion of 300 population for urban classification?
(A) Denmark (B) Finland

(C) Iceland (D) Sweden

20.पृथ्वी के कुल जल का कितना प्रतिशत अलवणीय है ?

(क) 1% (ख) 2% (ग)3% (घ)4%

Which percentage of total water on the earth is unsalted?

(A) 1% (B) 2%

(C) 3% (D) 4%

21.बॉक्साइट का सबसे बड़ा उत्पादक है ?

(क) झारखंड (ख) ओडिसा (ग) मध्य प्रदेश (घ) महाराष्ट्र

The largest producer of Bauxite is ?

(A) Jharkhand (B) Odisha

(C) Madhypradesh (D) Maharastra

22. मुंबई में सबसे पहला सूती वस्त्र कारखाना स्थापित किया गया था क्योंकि –

(क) मुंबई एक पत्तन है

(ख) यह कपास उत्पादक क्षेत्र के निकट है

(ग) मुंबई एक वित्तीय केन्द्र था

(घ) उपयुक्त सभी

The first cotton textile industry had established in Mumbai because:-

(A) Mumbai is a port

(B) It is near by cotton producing area

(C) Mumbai was a financial centre

(D) All of these

23. प्रादेशिक नियोजन का संबंध है ?

(क) परिवहन तंत्र से (ख) क्षेत्र विशेष के विकास से

(ग) आर्थिक तंत्र से (घ) विभिन्न भागों के विकास से

Regional Planning is related to:-

(A) Transport sector (B) Special Regeonal Development

(C) Economic Sector (D) Development of different Sector

24. उत्तर–मध्य रेलवे का मुख्यालय है –

(क) इलाहाबाद (ख) हाजीपुर (ग) कोलकता (घ)जबलपुर

Headquarter of North-Central railway is:-

(A) Allahabad (B)Hajipur

(C) Kolkata (D) Jabalpur

25.वर्ष 2004– 05 में निम्नलिखित में से कौन भारत से निर्यात की जाने वाली प्रमुख वस्तु है ?

(क) इंजीनियरिंग सामान (ख) इलेक्ट्रानिक सामान

(ग) रसायन व संबंधित उत्पाद (घ) इनमें से कोई नहीं

Which one of the following is the major exported goods of India?

(A)Engineering goods (B)Electronic goods

(C) Chemical and related product (D) None of these

26. कौन सी बीमारी जल प्रदूषण के कारण होती है?

(क)नेत्र रोग (ख)श्वसन नली रोग

(ग)अतिसार (घ)बहरापन

Which of the disease caused due to water pollution?

(A)Eye problem (B) Respiratory problem
(C)Dysentary (D) Deafness

27.सिलिकन वैली प्रसिद्ध है।
(क) लोहा इस्पात उद्योग (ख) एल्यूमिनियम उद्योग
(ग) उच्च तकनीकी उद्योग (घ) कृषि आधारित उद्योग

Silicon Valley is famous for?
(A) Iron & steel industry (B) Aluminium Industry
(C) High technology industry (D) Agro-Based industry

28.हैदराबाद तथा सिकन्दराबाद शहर को कहते है।
(क) जुड़वा ( ख) डार्क
(ग) स्लम (घ) इनमें से कोई नहीं

Hyderabad and secundrabad city are referred as:-

(A)Twins (B) Dark
(C) Slum (D) None of these

भाग – II

SECTION – II

(गैर–वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

(Non-Objective Questions)

खण्ड – ब

Group – B

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

(Short Answer Questions)

प्रश्न संख्या 1 से 12 तक लघु उत्तरीय है। सभी 12 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है। 12 x 2 = 24

Questions no. 1 to 12 are short answer type. Answer all the 12 questions. Each question carries 2 marks 12 x 2 = 24

1.भारतीय चीनी उद्योग की प्रमुख समस्याओं कों लिखें
Write the important problems of Indian suger industry.

2.भारतीय रेलवे की प्रमुख विशेषताओं को लिखें।
Write the important characteristics of Indian railways.

3. अभ्रक के प्रकारों को लिखें । संसार का सबसे बड़ा अभ्रक उत्पादक देश कौन है।
Write the type of Mica, which is the largest Mica producer country in the world.

4. भारत के चार प्रमुख बहुमुखी नदी घाटी परियोजना का नाम बताएँ।
Write the four important name of multipurpose river valley project in India.

5. स्वर्णिम चुचुर्भुज परम महामार्ग के बारे में आप क्या जानते है।
What do you understands by golden Quadrilateral super highways.

6.भारत के पश्चिमी तट पर स्थित प्रमुख पत्तनों के नाम बताएँ।
Name the important ports located on western coast of India.

7.जूट की अधिकांश मिले प० बंगाल में क्यों स्थित है।
Why most jute mills are located in West Bengal.

8. प्रदूषण और प्रदूषकों में अंतर क्या है।
What is the difference between pollution and pollutant?

9.कहवा के प्रकारो को लिखे तथा सबसे उत्तम किस्म के कहवा का नाम बताएँ।
Write the types of coffee and name the best quality of coffee.

10.स्थान एवं स्थिति के मध्य अंतर स्पष्ट करें।
Diffrentiate between site and situation?

11.मानव बस्ती को परिभाषित करें।
Define Human settlement.

12.कोयला के प्रकारो को लिखें तथा सबसे उत्तम किस्म के कोयला का नाम बताएँ।
Write the types of coal and name the best quality of coal.

## खण्ड – स

## Group – C

(दीघ्र उत्तरीय प्रश्न)

(Long Answer Questions

प्रश्न संख्या 13 से 15 दीघ्र उत्तरीय है। सभी 3 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक निर्धारित है। 3 x 6 = 18

Questions no. 13 to 15 are long answer type. Answer all the 3 questions. Each question carries 6 marks 3 x 6 = 18

13.भारत में भूसंसाधनों की विभिन्न प्रकार की पर्यावरणीय समस्याएँ कौन सी है। उनका निदान कैसे किया जा सकता है।
What are the different types of environmental problems related to land resources in India? How can it be resolved.

अथवा

कच्चे माल पर आधारित उद्योगों का वर्गीकरण प्रस्तुत करें।
Classify tthe idustries based on raw materials.

14.नगरीय बस्तियों की प्रमुख समस्यायो का वर्णन कीजीए।
Discuss the main problems of urban settlement.

अथवा

भारतीय कृषि की उन्नति या सुधार के लिए सरकार के प्रयासों की चर्चा कीजिए।
Discuss the measures taken by government for the improvement and reforms of Indian Agriculture.

15.बहुमुखी नदी घाटी परियोजना का अर्थ स्पष्ट करें और इनके प्रमुख उद्देश्यो की चर्चा कीजिए।
Write the meaning of multipurpose river valley project and discuss its main objectives.

अथवा

भारत का मानचित्र बनाकर निम्नलिखित को प्रदर्शित करें।

(क)आगरा
(ख)कुद्रेमुख
(ग) हल्दिया
(घ)बोकारो
(ड.)बंगलाँर
(च) काँगड़ा

Draw a map of India and show the following:-
1.Agra 2.Kudremukh 3.Haldia

4.Bokaro 5.Bangalore 6. Kangra

उत्तरमाला

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | A | 8 | B | 15 | B | 22 | D |
| 2 | B | 9 | B | 16 | A | 23 | B |
| 3 | C | 10 | A | 17 | A | 24 | A |
| 4 | B | 11 | A | 18 | D | 25 | A |
| 5 | B | 12 | A | 19 | C | 26 | C |
| 6 | D | 13 | A | 20 | C | 27 | C |
| 7 | A | 14 | A | 21 | B | 28 | A |

Short Answer Type Questions

1. भारतीय चीनी उद्योग की प्रमुख समस्यएँ निम्न है :–
   1.प्रतिहेक्टेयर निम्न उत्पादकता
   2. पेराई के सीमित दिन
   3.उपज क्षेत्रों में कमी
   4.उत्पादन व्यय अधिक
   5.प्रादेशिक वितरण में असंतुलन
   6.सरकारी नीति
2. भारतीय रेलवे की प्रमुख विशेषताएँ निम्नांकित है
   1.दों बड़े शहरों एवं महानगरों के बीच तीव्र गति से चलने वाली राजधानी एक्सप्रेस एवं शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है
   2.छोटे शहरों को महानगरों एवं बड़े शहरों से जोड़ने के लिए जन–शताब्दी एक्प्रेस गाड़ियाँ चलाई जा रही है ।
   3. ट्रेनों की दुर्घटना को रोकने के लिए इंजनों में रक्षा कवच (ACD) की व्यवस्था की गई है।
   4.यात्री बीमा योजना प्रारंभ हुआ है। दृ
   5. भारतीय रेल प्रणाली एशिया में सबसे बडी़ तथा विश्व की तीसरी बडी़ रेल प्रणाली है
3. अभ्रक तीन प्रकार का होता है
   1.मस्कोवाइट (सफेद अभ्रक )
   2.बायोटाइट (काला अभ्रख)
   3.फ्लूगोफाइट (पीला अभ्रक )
   संसार का सबसें बडा़ अभ्रक उत्पादक देश भारत है
4. भारत के चार प्रमुख बहुमुखी नदी धाटी परियोजना निम्न है
   1.भाखडा़ नॉगल परियोजना – सतलज नदी
   2.दामोदर धाटी परियोजना – दामोदर नदी
   3.हीराकुंड परियोजना – महानदी
   4.कोसी परियोजना – कोसी नदी
   5.तुंगभद्रा परियोजना –तुंगभ्रदा नदी
5. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने देश के चार महानगरों दिल्ली , कोलकत्ता, मुम्बई और चेन्नई को 4 लेन वाले द्रुतगामी सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना का शुभारम्भ 2 जनवरी, 1999 को किया। इसके अतंर्गत 5,846 KM लंबी 4से 6 लेन वाले उच्च सघनता के यातायात गलियारा शामिल है जो देश के चारों बड़े महानगरों को जोड़ती है। इस महामार्ग के निर्माण के साथ भारत के इन महानगरों के बीच समय तथा यातायात की लागत महत्वपूर्ण रूप से कम हुई है।
6. भारत के पश्चिमी तट पर स्थित प्रमुख पत्तन निम्न है
   1.कांडला – गुजरात
   2.मुम्बई – महाराष्ट्र
   3.मर्मागोवा – गोवा
   4.मंगलोर – कर्नाटक

5.कोच्चि – केरल , पं0 बंगाल

7. जूट की अधिकांश मीलें पश्चिम बंगाल में निम्न कारणों से स्थापित है :–
1.जूट उत्पादन को क्षेत्रता का निकटता का होना
2.सस्तें जल परिवहन की सुविधा
3.कच्चे जूट को संसाधित करने के लिए पर्याप्त मात्रा में जल की उपलब्धता
4.बैकों और बीमा सुविधाएँ
5.निर्यात के लिए बंदरगाह की सुविधा
6.सस्ते एवं कुशल श्रमिकों की उपलब्धता

8. प्रदुषण से तात्पर्य किसी प्रदूषक पदार्थ के वायुमंडल में विद्यमान होने से है जो विम्निन कालों से उत्पन्न होकर जन–स्वास्थ अथवा सभी जीव–जन्तुओं के लिए हानिकारक है
प्रदूषक से तात्पर्य किसी ऐसे ठोस तरल या गैसीय पदार्थ के वायुमंडल में इस प्रकार विद्यमान होने से है जो मानव जीवन दूसरे जीवों, पौधों अथवा पर्यावरण के लिए हानिकारक हो सकता है। यह प्रदुषण फैलाने वाले धटक है। यमुना नदी में प्रदूषित होने का मुख्य प्रदुषक दिल्ली का अपने घरेलू अपशिष्ट को नदी में डालना है।

9. कहवा तीन प्रकार का होता है :–
1.अरेबिका (उत्तम किस्म का कहवा अरेबिका है )
2.लिबेरिका
3.रोबस्टा सबसे

10. स्थान उस वास्तविक भूमि के टुकड़े का सूचक है जिस पर बस्ती स्थित है जैसें – एक गाँव एक पहाड़ी पर, नदी किनारे स्थित हो सकता है। जबकि स्थिति गाँव या नगर की अवस्थिति उसके आस–पास के क्षेत्रों के संबध में स्पष्टीकरण करती है।

11. आश्रय मानव की भौतिक आवश्यकताओं में से एक है। मानव बस्ती का अध्ययन मानव भूगोल का मूल है, क्योंकि किसी भी क्षेत्रों में बस्तियों का रूप उस क्षेत्र के वातावरण से मानव का संबंध दर्शाता है। एक स्थान जो साधारणतया स्थायी रूप से बसा हुआ हो उसे मानव बस्ती कहतें है, जैसें, ग्राम ,नगर या शहर

12. कोयला चार प्रकार का होता है :–
1.एंथ्रासाइट ( यह उत्तम किस्म का कोयला है )
2.बिटुमिनस
3.लिगनाइट
4.पीट

## Long Answer Type Questions

13. भारत में भूसंसाधनों को विभिन्न प्रकार की पर्यावरणीय समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कृषि के संदर्भ में वर्षा तथा तापमान मुख्य पर्यावरणीय कारक है। भारत में अधिकांश वर्षा दक्षिण–पश्चिमी मॉनसूनी पवनों द्वारा होती है ,जिसमें काफी अधिक विविधता पाई जाती है। देश के अधिकांश भागों में तापमान लगभग वर्ष भर ऊँचा रहता है। ऐसी परिस्थिति में भारत को पर्याप्त जल उपलब्ध नही होता है। वर्ष 2013, 2014एवं 2015 में लगतार मानसून सत्र में वर्षा न होने के कारण तालाब, झील और कुँआ में पानी जमा नही हुआ तथा भूमिगत जल के अत्यधिक दोहन के वजह से जल संकट पैदा हुआ है।

भूसंसाधनों के इस पर्यावरणीय समस्याओं को निम्न तथ्यों द्वारा समझा जा सकता है।

1.ग्रामीण क्षेत्रों में पीने का पानी और अन्य जरूरतों के लिए जितना जल खर्च होता है उसका 85 प्रतिशत भूमिगत जल स्रोतों से प्राप्त होता है ।

2.शहरी क्षेत्रों में करीब 50 प्रतिशत जल की जरूरत भूमिगत स्रोतों से पूरी होती है।

3.नासा (NASA) के रिपोर्ट के अनुसार भारत का जल स्तर 0.3 मीटर प्रतिवर्ष की दर से नीचे जा रहा है

4.भारत के कुल 676 जिला में 256 जिला सूखा ग्रस्त है इन जिलों में पानी का संकट उत्पन्न हो गया है

5.मात्र 18 प्रतिशत ग्रामीण आबादी को स्वच्छ पेय जल उपलब्ध है

6.भारत में विश्व के कुल जनसंख्या का 17 प्रतिशत (16.8%) रहती है जबकि विश्व के कुल संसाधन का मात्र 4 प्रतिशत भारत में है।

7.विश्व बैक के अनुसार भारत के 21 प्रतिशत संक्रामक बीमारियॉ दूषित पानी के कारण होती है
8.देश में पानी की आवश्यकता औसत प्रति व्यक्ति 1400 क्यूबिक मीटर है जो 1951 में 5200क्यूबिक मीटर थी

9.एक रिपोर्ट के अनुसार 2020 तक देश में भंयकर जल संकट पैदा होगा
10.सूखा और बाढ़ भारतीय कृषि की जुडवाँ बहन है।

निदान के उपाय :–

1.वर्षा जल संग्रहण और इसके अपवाह को रोकना है यह भौम–जल के पूनर्भरण को बढा़ने की तकनीक है
2.छोटे–बड़े सभी नदी जल संसाधनों का वैज्ञानिक प्रबंधन ।
3.वनस्पति का आवरण 'एम संरक्षी' वनारोपण किया जाना चाहिए।
(A) जल को नियंत्रित करने के लिए
(B)वायु को अवरोधित करने के लिए
4. नदी बहाव के क्षेत्रो में आर्थिक कियाओं को रोकना
5. अवनालिकाओं पर बॉधो का निर्माण जल के तीव्र प्रवाह में रूकावट
6. खनिज के निष्कर्षण से वातावरण के प्रदूषण व अन्य संसाधनों की क्षति को रोकना

अथवा

कच्चे माल पर आधारित उद्योगों को पॉच वर्गो में बॉटा गया है
1.कृषि आधारित
2.खनिज आधारित
3.रसायन आधारित
4.वन आधारित
5.पशु आधारित

कृषि आधारित उद्योगों में भोजन तैयार करने वाले उद्योगों में शक्कर ,आचार, फलों के रस, पेय पदार्थ (चाय,कॉफी ) मसाले तेल एवं वस्त्र (सूती,रेशम,जूट) तथा रबड़ आते है

खनिज उद्योगो में एल्युमिनियम ,तॉबा एव जवाहरात उद्योग लौह इस्पात आदि आतें है रसायन आधारित उद्योगों में प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले रासायनिक खनिजो का उपयोग होता है जैसे पेट्रों रसायन उद्योग में खनिज तेल (पेट्रोलियम) का उपयोग होता है नमक गंधक एवं पोटाश उद्योगों में भी प्राकृतिक खनिजों को काम में लेते है इसके अन्तगर्त अन्य उद्योगों में
1.कृत्रिम रेशे बनाना
2.प्लास्टिक निर्माण आदि है।

वनो पर फर्नीचर उद्योग, बॉस एवं घास,लाह उद्योग आदि है।
पशु आधारित उद्योगो में चमड़ा, उनी वस्त्र, हाथीदाँत उद्योग आदि आता है।

14. नगरीय बस्तियो की निम्नप्रमुख समस्याएँ है।
(i) कस्बों तथा नगरों की अनियमित वृद्धि– विकासशील देशों में नगरीकरण की दर विकसित देशो की अपेक्षा बहुत अधिक है। विश्व जनसंख्या का नगरीय प्रतिशत जहाँ 1950 में 16 थी, वहीं वर्तमान में बढ़कर 47 प्रतिशत हो गई है। इस वृद्धि से तीन बड़ी समस्याएँ पैदा हुई है।

1. शहरी फैलाव–(Urban sprawl)
2. भीड़/ अतिसंकुलता(Over crowding)
3. आवास की समस्या (Housing)

(ii) प्रवास–इसके दो प्रमुख कारण है (i) Push factor
(ii) Pull factor

ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की कमी के कारण गाँव से नगर की ओर स्थानान्तरण की प्रवृति है। जिस प्रकार प्राकृतिक वृद्धि तथा प्रवास के कारण नगरीय जनसंख्या बढ़ती है, ठीक उसी अनुसार बेरोजगारी की समस्या भी जटिल होती जाती है।
(iii) सामाजिक समस्याएँ– बढ़ती नगरीयकरण ने इसके अन्तर्गत कई समस्याओं को जन्म दिया है. जैसे–

1.आवास (Settlement)
2.परिवहन (Transport)
3.पेयजल (Water)

4नगरीय अपराध (Urban crime)

(iv) मलिन (गंदी) बस्तियाँ (slums) प्रशांत–एशिया के देशों में लगभग 60 प्रतिशत नगरीय जनसंख्या झुग्गी–झोपड़ी अथवा अवैध गंदी बस्तियों में रहती है। ऐसी गंदी बस्तियों से कई समस्याएँ पैदा हो जाती है । जैसे–

1.नाली –निकासी की समस्या (Sewerage problems)
2.कुड़े –कचड़े का उत्पादन (Trash Disposal)
3.नगरीय प्रदूषण (Problems of Urban pollution)

ऐसी गंदी बस्ती (अनियमित बस्ती/झुग्गी–झोपड़ी) को वेनेजुएला में रांचोज, ब्राजील में फेवलास, म्यांमार में–केवेट्टीस कहा जाता है।

..........अथवा ............

समय– समय पर केन्द्रीय ओर राज्य सरकारों ने कृषि सुधार के लिए कई उपाय किये है। ये सुधार निम्नलिखित है–

1. जमींदारी प्रथा का उन्मूलन– परिणामस्वरूप

(A)भुमिहीन किसानों को जमीन का मालिकाना हक दिया गया
(B)जोत का अधिकतम सीमा निश्चित की गयी।

2. जोतों की चकबंदी – सरकार ने 1964 में बिखरें हुए खेतों की चकबंदी की। बिखरे हुए खेतो के टुकड़े से नुकसान अधिक होता था तथा वैज्ञानिक कृषि छोटे खेतों में नहीं हो पाती थी।

3.सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण –जैसे.


(A)दामोदर घाटी परियोजना–बाढ़ नियंत्रण एवं सिंचाई
(B)इंदिरा गाँधी नहर परियोजना–विश्व की सबसे बड़ परियोजना –मुख्य उद्देश्य –सिंचाई
(C)कमांड नियंत्रित क्षेत्र विकास कार्यक्रम

4.खाद एवं उर्वरकों के प्रयोग को प्रोत्साहन सरकार ने कई रासायनिक उर्वरकों एवं खाद के कारखाने खोले हैं ताकि भुमि की उर्वरा शक्ति में वृद्धि हो।
5.नए अधिक उपज देने वाले बीजों का विकास–गेहुँ के उत्पादन में वृद्धि इसी कारण सर्वाधिक है।
6. कीड़े –मकोड़ों और फसलों की बीमारियों की रोकथाम
7.कृषि में आधुनिक उपकरणों का प्रयोग –ट्रेक्टर, हार्वेस्टर, थ्रेसर इत्यादि।
8.फसल बीमा –वर्तमान में फसल बीमा के द्वारा कृषकों को फसल बर्बाद होने की स्थिति में क्षति पूर्ति सरकार द्वारा की दी जाती है
9. ऋण की सुविधाएँ–कम ब्याज पर किसानों के ऋण दी जाती है
10. रेडियों,दूरदर्शन ,आदि पर कृषक मौसम बुलेटिनों का प्रसारण
11.फसलों के न्यूनतम मूल्य का निर्धारण– सरकार ने अनिश्चितता को दूर करने के लिए विभिन्न फसलों का न्यूनतम मूल्य निर्धारित कर किसानों के हितों की सुरक्षा की है।

15. बहुमुखी या बहुद्देशीय घाटी परियोजना का अर्थ उस योजना से है जिससे सिर्फ एक उद्देश्य की पूर्ति न होकर अनेक उद्देश्यों की पूर्ति होती है। अर्थात समन्वित रूप से नदी घाटियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं का हल करना है। इसके निम्न प्रमुख उद्देश्य है।
(1)नदी पर बॉध बनाकर नहरें निकालना और सिंचाई की सुविधा प्रदान करना।
(2)नदी के जल ग्रहण क्षेत्र में जलाशय बनाकर बिजली उत्पन्न करना।
(3)इन योजनाओ से उद्योगों को शक्ति की सुलभता के साथ पानी का पर्याप्त उपलब्धता।
(4) इनसे बाढ़ों के नियंत्रण तथा मृदा अपरदन में सहायता मिलती है
(5)बाँधों के जलग्रहण क्षेत्रों में वृक्षारोपण कर सहायता मिलती है
(6)नदी घाटी परियोजनाएँ नदियो और नहरों के द्वारा अंतः स्थलीय नौ परिवहन की सुविधाएँ देती है।
(7) इन परियाजनाओं से मछली उत्पादन के रूप में आर्थिक लाभ मिलता है।
(8)सुव्यवस्थित परियोजनाएँ पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बन जाती है।

(9)उद्योगों, गाँवों और नगरों के लिए जल की सुविधा
(10)वन्य जीव संरक्षण की सुविधा

उपरोक्त कारणों से पं० जवाहरलाल नेहरू ने इन बहुद्देशीय परियोजनाओं को आधुनिक भारत का मन्दिर और तीर्थस्थल कहाँ है।


① Agra
Bokaro
④
Haldia
③
⑥ Kaiga
Kudremukh
②
⑤ Bangalore

भूगोल

# MODEL SET-

9 (Questions)

भाग–1 (खण्ड–अ)

Section – I (Group – A)

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

(Objective Type Questions)

---

I. निम्नलिखित प्रश्न संख्या 1 से 28 में चार विकल्पों में से केवल एक सही हैं। आपको उस सही विकल्प को चुनना हैं :–

(28 X 1 = 28)

From Question Nos. 1 to 28 there are four options of which one is correct. In cach question have to choose that correct Option :-

1. निम्नलिखित में कौन विद्वान मानव भूगोल से संबंधित नहीं हैं ?

Which one of the following scholar is not related to Human Geography ?

(क) सेंपल (ख) रैटजेल (ग) बर्टेड रसेल (घ) हंटिंग्टन

(a) Semple (b) Ratzel (c) Burted Rasel (d) Huntington

2. निम्नलिखित में कौन जनसंख्या का प्रतिकर्ष कारक नहीं हैं ?

(क) जल का अभाव (ख) बेरोजगारी (ग) शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएँ (घ) महामारी

Which one of the following is not a factor of discouraging settlement ?

(a) Lack of Water (b) Unemployment (c) Education and Health facility (d) Epidemic.

3. विश्व के किस महाद्वीप में 90% से अधिक आबादी नगरीय हैं ?

(क) उत्तर अमेरिका (ख) अफ्रीका (ग) एशिया (घ) यूरोप

In which Continent of the world has more than 90% urban population.

(a) North America (b) Africa (c) Asia (d) Europe

4. मानव विकास सूचनांक की संकल्पना निम्नलिखित में से किसने प्रस्तुत की ?

(क) अमर्त्य सेन (ख) मनमोहन सिंह (ग) महबूब–उल–हक (घ) ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम

Which one of the following has presented the concept of Human Development Index ?

(a) Amartya Sen (b) Manmohan Singh (c) Mahboob-ul-Haque (d) A.P.J. Abdul Kalam.

5. फूलों की कृषि कहलाती हैं ?

(क) फार्मिग (ख) फैक्टरी फार्मिग (ग) मिक्सड फार्मिग (घ) फलोरी कल्चर

Farming of Flowers is Called ?

(a) Truck farming (b) Factory Farming (c) Mixed Farming (d) Flori culture

6. निम्नलिखित में से किस अर्थव्यवस्था में उत्पादन का स्वमित्व व्यक्तिगत होता हैं।

(क) पूँजीवाद (ख) मिश्रित(ग) समाजवाद (घ) इनमें से कोई नहीं

In which one of the following economy production ownership is individual.

(a) Capitalism (b) Mixed (c) Socialism (d) None of them

7. चैनल टनल जोड़ता हैं ?

(क) लंदन–बर्लिन (ख) बर्लिन–पेरिस (ग) पेरिस–लंदन (घ) बार्सिलोना–बर्लिन

Channel tunnel interlink ?

(a) London-Berlin (b) Berlin-Paris (c) Paris-London (d) Barcilona-Berlin

8. सार्क संगठन के सदस्य राष्ट्रों की संख्या कितनी हैं ?

(क) 7 (ख) 8 (ग) 6 (घ) 5

What number of member nations of the SAARC Association.

(a) 5 (b) 8 (c) 6 (d) 5

9. निम्नलिखित महत्वपूर्ण नगरों में से कौन सा पूर्णतः पर्वतीय घाटी स्थलाकृति पर स्थित हैं ?

(क) केनबेरा (ख) अदीस अबाबा (ग) मास्को (घ) इस्तांबुल

Which one of the following important cities as a whole is situated on a Hill Valley Topography?

(a) Canberra (b) Adis Ababa (c) Moscow (d) Istambul

10. 'मेगापोलिस'शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग किसने किया ?

(क) जीन गोटमेन (ख) पेट्रिक गिडीज (ग) लेविस ममफोर्ड (घ) इनमें से कोई नहीं

Who has used the word 'MEGAPOLIS' at first ?

(a) Jeen Gottman (b) Patrick Girdees (c) Levis Mumford (d) None of these

11. ग्रामीण बस्तियों में किस प्रकार का आर्थिक क्रियाकलाप मुख्यतः पाया जाना हैं ?

(क) प्राथमिक (ख) द्वितीयक (ग) तृतीयक (द) चतुर्थ

Which type of economic activity is mainly found in Rural Settlement ?

(a) Primary (b) Secondary (c) Tertiary (d) Quarternary

12. भारत में प्रथम जनगणना किस वर्ष हुई थी ?

(क) 1881 (ख) 1891 (ग) 1901 (द) 1872

In which year first census was held in India ?

(a) 1881 (b) 1891 (c) 1901 (d) 1872

13. निम्नलिखित में से किस देश में भारतीय आप्रवासियों की संख्या कम हैं ?

(क) सूरीनाम (ख) मॉरीशस (ग) फिजी (द) न्यूजीलैंड

Which one of the following countries has minimum number of Indian immigrants ?

(a) Surinam (b) Mauritius (c) Fiji (d) Newzealand

14. भारत के निम्नलिखित राज्यों में से किस एक में स्त्री साक्षरता निम्नतम हैं ?

(क) जम्मू और कश्मीर (ख) झारखण्ड (ग) अरूणाचल प्रदेश (द) बिहार

Which one of the following states fo India has lowest literacy rate ?

(a) Jammu and Kashmir (b) Jharkhand (c) Arunachal Pradesh (d) Bihar

15. प्रकीर्ण बस्तियाँ निम्नलिखित क्षेत्रों में से कहां नहीं पायी जाती हैं ?

(क) शुष्क क्षेत्र (ख) पहाड़ी क्षेत्र (ग) पठारी क्षेत्र (द) जलोढ़ मैदान

In which one of the following area dispersed settlement in not found ?

(a) Arid Area (b) Mountainous Area (c) Plateau Area (d) Alluvial Plain

16. निम्नलिखित में से कौन पर्यटन नगर हैं ?

(क) नैनीताल (ख) अंकलेश्वर (ग) कानपुर (द) पटना

Which one of following is a Tourist Town ?

(a) Nainital (b) ankaleshwar (c) Kanpur (d) Patna

17. रत्नागिरी भारत के किस राज्य में स्थित खनिज क्षेत्र हैं ?

(क) आंध्र प्रदेश (ख) उड़ीसा (ग) गोवा (द) महाराष्ट्र

In which state of India RATNAGIRI mineral area is located ?

(a) Andhra Pradesh (b) Orissa (c) Goa (d) Maharastra

18. सूती कपड़ा उद्योग में सबसे अधिक उन्नत राज्य कौन हैं ?

(क) गुजरात (ख) महाराष्ट्र (ग) तामिलनाडु (द) उत्तर प्रदेश

Which is the most developed state in Cotton Textile Industry ?

(a) Gujrat (b) Maharastra (c) Tamil Nadu (d) Uttar Pradesh

19. इनमे से कौन सूखा संभावी क्षेत्र हैं ?

(क) प0 बंगाल (ख) उत्तर प्रदेश (ग) गुजरात (द) उत्तराखंड

Which one is the drought prone Area ?

(a) W. Bengal (b) Uttar Pradesh (c) Gujrat (d) Uttrakhand

20. निम्नलिखित में से कौन महामार्ग भारत का सबसे लंबा महामार्ग हैं ?

(क) NH -1 (ख) NH- 6 (ग) NH - 7 (द) NH -8

Which one of the following is the longest National Highway of India ?

(a) NH -1 (b) NH- 6 (c) NH - 7 (d) NH -8

21. भारत में सबसे पहले रेलगाड़ी किन स्टेशनो के बीच चली थी ?

(क) मुंवई से पुणे (ख) पुणे से अहमदाबाद (ग) मुंबई से थाने (द) हावड़ा से खड़गपुर

Between which two staton the first train of India was run ?

(a) Mumbai to Pune (b) Pune to Ahmadabad

(c) Mumbai to Thane (d) Hawrah to Kharagpur

22. अम्ल वर्षा का करण हैं ?

(क) जल प्रदूषण (ख) ध्वनि प्रदूषण (ग) मृदा प्रदूषण (द) वायु प्रदूषण

What is the reason of Acid Rain ?

(a) Water Pollution (b) Sound Pollution (c) Soil Pollution (d) Air Pollution.

23. निम्नलिखित में से किसे प्रायः प्रदूषक नहीं माना जाता हैं ?

(क) CO (ख) $NO_2$ (ग) $CO_2$ (द) $SO_2$

Which of the following gases is not considered as pollutant agent of air ?

(a) CO (b) $NO_2$ (c) $CO_2$ (d) $SO_2$

24. नागार्जुन सागर परियोजना किस नदी पर हैं ?

(क) कृष्णा (ख) महानदी (ग) कोसी (द) कावेरी

On which river Nagarjun sagar project is situated ?

(a) Krishna (b) Mahanadi (c) Kosi (d) Kaveri

25. 'नोआमुंडी' किस खनिज–उत्पादन के लिए प्रसिद्ध हैं ?

(क) कोयला (ख) लोहा (ग) मैगनीज (द) अबरख

'NOAMUNDI' is famous for which mineral production ?

(a) Coal (b) Iron (c) Manganese (d) Mica

26. भारत के किस राज्य में बॉस ड्रिप सिंचाई प्रसिद्ध हैं ?

(क) तामिलनाडु (ख) मेघालय (ग) बिहार (द) पंजाब

In which state of india Bamboo drip irrigation is famous

(a) Tamil Nadu (b) Meghalaya (c) Bihar (d) Punjab

27. भारत का अधिकोश विदेशी व्यापार किस परिवहन साधन से होता हैं ?

(क) स्थल और सागर (ख) स्थल और वायु (ग) वायु और सागर (द) सागर

Which mode of transport is mostly used for foreign trade in India ?

(a) Land and Sea (b) Land and Air (c) Air and Sea (d) Sea

28. निम्नलिखि में से कौन सा खरीफ फसल नहीं हैं ?

(क) रूई (ख) मूँगफली (ग) सरसों (द) मक्का

Which one of the following is not a Kharif Crop ?

(a) Cotton (b) Groundnut (c) Mustard (d) Maize

भाग–2 (खण्ड–ब)

Section –I I (Group – B)

(गैर–वस्तुनिष्ठ प्रश्न) (Non-Objective Type Questions)

(लघु उत्तरीय प्रश्न) (Short Answer Type Questions)

II प्रश्न संख्या 1 से 12 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। सभी 12 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

12 X 2 = 24

1. पर्यावरणीय निश्चयवाद की अवधारणा को लिखें।
Write the concept of Environmental Determinism ?

2. साक्षरता दर का अर्थ स्पष्ट करें ?
Clarify the literacy Rate ?

3. चतुर्थ क्रियाकलाप का वर्णन कीजिए ?
Describe the Quaternary Activities ?

4. पत्तन क्या हैं ?
What is Port ?

5. नगरीकरण से आप क्या समझते हैं ?
What do you mean by Urbanisation ?

6. महानगर किसे कहते हैं ? कुछ महानगरों के नाम लिखें ?
Which is called Metropolitan City ? Write the name of some Metropolitan Cities.

7. जल विद्युत शक्ति का विकास उत्तर भारत में अधिक क्यों हुआ हैं ?
Why Hydel Power is more devoloped in north India ? write any three reasons.

8. संचार से आप क्या समझते हैं ?
What do you mean by Communication ?

9. व्यापार संतुलन क्या हैं ?
What is balance of Trade ?

10. हरित गृह प्रभाव की संक्षिप्त चर्चा करें ?
Discuss the Green House Effect in Brief ?

11. भारत के चार वृहत्त औद्योगिक क्षेत्रों के नाम लिखें ?
Write the names of four major industrial areas of India ?

12. अन्तर्राष्ट्रीय और अन्तरराज्यीय प्रवास में अंतर स्पष्ट करें ?
Clorify the difference between international and intranational trade ?

(खण्ड–स) (Group – C)

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

(Long Answer type Question)

प्रश्न संख्या 13 से 15 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। सभी 3 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक निर्धारित हैं।

3 X 6 = 18

Question Nos 13 to 15 are long answer type. Answer all the 3 Questions. Each question carries 6 Marks.

13. रोपण कृषि की मुख्य विशेषताओं की व्याख्या करें एवं कुछ प्रमुख रोपण फसलों के नाम लिखें।

Explain main Characteristics of Plantation Farming and write the name of some major Plantation Crops ?

OR

ज्नांकिकीय संक्रमण सिद्धांत की विभिन्न अवस्थाओं का वर्णन करें ?

Describe the different stages of Demographic transition theory ?

14. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में पनामा नहर की महत्ता का वर्णन करें ।

Describe the importance of Panama Canal in international trade ?

OR

पइपलाइन परिवहन की उपयोगिता पर उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए ?

Explain the utility of pipeline transportation with example ?

15. भारत का मानचित्र बनाकर निम्नलिखित को प्रदर्शित करें ?

| | | |
|---|---|---|
| (क) खम्भात की खाड़ी | (ख) सिक्किम | (ग) नरोरा |
| (ध) पटना | (ड.) कोलकता | (च) चेन्नई |

Drow a Map of India and show the following :-

| | | |
|---|---|---|
| (a) Bay of Khambhat | (b) Sikkim | (c) Naraura |
| (d) Patna | (e) Kolkata | (f) Chennai |

OR

चाय की खेती की अनुकूल भौगोलिक दशाओं का उल्लेख करें तथा भारत में इसके उत्पादक क्षेत्रों का वर्णन कीजिए ।

Explain the Essential Geographical factors for cropping of wheat and describe its distribution patterns in India.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | - | C | 15. | - | D |
| 2. | - | C | 16. | - | A |
| 3. | - | A | 17. | - | D |
| 4. | - | C | 18. | - | B |
| 5. | - | D | 19 | - | C |
| 6. | - | A | 20. | - | C |
| 7. | - | C | 21. | - | C |
| 8. | - | B | 22. | - | D |
| 9. | - | B | 23. | - | C |
| 10. | - | A | 24. | - | A |
| 11. | - | A | 25. | - | B |
| 12. | - | D | 26. | - | B |
| 13. | - | D | 27. | - | C |
| 14. | - | D | 28. | - | C |

(लघु उत्तरीय प्रश्न) खण्ड– B

MODEL SET-9

1. वातावरणीय निश्चयवाद, निश्चयवाद/नियतिवाद संकल्पना का संशोधित रूप हैं। निश्चयवाद के अंतर्गत मनुष्य को प्रकृति का दास माना गया हैं जबकि वातावरणीय नियतिवाद के अनुसार मानव व वातावरण दोनों परस्पर अन्तर्सम्बन्धित हैं। यह कहना कठिन हैं कि कौन सा अधिक प्रभावी हैं। इस अवधारणा को भूगोल में लोन का श्रेय रॅटजेल महोदय को जाता हैं।

2. भारत में साक्षरता दर 7 वर्ष से अधिक आय वाले जनसंख्या के उस प्रतिशत को सूचित करता हैं, जो पढ़ लिख सकता हैं और जिसमें समझ के साथ अंक गणितीय परिकलन करने की योग्यता हैं।

3. वर्त्तमान समय में मानव की आर्थिक क्रियाएँ दिनोदिन बहुत ही विशिष्ट एवं जटिल होती जा रही हैं जिनमें क्रियाओं का नवीन रूप चतुर्थक क्रियाओं के रूप में सामने आया हैं। मानव की कानून, वित्त, शिक्षा, शोध और संचार से जुड़ी उन आर्थिक गतिविधियों को जो सूचना के संसाधन और सूचना के प्रसारण से संबंधित हैं, चतुर्थक क्रियाओं के अंतर्गत समिलित किया जाता हैं।

4. समुद्री नटों पर बंदरगाह और पत्तन अंतरराष्ट्रीय व्यापार के द्वार हैं जिनके रास्ते यात्री या भारी या भारी सामानों से लदे मालवाही जहाज विश्व के एक भाग से दूसरे भाग में आते जाते हैं। पत्तनों पर सामानों के जहाजों पर चढ़ाने उतारने की समुचित व्यवस्था, भारी क्रेन इत्यादि उपलब्ध रहते हैं।

5. नगरीकरण से तात्पर्य हैं कस्बों और नगरों में जनसंख्या का केन्द्रीयकरण। इस केन्द्रीयकरण के स्तर की माप देश की समस्त जनसंख्या में नगरीय जनसंख्या के प्रतिशत के रूप में की जानी हैं। भारत में नगरीकरण का स्तर 31% है (2011 की जनगणना के अनुसार)

6. महानगर का शाब्दिक अर्थ हैं बड़ा शहर। वस्तुतः 1957 में जीव गोटमैन ने महानगर और महा महानगर शब्दों का पहली बार प्रयोग किया था। दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है कि दस लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर को महानगर कहते हैं। भारत में महानगरों की संख्या निरंतर बढ़ रही हैं। जिनकी संख्या 2002 में 35 थी जो 2011 में बढ़कर 53 हो गई है।

7. जल विद्युत शक्ति का विकास उत्तर भारत में अधिक हुआ हैं। इसके तीन प्रमुख कारण है :–
   (i) उत्तर भारत की नदिया सदावाहिनी हैं जो गहरी, संकरी घाटियों से होकर गुजरती हैं।
   (ii) इन पर बांध बनाना एवं विद्युत उत्पादन करना सुगम हैं।
   (iii) उपजाऊ मैदान एवं कई महत्वपूर्ण औद्योगिक प्रदेशों से होकर बहने के कारण बिजली की माँग अधिक हैं।

8. शब्दों या संदेशों का संप्रेषण संचार कहलाता है। मनुष्य ने संदेशों के आदान प्रदान के लिए भाषाओं, बोलियों का विकास किया। दूर तक संदेशों को भेजने के लिए समय के साथ निरंतर परिर्वतन हुए है। जिसके अंतर्गत डाक व्यवस्था, टेलीग्राफ, टेलीफोन, रेडियो, टेलीविजन से लेकर वर्त्तमान समय में इंटरनेट को रखा जा सकता हैं।

9. किसी देश के आयात और निर्यात के मूल्यों के बीच के अंतर को व्यापार संतुलन कहते हैं। यदि निर्यात का मूल्य आयात के मूल्य से अधिक हो तो इसे अनुकूल व्यापार संतुलन कहा जाता हैं।. वहीं जब आयात का मूल्य निर्यात के मूल्य से अधिक हो तो उसे प्रतिकूल व्यापार संतुलन कहा जाता है।

10. कार्बन डाइ ऑक्साइड सूर्य से आने वाली तथा पृथ्वी से परावर्तित किरणों से अवरक्त (Infrared) किरणों को शोषित करती हैं और उष्मा के रूप में इन्हें चारों ओर विकीर्ण करती हैं। वस्तुतः अवरक्त किरणें ही उष्मा का करण हैं। कार्बन डाइ ऑक्साइड के इस गुण को ग्रीनहाउस प्रभाव कहते हैं।

11. भारत के चार वृहत्त औद्योगिक प्रदेशों के नाम निम्नलिखित हैं :–

    1. मुंबई–पुणे औद्योगिक प्रदेश
    2. हुगली औद्योगिक प्रदेश
    3. बंगलुरू–तामिलनाडु प्रदेश
    4. गुजरात–तामिलनाडु प्रदेश

12. जब कोई व्यक्ति राज्य के एक शहर से दूसरे शहर में जाकर निवास करता हैं तो इसे अन्तरराज्यीय प्रवास कहते हैं। इसके लिए किसी प्रकार की सरकारी आदेश की आवश्यकता नहीं हैं जबकि अन्तरर्राष्ट्रीय प्रवास में कोई व्यक्ति एक देश के किसी शहर से दूसरे देश के किसी शहर में आवास या निवास करता हैं, इसके लिए उसे सरकारी नियमों का संवैधानिक पालन करना पड़ता हैं।

(खण्ड–स)

## Answers (उत्तर माला)

## Long Answer Type Questions

13. यूरोपीय लोगों ने विश्व के अनेक भागों का औपनिवेशीकरण किया तथा कृषि के कुछ नए रूपों की शुरूआत हुई जैसे रोपण कृषि जो वृहद स्तरीय लाभोन्मुख उत्पादन प्रणाली है। यूरोपीय उपनिवेशों ने अपने अधीन उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में चाय, कॉफी, कोको, रबड़, कपास, गन्ना, केले एवं अनन्नास की पौध लगाई। रोपण कृषि की प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित हैं :–

I. रोपण कृषि के फार्म विशाल होते हैं।

II. इन्हें विरल जनसंख्या वाले क्षेत्रों में स्थापित किया जाता है।

III. इनमें काफी संख्या में श्रमिकों की जरूरत पड़ती है। स्थानीय श्रमिक नहीं मिलने पर इन्हें अन्यत्र से बुलाया जाता है।

IV. फार्मों की स्थापना और चलाने के लिए अधिक पूँजी की आवश्यकता होती है।

V. उच्च प्रबन्ध एवं तकनीकी आधार और वैज्ञानिक विधियों का प्रयोग किया जाता है।

VI. यह एक फसली कृषि है, जिसमें भौगोलिक दशाओं के अनुसार किसी एक फसल के उत्पादन पर ही संकेंद्रण किया जाता है।

VII. सभी फसलें व्यापार के लिए उपजायी जाती हैं। अतः फार्मों को या तो सुद्र तट के निकट बनाया जाता है या बागान और बाजार को सुचारू रूप से जोड़ने के लिए सड़क या रेलमार्ग का विकास किया जाता है।

VIII. कृषि उत्पादों को पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से फार्मों पर ही संसाधित किया जाता है।

IX. इसने अनेक देशों की अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है।

भिन्न–भिन्न देशों में उगायी जाने वाली कुछ प्रमुख रोपण फसल है– ब्राजील के कहवा, भारत और चीन में चाय, मलेशिया में रबर, पश्चिमी अफ्रीका में कोको, पश्चिमी द्वीपसमूह में गन्ना और केला, फिलीपीन्स में नारियल और ग्न्ना।

<u>अथवा (Or)</u>

जनसंख्या संक्रमण का सिद्धांत जनसंख्या वृद्धि से संबंधित नवीनतम सिद्धांत है। इस सिद्धांत के द्वारा जनसंख्या वृद्धि और आर्थिक विकास की प्रक्रियाओं के बीच संबंध स्थापित किया गया, जिसकी सहायता से किसी क्षेत्र की भविष्य में जनसंख्या का आकलन किया जा सकता है।

जनांकिकीय से संबंधित सिद्धांत का प्रतिपादन सर्वप्रथम 1929 में डब्ल्यू एस थाम्सन ने किया था जिसे 1945 में डब्लयू नोटेस्टीन ने संशोधित किया था। नोटेस्टीन ने विश्व की जनसंख्या के संक्रमण की तीन अवस्थाएँ बताई है :–

1. प्रथम अवस्था :–

प्रथम अवस्था में उच्च जन्म दर और उच्च मृत्यु दर होती है क्योंकि, लोग महामारियों और भोजन की अनिश्चित आपूर्ति से होने वाली मृत्यु की क्षतिपूर्ति अधिक पुनरूत्पादन से करते हैं। जनसंख्या वृद्धि धीमी होती है और अधिकांश लोग खेती में कार्यरत होते हैं जहाँ बड़े परिवारों को परिसंपत्ति माना जाता है। जीवन प्रत्याशा निम्न होती है, अधिकांश लोग अशिक्षित हैं और उनके प्रौद्योगिकी स्तर निम्न होते हैं। 200 वर्ष पूर्व विश्व के सभी देश इसी अवस्था में थे। वर्त्तमान समय में अफ्रीका महादेश के कुछ देश अर्थात अविकसित देश इस अवस्था के अंतर्गत आएँगे।

2. द्वितीय अवस्था :–

इस अवस्था के प्रारंभ में जन्म दर ऊँची बनी रहती है किंतु यह समय के साथ घटती जाती है। यह अवस्था घटी हुई मृत्यु दर के सथ आती है। स्वास्थ्य संबंधी दशाओं व स्वच्छता में सुधार के साथ मृत्यु दर में कमी लाती है। इस अंतर के कारण, जनसंख्या में होने वाला शुद्ध योग उच्च होता है।

वर्त्तमान समय में विकासशील देश जैसे भारत, पाकिसतान, बांग्लादेश इस अवस्था के अंतर्गत आते हैं।

3. तृतीय अवस्था :–

अंतिम अवसथा में जन्म दर और मृत्यु दर दोनों अधिक घट जाती है। जनसंख्या या तो स्थिर हो जाती है या मंद गति से बढ़ जाती है। जनसंख्या नगरीय शिक्षित हो जाती है तथा उसके पास तकनीकी ज्ञान होता है। ऐसी जनसंख्या विचारपूर्वक परिवार के आकार को नियंत्रित करती है। सभी विकसित देश इस अवस्था में आएंगे।

14. पाइप लाइनें परिवहन का नवीनतम साधन है। इनकी सहायता से जल, खनिज तेल और प्राकृतिक गैस का परिवहन भारी पैमाने पर किया जाता है क्योंकि, इसमें प्रवाह सतत रूप से होता है। विश्व के अनेक भागों में LPG गैस पाइपलाइन से रसोईघर तक उसी प्रकार पहुँचाई जाती है, जिस प्रकार शहारें में नलों द्वारा जल की आपूर्ति होती है। उद्योगों में विभिन्न प्रकार की ईंधन गैसें और ऑक्सीजन पाइपलाइनों से ही भट्टियों तक पहुँचाए जाती हैं। कोयले के चूर्ण का पानी में मिलाकर पाइपलाइन द्वारा एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजा जा सकता है।

संयुक्त राज्य अमेरिका में उत्पादन क्षेत्रों और उपभोग क्षेत्रों के बीच लगभग 1,60,000 कि0मी0 लंबी पाइपलाइन का सघन जाल बिछा है। 'बिग ईज' ऐसी ही प्रसिद्ध पाइपलाइन है जो मेक्सिको की खाड़ी में सिथ्त तेल के कुओं से उत्तर–पूर्वी राज्यों में तेल ले जाती है। अमेरिका के परिवहन का 17% भार का परिवहन पाइप से ही होता हैं ।

कुछ महत्वपूर्ण पाइपलाइनों का विवरण निम्नलिखित हैं ।

| क्र0सं | पइपलाइन | लंबाई (कि0 मी0) | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | ईस्ट साइबेरिया पैसिफिक तेल पाइपलाइन | 4070 | रूस के साइवेरिया के पूर्वी भाग की निर्माणाधीन परियोजना हैं। |
| 2. | बाक–तिबिल्ली–केहन पाइपलाइन | 1,766 | कैस्पियन सागर से भूमध्य सागर तक फैली इस पाइपलाइन से अजरबैजान, जार्जिया को केहन पत्तन से जोड़ा गया है। |
| 3. | लैगेल्ड गैस पाइपलाइन | 1,166 | इससे नार्वे से प्राकृतिक गैस ब्रिटेन तक पहुँचाई जाती है। |
| 4. | ध्रवजा गैस पाइपलाइन | 4,800 | इसे कोमेकोन फ्रेंडशिप पाइपलाइन भी कहा जाता है। |
| 5. | एनाब्रिज पाइपलाइन प्रणाली | 5,000 से अधिक | इससे कनाडा से कच्चा तेल अमेरिका पहुँचाया जाता है। |
| 6. | चीन की दूसरी ईसट–वेस्ट गैस पाइपलाइन | 8,704 | इससे शंघाई, झेझियांग, गुआंगडोग और डांगकांग को गैस की आपूर्ति की जाएगी जो निर्माणाधिन है। |
| 7. | तापी परियोजना | 1680 | 2010 को तकेमेनिस्तान(T), अफगानिसतान (A), पाकिसत (P) और भारत के बीच इस परियोजनाा के समझौते पर हस्ताक्षार हुआ है। |
| 8. | तुर्कमेनिसतान–उज्वेकिस्तान कजाकिस्तान–चीन पाइपलाइन | 4500 | तुर्कमेनिसतान से गैस लकने में भारत द्वारा मार्ग की सुरक्षा के कारणों से विलंब होते। |
| 9. | ईरान–पाकिस्तान–भारत पाइपलाइन | 2,775 | इस गैस पाइपलाइन पर अंतितम वार्ता 2007 में हुई थी। कुछ समझौतों के बाद इसका निर्माण होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। |
| 10. | भारत–बांग्लादेश–म्यांमार गैस पाइपलाइन | 1640 | इस पाइपलाइन के मार्ग का निर्णय नहीं हो पाया है। इससे अराकान क्षेत्र की गैस को भारत लाने की योजना है। |
| 11. | भारत–ओमान गैस पाइपलाइन | 2,000 | इस लाइन से तुर्कमेनिस्तान, ईरान और कतर की गैस संयुक्त अरब अमीरात, ओमान तथा भारत में बांटी जाएगी। |

भारत में असम के तेलकूपों से कच्चा खनिज तेल बरौनी के तेलशोधक कारखाने तक तथा मुंबई के तट के पास से प्राप्त कच्चा तेल मथुरा के तेलशोधक कारखानें तक पाइपलाइन से पहुँचाया जाता है। भारत में भी ईरान से प्राकृतिक गैस और तेल लाने के लिए एक पाइपलाइन का निर्माण विचाराधीन है। इसके बन जाने पर यह विश्व की सबसे बड़ी पाइपलाइन हो जाएगी।


अथवा (Or)

अटलांटिक और प्रशांत महासागरों को जोड़ने के लिए 1914 में इस नहर का निर्माण किया गया। अमेरिका ने पनामा शहर और कोलोन के बीच की रेखा के दोनो ओर 8 कि0मी0 के क्षेत्र में स्थित पनामा जलडमरूमध्य का भाग खरीदकर इसे पनामा जोन का नाम दिया। इस जोन में 80 कि0मी0 लंबी नहर बनाई गई। दोनो महासागरों का जलस्तर समान नहीं है। अतः 80 कि0मी0 के मार्ग में छह दरवाजे या द्वार बनाए गए हैं। इन जलपाशों के आरपार के जलस्तर में 26 मीटर का अंतर है। जहाजों को पूरब से इस नहर से पार कराते समय पहला जलपाश हटाते ही जहाज धीरे–धीरे 26 मीटर नीचे उतर जाता है। फिर, पहल जलपाश बंदकर दूसरा खोला जाता है जिससे जहाज पुनः नीचे उतरता है। इसी प्रकार एक–एक कर जलपाश खोलकर जहाज को प्रशांत महासागर में पहुँचाया जाता है। प0 से पूर्व जाने वाले जहाजों को भी इसी विधि से पार कराया जाता है।

इस नहर के बन जाने के बाद सबसे ज्यादा लाभ अमेरिका को ही हुआ। उत्तर–पूर्व के औद्योगिक क्षेत्र एवं पूर्वी तट के अनेक भागों से पश्चिमी तट के लॉस एंजिल्स, सैन फ्रांसिस्को इत्यादि क्षेत्रों में खाद्य सामग्री तथा अनेक अपयोगी सामानों को भारी मात्रा में लाने–जाने का एक सस्ता मार्ग मिल गया। अन्यथा केप हॉर्न से होकर जहाजों को गुजरने में न्यूयार्क से सैन फ्रांसिस्को जाने के लिए 13,000 कि0मी0 की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती थी।

स्वेज नहर की तुलना में पनामा का आर्थिक महत्व भले ही कम हो, परंतु लैटिन अमेरिकी देशों के लिए इसका आर्थिक महत्व बहुत अधिक है।

15




<u>अथवा (Or)</u>

चाय एक रोपण फसल है तथा पेय पदार्थ के रूप में चाय भारत में ही नहीं वरन विश्व में लोकप्रियता प्राप्त कर चुकी है। भारतीय बागान की खेती में इसका सबहसे महत्वपूर्ण स्थान है। हमारे निर्यात व्यापार में भी इसे सर्वोपरि स्थान मिला है।

चाय के उत्पादन की भौगोलिक आवश्यकताओं में मानसूनी जलवायु, कम से कम 150 सेंटीमीटर ग्रीष्मकालीन वर्षा, $21^0$ - $27^0$ c उच्च दैनिक तापमान, ढालू भूमि, लोहा और फॉस्फोरस से युक्त गहरी दोमट मिट्टी तथा सस्ते मजदूर प्रमुख है। भारत के उत्तर–पूर्वी एवं दक्षिणी पहाड़ी ढालों पर ये सभी आवश्यकताएँ पूरी हो जाती हैं। अतः इसकी खेती इन्हीं भागों में होती है।

चाय के तीन उत्पादक क्षेत्र हैं :–

1. उत्तर–पूर्व भारत –
   - (i) असम के ब्रह्मपुत्र तथा सुरमा की घाटियाँ और सार्दिया क्षेत्र।
   - (ii) पश्चिम बंगाल के दार्जलिंग और जलपाईगुड़ी जिले शामिल हैं।
2. दक्षिण भारत –

   जिसमें नीलगिरी,अनामलय और इलामलय पहाड़ी है जिसमें तामिलनाडु , केरल और कर्नाटक राज्यों के क्षेत्र आते हैं।
3. पश्चिम हिमालय –

   इसके अंतर्गत उत्तराखंड के पहाड़ी भाग और हिमाचल प्रदेश शामिल हैं।

भारत चाय का अग्रणी उत्पादक देश तथा विश्व का 28**%** चाय का उत्पादन करता है। चाय– निर्यातक देशों में भारत का श्रीलंका व चीन के पश्चात विश्व में तीसरा स्थान है। देश के कुल दत्पादन में आधे से अधिक भाग असम में पैदा होता है।

## Model set –X Geography

Time- 3 Hours 15 Minutes F.M. – 70

(समय : 3 घंटा 15 मिनट) पूर्णांक – 70

### Section- I Group – A

(खण्ड – अ) (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

(Objective Type Questions)

निम्नलिखित प्रश्न संख्या 1 से 28 में चार विकल्पों में से केचल एक सही है। आपको उस सही विकल्प को चुनना है:

From Question Nos. 1to 28 there are four options of which mne is correct. In each Question you have to choose that correct option :

(28x1=28)

1. सरदार सरोवर परियोजना किस नदी पर है ?

(क) नर्मदा नदी (ख) गंगा नदी (ग) कोसी नदी (घ) दामोदर नदी

Sardar Sarovar project is on

(a) Narmada river (b) Ganga River (c) Kosi River (d) Damodar River

2. बाबाबूदन पहाड़ी है –

(क) कर्नाटक में (ख) गोवा मे (ग) झारखण्ड में (घ) उड़ीसा में

Babubudan Hill is in –

(a) Karnatka (b) Goa (c) Jharkhand (d) Odisa

3. कौन–सा शहर 'तमिलनाडु का मैनचेस्टर' कहलाता है ?

(क) कोयंबटूर (ख) चेन्नई (ग) सलेम (घ) इनमें से कोई नहीं

(a) Coimbatore (b) Chennai (c) Salem (d) None of these

4. पनामा नहर जोड़ता है, पनामा नगर को

(क) पोर्ट सईद से (ख) कोलोन से (ग) होनो लूलू से (घ) लाल सागर से

Panama Canal connects Panama city to

(a) Port said (b) Cologne (c) Hono lulu (d) Red Sea

5. संदेशों का आदान–प्रदान कहलाता है–

(क) दूर संचार (ख) वक्तव्य (ग) परिवहन (घ) संचार

Exchange of Message is called

(a) Telecommunication (b) Statement (c) Trasport (d) Communication

6. किस वस्तु का निर्यात उदारीकरण के बाद बढ़ा है ?

(क) उर्वरक (ख) पेट्रोलियम (ग) इंजीनियरिंग (घ) इनमें से सभी

Export of which item has increased after liberalisaton ?

(a) Fertilizer (b) Petroleum (c) Engineering (d) All of these

7. मेगा नगर की जनसंख्या कितनी होती है ?

(क) 10 लाख (ख) 50 लाख से अधिक (ग) 50 लाख से कम (घ) 1 लाख

What is the population of a Megacity?

(a) 10 lakh (b) Over 50 lakh (c) Less than 50 lakh (d) 1 Lakh

8. किस फसल को 'उजला सोना' कहा जाता है ?

(क) जूट (ख) कपास (ग) गेहूँ (घ) गन्ना

which crop is known as 'White Gold' ?

(a) Jute (b) Cotton (c) Wheat (d) Sugarcane

9. किस खनिज को 'तरल सोना' कहा जाता है ?

(क) कोयला (ख) ताम्बा (ग) सोना (घ) पेट्रोलियम

which Mineral is known as 'Liquid Gold ?

(a) Coal (b) Copper (c) Gold (d) Petroleum

10. मनिपाल साफ्टवेयर तकनीकी पार्क कहाँ स्थित है ?

(क) चंडीगढ़ (ख) हिमाचल प्रदेश (ग) कर्नाटक (घ) झारखण्ड

Where is Manipal Software technology Park located ?

(a) Chandigarh (b) Himachal Pradesh (c) Karnataka (d) Jharkhand

11. दुर्गापुर इस्पात केन्द्र किस राज्य में अवस्थित है ?

(क) कर्नाटक (ख) तमिलनाडु (ग) प0 बंगाल (घ) आंध्र प्रदेश

In which state Durgapur Steel plant is situated ?

(a) Karnataka (b) Tamilnadu (c) West Bengal (d) Andhra Pradesh

12. मयूरभंज लौह–अयस्क दत्पादक क्षेत्र है ?

(क) झारखण्ड में (ख) ओडिसा में (ग) मध्यप्रदेश में (घ) छत्तीसगढ़ में

Mayurbanj Iron-ore producing area is in ?

(a) Jharkhand (b) Odisa (c) Madhya pradesh (d) Chhattisgarh

13. निम्नलिखित में से कौन–सा पत्तन पूर्वी तट पर स्थित है ?

(क) काण्डला (ख) मुम्बई (ग) न्यू मंगलोर (घ) चेन्नई

Which of the following ports is situated on eastern coast ?

(a) Kandla (b) Mumbai (c) New Mangalore (d) Chennai

14. औद्योगीकरण से कौन–सा प्रदूषण होता है ?

(क) जल प्रदूषण (ख) वायु प्रदूषण (ग) ध्वनि प्रदूषण (घ) इनमें से सभी

Which pollution is caused by Industrialization ?

(a) water pollution (b) Air pollution (c) Noise pollution (d) All of these

15. लिम्नलिखित में से किस नदी की जल उपयोगिता सबसे अधिक है ?

(क) कृष्णा (ख) ब्रह्मपुत्र (ग) गंगा (घ) गोदावरी

Water utilization of which of the following rivers is Maximum ?

(a) Krishna (b) Brahmputra (c) Ganga (d) Godavari

16. "मानव भूगोल क्रियाशील मानव और अस्थायी पृथ्वी के परिवर्त्तनशील सम्बन्धों का अध्ययन है।" ये किसने कहा ?

(क) रीटर (ख) रैटजेल (ग) कुमारी सैम्पल (घ) टेलर

"Human Geography is the study of changing relationship between unresting man and unstable Earth." Who said this ?

(a) Ritter (b) Ratzel (c) Miss Semple (d) Taylor

17. किसी झील के चारों ओर बसा गाँव किस प्रतिरूप में आयेगा ?

(क) अरीय (ख) निहारिकीय (ग) नाभिकीय (घ) तारा

Village settled around a lake will come under which pattern ?

(a) Radial (b) Nebular (c) Nuclear (d) Star

18. 2011 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से किस राज्य का जनसंख्या घनत्व निम्नतम है ?

(क) अरूणाचल प्रदेश (ख) मेघालय (ग) बिहार (घ) केरल

Which of the following states has least population density according to 2011 census ?

(a) Arunachal Pradesh (b) Meghalaya (c) Bihar (d) Kerala

19. विश्व का सबसे बड़ा तृतीय क्रियाकलाप कौन–सा है ?

(क) खनन (ख) पर्यटन (ग) गायन (घ) शिक्षण

Which is the world's largest tertiary activity ?

(a) Mining (b) Tourism (c) Singing (d) Teaching

20. काबस जी डावर ने किस स्वचालित उद्योग की स्थपना की ?

(क) लोहा और–इस्पात उद्योग (ख) चीनी उद्योग (ग) सूती वस्त्र उद्योग (घ) इनमें से कोई नहीं

Which automatic industry was established by Kabas Ji Dawar ?

(a) Iron and steel industry (b) Sugar Industry (c) Cotton Textile Industry (d) None of these

21. रावत भाटा परमाणु ऊर्जा संयंत्र किस राज्य में अवस्थित है ?

(क) उत्तर प्रदेश (ख) आंध्रप्रदेश (ग) राजस्थान (घ) कर्नाटक

In which state is Rawat Bhata Atomic power plant situated ?

(a) Uttar Pradesh (b) Andhra Pradesh (c) Rajsthan (d) Karnataka

22. नव–निश्चयवाद के प्रवर्त्तक कौन है ?

(क) टेलर (ख) हम्बोल्ट (ग) रैटजेल (घ) ब्लाश

Who is the profounder of Neo-determinism ?

(a) Tylor (b) Humboldt (c) Ratzel (d) Blache

23. भारत की सबसे अधिक प्रदूषित नदी कौन है ?

(क) गंगा (ख) यमुना (ग) महानदी (घ) नर्मदा

Which river is highly polluted in India ?

(a) Ganga (b) Yamuna (c) Mahanadi (d) Narmada

24. निम्नलिखित में से कौन चीनी का पहला सबसे बड़ा उत्पादक है ?

(क) महाराष्ट्र (ख) पंजाब (ग) उत्तरप्रदेश (घ) तमिलनाडु

Which one of the following is the first largest producer of Sugar ?

(a) Maharashtra (b) Punjab (c) Uttar Pradesh (d) Tamil Nadu

25. कौन–सी गतिविधि ग्रामीण भारत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है ?

(क) मछलीपालन (ख) खनन (ग) शिकार करना (घ) पशुपालन

Which activity plays an important role in rural India ?

(a) Fisheries (b) Mining (c) Hunting (d) Animal husbandry

26. निम्नलिखित में से कौन–सा नगर नदी तट पर अवस्थित नहीं है ?

(क) पटना (ख) आगरा (ग) भोपाल (घ) कोलकाता

Which one of the following towns is not located on a river bank ?

(a) Patna (b) Agra (c) Bhopal (d) Kolkata

27. रबी की फसल पैदा हेती है ?

(क) शीत ऋतु में (ख) वर्षा ऋतु में (ग) ग्रीष्म ऋतु में (घ) सभी ऋतु में

Rabi crops are grown in ?

(a) Winter Season (b)Rainy Season (c) Summer Season (d) All Season

28. 'ज्योग्राफिया जेनरालिस' के लेखक कौन है ?

(क) सेंपुल (ख) वारेनियस (ग) रैटजेल (घ) डार्विन

Who is the writer of "Geographia Generalis ?

(a) Semple (b) Varenius (c) Ratzel (d) Darwin

## Section-II (भाग-II)
## (None-ObjectiveType Questions)
### गैर–वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न संख्या 1 से 12 तक लघु उत्तरीय हैं। सभी 12 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।

(12x2=24)

Question Nos-1 to 12 are short answer type. Answer all the 12 Questions. Each Question carries 2 marks.

(12x2=24)

1. पृष्ठ प्रदेश क्या है ?
   What is hinter land ?
2. जल प्रदूषण की रोकथाम के लिए दो महत्वपूर्ण सुझाव दें।
   Give two Important suggestions to control water pollution.
3. भारत के दो वृहत औद्योगिक प्रदेशों के नाम लिखें।
   Mention two major industrial regions of India.
4. चाय की खेती के लिए आदर्श परिस्थितियाँ क्या होनी चाहिए ?
   What should be the ideal conditions for Tea cultivaton ?
5. कच्चे माल के आधार पर उद्योगों को वर्गीकृत करें।
   Classify the industries on the basis of raw materials.
6. मोहाली तथा जमशेदपुर के महत्व का उल्लेख करें।
   Mention the importance of Mohali and Jamshedpur.
7. योजना आयोग का गठन कब हुआ था ? इसके दो कार्यों को लिखें।
   When was planning commission constituted ? Write its two functions.
8. आधारभूत उद्योग क्या है ? अदाहरण दें।
   What are basic Industries ? Give examples.
9. मानव भूगोल को परिभाषित करें।
   Define Human Geography.
10. जन्म दर एवं मृत्यु दर के बीच स्पष्ट करें।
    Differentiate between birth rate and death rate.
11. सार्क का पूरा नाम कया है ? इसका मुख्यालय कहाँ है।
    What is the full name of SARC ? Where is its head Quarters?
12. भारत द्वारा चंद्रमा पर भेजा गया पहला मानवरहित अंतरिक्ष यान कौन था ?
    Which was the first spacecraft without man sent to the moon by India ?

Group – A 'खण्ड – स'

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

## Long Answer Type Questions

प्रश्न संख्या 13 से 15 दीर्घ उत्तरीय हैं। सभी 3 प्रश्नों के उत्तर दें।

प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक निर्धारित है। (3x6=18)

Question Nos. 13 to 15 are long answer Type . Answer all the 3 Questions.
Each Question carries 6 marks. (3x6=18)

13. उदारीकरण, निजीकरण एवं वैश्वीकरण से आप क्या समझते हैं ?
भारत के औद्योगिक विकास पर इसके प्रभावों की विवेचना किजीए।
What do you understand by Liberalisation, Privatisation and Globalisation?
Discuss its impacts on industrial development of India.

अथवा (Or)

भारत में गेहूँ के उत्पादन एवं वितरण का वर्णन करें।
Describe the production and distribution of wheat cultivation in India.

14. भारत में जनसंख्या के असमान वितरण के कारकों की विवेचना करें।
Discuss the factors for uneven distribution of Population in India.

अथवा (Or)

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में उत्तरी अटलांटिक समुद्री मार्ग के महत्व का वर्णन करें।
Describe the importance of North Atlantic Ocean Route in international trade.

15. भारत का मानचित्र बनाकर निम्नलिखित को प्रदर्शित करें :–

(क) भिलाई (ख) बरौनी (ग) मोहाली

(घ) कांडला पत्तन (ड.) कैगा (च) चेन्नई

Draw a map of India and show the following :-

(a) Bhilai (b) Barauni (c) Mohali

(d) Kandla Port (e) Kaiga (f) Chennia

अथवा (Or)

भारत में पेट्रोलियम के उत्पादन एवं वितरण का विवरण दें।
Give an account of the production and distribution of Petroleum in India.

## Answers (उत्तर माला)

### Objective Type Questions

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (क) | (2) | (क) | (3) | (क) |
| (4) | (ख) | (5) | (घ) | (6) | (ग) |
| (7) | (ख) | (8) | (ख) | (9) | (घ) |
| (10) | (ग) | (11) | (ग) | (12) | (ख) |
| (13) | (घ) | (14) | (घ) | (15) | (ग) |
| (16) | (ग) | (17) | (ख) | (18) | (क) |
| (19) | (ख) | (20) | (ग) | (21) | (ग) |
| (22) | (क) | (23) | (ख) | (24) | (क) |
| (25) | (घ) | (26) | (ग) | | |
| (27) | (क) | (28) | (ख) | | |

## Answers (उत्तर माला)
## Short Answer Type Questions

2. किसी बंदरगाह या नगर के आस–पास के सेवा क्षेत्र को पृष्ठप्रदेश (Hinterland) कहा जाता है। इसकी सीमाओं का चिह्नांकन मुश्किल होता है क्योंकि यह क्षेत्र सुस्थिर नहीं होता है।

3. जल प्रदूषण की रोकथाम के लिए दो महत्वपूर्ण सुझाव निम्न है :–
   - (i) नगरों की गन्दगी को सीधे ही आस–पास के जल स्त्रोतों में नहीं मिलने देना चाहिए। उसे परिष्कृत किया जाना चाहिए।
   - (ii) औद्योगिक क्षेत्रों से निकले अपशिष्ट को बिना शोधित किए जल स्त्रोतों में नहीं मिलने देना चाहिए।

3. भारत के दो वृहत औद्योगिक प्रदेश निम्न है :–
   - (i) मुम्बई–पुणे औद्योगिक प्रदेश
   - (ii) हुगली औद्योगिक प्रदेश

4. चाय की खेती के लिए आदर्श परिस्थितियाँ :–
   1. तापमान – $20^0$ - $30^0$ c
   2. वर्षा – 150 - 200 cm
   3. मिट्टी – पोटाश, लोहा एवं जीवांश से युक्त
   4. भूमि – पहाड़ी ढालू ताकि जड़ों में पानी जमने न पाये
   5. श्रमिक – सस्ते, पर्याप्त एवं कुशल

5. कच्चे माल के आधार पर उद्योगों को प्रायः निम्न भागों में बाँटा जा सकता है :–
   - (क) कृषि पर आधारित उद्योग
   - (ख) खनिज पर आधारित उद्योग
   - (ग) वनों पर आधारित उद्योग
   - (घ) पशुपालन पर आधारित उद्योग

6. मोहाली सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क के लिए प्रसिद्ध है। जमशेदपुर झारखण्ड का प्रमुख लौह–इस्पात औद्योगिक नगरी है। इसे लौह नगरी (Iron city) कहा जाता है।

7. योजना आयोग का गठन मार्च 1950 ई0 को हुआ था। इसके दो कार्य निम्नलिखत हैं :–
   1. देश के संसाधन, मुद्रा तथा मानव संसाधनों का मूल्यांकन करना
   2. देश के संसाधनों के प्रभावपूर्ण तथा संतुलित उपयोग की योजना बनाकर संतुलित नियोजन विकास करना।

8. ऐसे उद्योग जिस पर अन्य उद्योगों का विकास निर्भर करता है, उसे आधारभूत उद्योग कहते है। इसके अन्तर्गत वैसे उत्पाद आते हैं, जिनका उपयोग बहुत सारे उद्योग के कच्चे माल के रूप में अपने उत्पाद प्रक्रिया में करते हैं। लोहा इस्पात उद्योग आधारभूत उद्योग है।

9. मानव भूगोल भूगोल की वह शाखा है जो मानव–वातावरण अन्तर्सम्बन्धों के अध्ययन के साथ–साथ तद्जनित भू–दृश्यों के अध्ययन से सम्बन्धित है। रैटजेल के अनूसार– ''मानव भूगोल मानव समाजों और धरातल के बीच संबंधों का संश्लेषित अध्ययन है।''

10. एक वर्ष में प्रति हजार जनसंख्या पर जीवित जन्म लेने वाले बच्चों की कुल संख्या जन्मदर कहलाती है। वहीं एक वर्ष में प्रति हजार जनसंख्या पर मरने वाले लोगें की कुल संख्या मृत्युदर कहलाता है।

11. सार्क (SAARC) का पूरा नाम है– दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (South Asian Association for Regional Co-opration) । इसका मुख्यालय काठमाण्डू (नेपाल) में है।

12. भारत द्वारा चंद्रमा पर भेजा गया पहला मानवरहित अंतरिक्ष यान चन्द्रयान है।

# Answers (उत्तर माला)

## Long Answer Type Questions

13. 1991 में भारत में अभूतपूर्व आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया था। विदेशी मुद्रा का भंडार समाप्त हो रहा था। नये ऋण नहीं मिल रहे थे और विदेशी निवेश वापस होने लगे थे। इन समस्याओं के समाधान के लिए जुलाई 1991 मे नई आर्थिक नीति लागू की गई, जिसके अन्तर्गत नई औद्योगिक नीति भी लागू हुई। इस नीति के तीन मुख्य लक्ष्य हैं :–

उदारीकरण :– उदारीकरण आर्थिक विकास की एक प्रक्रिया है, जिसके द्वारा उद्योगों और व्यापार को लालफीताशाही के अनावश्यक प्रतिबंध से मुक्त किया जाता है। इसमें सार्वजनिक क्षेत्र के स्थान पर निजी क्षेत्र में उद्योगों को चलाने पर बल दिया जाता है।

निजीकरण :– निजीकरण का अर्थ है देश के अधिकतर उद्योगों के स्वामित्व, नियंत्रण तथा प्रबंध का निजी क्षेत्र में किया जाना।

वैश्वीकरण :– देश की अर्थव्यवस्था को संसार की अर्थव्यवस्था के साथ एकीकृत करने की प्रक्रिया को वैश्वीकरण कहते हैं।

भारत के औद्योगिक विकास पर इसके प्रभाव निम्न हैं :–

1. विदेशी पूँजी का सीधा निवेश किया जा सकता है।
2- व्यापारिक प्रतिबंध समाप्त हो जाते हैं जिससे देश में बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के आने की सुविधा हेती है।
3- भारतीय कम्पनियों को विदेशी कम्पनी के साथ प्रवेश करने का अवसर मिलता है।
4- इससे संसार के प्रायः सभी देशों को विकास का अवसर प्राप्त होता है।

<u>अथवा (Or)</u>

भारत में चावल के बाद गेहूँ दूसरा प्रमुख अनाज है। यह शीतोष्ण कटिबंधीय फसल है। देश के कुल बोये क्षेत्र के लगभग 14% भाग पर गेहूँ की कृषि की जाती है। इसके लिए बोते समय $10^0$ - $15^0$ c तापमान तथा पकते समय 10 - 15 cm वर्षा उपयुक्त होती है। हल्की दोमट मिट्टी इसकी खेती के लिए उपयुक्त है।

उत्पादन :–

इन भौगोलिक सुविधाओं के कारण देश में गेहूँ का उत्पादन 1950–51 में 6.5 लाख टन था, जो 2005–06 में 6.95 करोड़ टन हो गया । भारत विश्व का 12% गेहूँ उत्पादन करता है। पंजाब व हरियाणा में गेहूँ की उतपादकता 4000 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर है। 1950–51 में 98 लाख हेक्टेयर तथा 2005–06 में 2.66 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र पर गेहूँ का उत्पादन किया गया।

वितरण :–

भारत में गेहूँ का उत्पादन मुख्य रूप से पाँच प्रमुख राज्यों में होता है, ये राज्य हैं– उत्तर प्रदेश पंजाब, हरियाणा, राजस्थान तथा मध्यप्रदेश। गेहूँ के कुल उत्पादन का आधा भाग पंजाब एवं उत्तर प्रदेश से आता है। पंजाब में गेहूँ का प्रति हेक्टेयर उत्पादन अधिक है। मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश तथा जम्मू–काश्मीर में गेहूँ की कृषि वर्षा पर आधारित है तथा उत्पादकता कम है। गेहूँ उत्पादक मानचित्र से यह पता चलता है कि देश के उत्तर–पूर्वी राज्यों , दक्षिण–पूर्वी राज्यों एवं सुदूर पश्चिमी भागों को छोड़ कर समस्त भागों में इसकी खेती की जाती है।

14. भारत में जनसंख्या का असमान वितरण पाया जाता है इसके लिए कई भौगोलिक कारक जिम्मेवार है :–

1. उच्चावच :–

विशाल भौगोलिक क्षेत्रफल वाले देश भारत में उच्चावच की दृष्टि से पहाड़, पठार एवं मैदान तथा तटीय क्षेत्र पाये जाते हैं।इनमें पहाड़ की तुलना में पठार तथा पठार की तुलना में मैदान एवं मैदानों की तुलना में तटीय क्षेत्र जनसंख्या बससाव के लिए उत्तम परिस्थितियाँ उत्पन्न करती है।

2. जलवायु :–

तापमान एवं वर्षा जैसे तत्व जनसंख्या के वितरण को प्रभवित करते हैं। हिमालय तथा उच्च पर्वतीय भागों एवं गर्म मरूस्थलीय भागों में विरल जनसंख्या पाई जाती है जबकि साधारण तापमान एवं वर्षा वाले क्षेत्रों में सघन जनसंख्या पाई जाती है।

3. औद्योगिक विकास :–

औद्योगिक रूप से विकसित क्षेत्रों में रोजगार के अवसर अधिक उपलब्ध हेते हैं। इस कारण ऐसे क्षेत्रों में जनसंख्या का घनत्व अधिक पाया जाता है। जमशेदपुर, पुणे, बंगलोर, कानपुर, हैदराबाद ऐसे ही उच्च घनत्व वाले क्षेत्र हैं।

4. नगरीकरण :–

उच्च नगरीकरण वाले क्षेत्रों यानी बड़े नगरों एवं महानगारें में उच्च घनत्व पाया जाता है।

5. सामाजिक कारण :–

समाजिक कारण भी जनसंख्या के असमान वितरण का एक कारक है। जनसंख्या के जमाव पर सामाजिक परम्पराएँ भी अपना प्रभाव डालती है। स्वभाव से ही मनुष्य उन स्थानों पर रहना चाहता है जहाँ उसकी सम्पत्ति और शरीर की सुरक्षा होती है।

6. परिवहन के मार्ग एवं व्यापार :–

जीवन–निर्वाह के साधनों की उपलब्धता और जलवायु के बाद किसी स्थान की जनसंख्या पर वहाँ पायी जाने वाली परिवहन की सुविधाओं एवं व्यापार का बड़ा प्रभाव पड़ता है।


इन प्रमुख कारणों के अलावा सांस्कृतिक एवं धार्मिक कारणों से भी देश में जनसंख्या का वितरण असमान मिलता हैं।

<u>अथवा (Or)</u>

उत्तरी अटलांटिक मार्ग औद्योगिक दृष्टि से विकसित विश्व के दो प्रदेशों उत्तर–पूर्वी संयुक्त राज्य अमेरिका और पश्चिमी यूरोप को मिलाता है। विश्व का एक चौथाई विदेशी व्यापार इस मार्ग द्वारा परिवहित होता है। इसलिए यह विश्व का व्यस्ततम व्यापारिक जलमार्ग है। दूसरे अर्थो में इसे 'वृहद् ट्रंक मार्ग' कहा जाता है। इसमें दोनों तटों पर पत्तन और पोताश्रय की उत्तम सुविधाएँ उपलब्ध है। विश्व में सबसे अधिक व्यापारिक सम्बन्ध इन्हीं दोनों भागों के मध्य होता रहा है।

इस मार्ग पर पश्चिमी यूरोप के मुख्य बंदरगाह लिवरपुल, मैनचेस्टर, लंदन, रॉटरडम, हैम्बर्ग, लिस्बन और एमस्टरडम हैं जो उत्तरी अमेरिका के पूर्वी किनारे के पत्तनों मॉण्ट्रियल, हैलीफैक्स, सेंटजॉन, बोस्टन, न्यूयार्क तथा फिलाडेलफिया से जोड़ते हैं। यह मार्ग सघन देशों के मध्य है तथा इसमें किनारे पर सभी प्रकार के उद्योगों का विकास हुआ है। दोनों किनारों पर पर्याप्त मात्रा में ईंधन मिलता हैं। इस मार्ग द्वारा सबसे अधिक व्यापार किया जाता है।

15.



<u>अथवा (Or)</u>

Petroleum शब्द लैटिन भाषा के दो शब्द पेट्रा और ओलियम से मिलकर बना है। पेट्रा का अर्थ चट्टान तथा ओलियम का अर्थ तेल होता है। अतः इसे चट्टानी तेल भी कहा जाता है। आधुनिक समय में इसकी बढ़ती महत्ता के कारण इसे ''तरल सोना'' (Liquid gold) कहा जाता है। भारत में पेट्रोलियम टरशियरी युग की शैल संरचनाओं में पाया जाता है। विशेषज्ञों की मान्यता है कि देश के लगभग 14 लाख वर्ग k.m. क्षेत्र में तेल के भंडार हैं। इसके अतिरिक्त महाद्वीपीय मग्नतट के लगभग 3 लाख वर्ग k.m. क्षेत्र में फैली परतदार चट्टानों में भी पेट्रोलियम होने का अनुमान हैं।

उत्पादन :– देश में पेट्रोलियम का उत्पादन लगातार बढ़ता जा रहा है। 1951 में 2.69 लाख टन तेल का उत्पादन हुआ जो 1962 में 10.8 लाख टन, 1996 में 3.45 करोड़ टन, 1999 में 3.29 करोड़ टन तथा 2006 में 3.20 करोड़ टन हो गया। इन आँकड़ों से स्पष्ट है कि देश में पेट्रोलियम का उत्पादन आरंभ में बढ़ा, 1980–81 एवं 1990–91 के दौरान इसके उत्पादन में काफी वृद्धि हुई। परन्तु इसके बाद से इसका उत्पादन में धीमी गति से वृद्धि एवं कमी की प्रवृत्ति जारी है।

वितरण :– आज भारत में पेट्रोलियम के तीन प्रमुख उत्पादक राज्य हैं :– असम, महाराष्ट्र और गुजरात। असम में डिगबोई, नहरकटिया, हुगरीजन, मोरान, लखीमपुर पेट्रोलियम उत्पादक क्षेत्र है। यह देश का सबसे पुराना पेट्रोलियम उत्पादक क्षेत्र है। डिगबोई में सबसे पहले पेट्रोलियम का उत्पादन प्रारंभा हुआ। गुजरात में प्रमुख पेट्रोलियम उत्पादक क्षेत्र अंकलेश्वर, मेहसाना, कोसांबा, कलोल, बलोल तथा लुनेज है। महाराष्ट्र भारत का सबसे बड़ा पेट्रोलियम उत्पादक राज्य है। मुंबई हाई इस राज्य का सबसे प्रमुख क्षेत्र है। यह मुंबई से 175 k.m. दूर उत्तर पश्चिम दिशा में अरब सागर में स्थित है। यहाँ सागर सम्राट नामक मंच बनाया गया है। यह वास्तव में एक जलयान है, जो समुद्र में तेल के कुएँ खोदने का काम करता है। इसके अलावा कृष्णा–गोदावरी, कावेरी बेसिन तथा बाड़मेर बेसिन में भी पेट्रोलियम मिला है।